हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## जंतर-मंतर पर देर रात फिर तनाव

# पुलिस और सीजेपी समर्थकों में झड़प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी छात्रों का विरोध प्रदर्शन बुधवार देर रात अचानक हिंसक रूप ले बैठा। मिली जानकारी के अनुसार, देर रात जंतर-मंतर के सामने सड़क पर कई छात्र एकत्र थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस के कुछ जवान छोटे-छोटे समूहों में वहां से गुजर रहे थे। किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद छात्रों ने पुलिसकर्मियों के पीछे भागना शुरू कर दिया और कुछ दूरी पर एक-दो जवानों को पकड़ लिया। खुद को छुड़ाने के लिए पुलिसकर्मियों ने लाठियां चलाईं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई और छात्र आक्रोशित हो उठे। मामला बढ़ता देख दिल्ली पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की भारी तैनाती की गई। स्थिति को नियंत्रण में लाने और भीड़ को खदेड़ने के लिए आरएएफ ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस हिंसक झड़प में एक एसीपी सहित कई जवान घायल हो गए।

- **आरएएफ ने छोड़े आंसू गैस के गोले**
- **एक एसीपी सहित कई जवान घायल**





1 पटना में शिक्षा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, पुलिस ने लाठी भांजी

2 छात्रों के समूह पर पानी की बौछार व आंसू गैस के गोले छोड़े

## युवाओं के 'गुस्से' को विपक्ष ने संसद में अपना 'स्टैंड' बनाया

# पहले धर्मेंद्र प्रधान का 'इस्तीफा', फिर 'चर्चा'

- राहुल समेत कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे
- हंगामे के बीच दोनों सदन की कार्यवाही स्थगित
- सरकार ने कहा- हम चर्चा करना चाहते हैं पर विपक्ष राजनीति कर रहा



राज्यसभा में खरगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। सदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिन से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे।

विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं।

छात्रों का अनशन 24वें दिन भी जारी है। जंतर-मंतर पर शाम को प्रदर्शनकारी फिर बढ़ गए। धरने पर वे लोग भी नजर आए जो एक दिन पहले संसद मार्च के दौरान पुलिस की लाठियों, आंसू गैस के गोलों का शिकार हुए थे। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**यह भी जानना जरूरी**

### 29 साल पहले प्रधान ने भी पेपर लीक पर खाईं थी लाठियां



प्रधान के चेहरे पर लगी थीं चोट

29 साल पहले पेपर लीक मुद्दे पर धर्मेंद्र प्रधान ने भी विरोध प्रदर्शन किया था। 1997 में ओडिशा में एक पेपर लीक हुआ था, तब ▶▶ शेष पेज 4 पर

*अन्ना हजारे का पीएम मोदी को पत्र ... कहा*

### मंत्री का इस्तीफा लेने से कमजोर नहीं होगी सरकार



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली में जारी छात्र आंदोलन के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। उन्होंने आंदोलन के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बात करना है तो सरकार खुद आए: दीपके



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने ऐलान किया कि अब उनकी तरफ से कोई भी सरकार से बात करने नहीं जाएगा, बल्कि सरकार को ही जंतर-मंतर पर बात करने के लिए आना होगा।

## प्रेस कांफ्रेंस में राहुल बोले-पुलिसवालों ने मेरे कान में कहा: सरकार को हटाइए

# मुझे घसीटा, मुंह से खून आया, मुक्के लगे, लेकिन प्रधान को जाना ही होगा

- साढ़े 7 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए, लेकिन जवाबदेही किसी की नहीं
- महिलाओं के साथ बर्बरता की गई, पैलेट गन का भी इस्तेमाल किया
- अब तक 152 से ज्यादा पेपर लीक हुए, सजा किसी को नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सबसे पहले अपने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई।

राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा। महिलाओं के साथ पुलिस बदसलूकी करते दिख रही है। डीसीपी संदीप लांबा पर लड़की को थप्पड़ मारने के आरोप लग रहे हैं। प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। एक छात्र के शरीर पर बंदूक के छर्रे दिखाई दिए। हालांकि, पुलिस ने पैलेट गन के इस्तेमाल के दावे को खारिज किया है। छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस अचानक उन पर लाठीचार्ज कर देती है। वीडियो में दिखाया गया कि किसी छात्रों के सिर से खून बह रहा तो किसी छात्र को पुलिस घसीट रही है।



राहुल ने वीडियो दिखाए

**नीट का खर्च देश के शिक्षा बजट से ज्यादा**

**राहुल ने कहा**

1.4 लाख करोड़ भारत सरकार का शिक्षा बजट है। 1.32 लाख करोड़ भारतीय परिवार नीट एग्जाम पर खर्च करते हैं। नीट का खर्च देश के शिक्षा बजट से ज्यादा है।

**राहुल ने रखीं 3 मांगें**

पहली- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें

दूसरी- छात्रों को पीटने वालों पर कार्रवाई हो

तीसरा- पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगें

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को दावा किया कि सीजेपी का आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट डिसेबल कर दिया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज़िम्मेदार ठहराया। बता दें कि इससे पहले मई 2026 में आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत सीजेपी का ट्विटर हैंडल भारत में ब्लॉक कर दिया गया था, जिसके बाद बैकअप और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कॉकरोचों पर लाठीचार्ज: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार**

# मुख्य न्यायाधीश बोले- वीडियो देखने का वक्त नहीं, हमारा वक्त बर्बाद न करें

**सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा- लाठीचार्ज की जांच हो**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उसे देखने का समय नहीं है। जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा कि हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए। गौर हो कि15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। इस टिप्पणी के बाद ही अभिजीत दीपके ने इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से संगठन बनाया था। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने निर्दोष छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस कार्रवाई में कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और समय से जांच होनी चाहिए। जिम्मेदार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**छात्राओं से छेड़छाड़ और लाठीचार्ज का मामला**

## दिल्ली हाई कोर्ट का दिल्ली पुलिस को नोटिस, फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश





याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने कहा- 90 से ज्यादा प्रदर्शनकारी गंभीर जख्मी

दिल्ली हाई कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज और सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने के मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस देवेंद्र उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट में याचिकाकर्ताओं के वकीलों एन. हरिहरन, विकास सिंह और संजय हेगड़े ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल ▶▶ शेष पेज 4 पर





काले कपड़ों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल और अन्य नेता

**पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में प्रदर्शन**

# प्रदर्शनकारियों के गुस्से की आग दिल्ली से कई राज्यों तक पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक और परीक्षा में धांधली जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों का आक्रोश जंतर-मंतर (दिल्ली), पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में फैल गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी के साथ छात्रों ने उच्च स्तरीय जांच और पारदर्शी प्रणाली की मांग की है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारी संख्या में छात्र विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना के विश्वविद्यालयों/कैंपसों से भी व्यापक रैलियों और धरनों की तस्वीरें सामने आई हैं। बिहार की राजधानी पटना में पेपर लीक और धांधली के खिलाफ छात्रों का गुस्सा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- बिहार में छात्रों को पुलिस ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा
- छात्रों ने पत्थरबाजी की, पुलिस की गाड़ियों को तोड़ा



पीसीसी मुख्यालय पर कांग्रेस नेता इस अंदाज में दिखे

**राहुल गांधी के विरोध में भाजपा का रेडक्रॉस चौराहे पर प्रदर्शन**

### पुलिस ने पीसीसी जाने से रोका कांग्रेसी वहां फूल लेकर खड़े थे

**भोपाल।** दिल्ली में पीएम आवास पर राहुल गांधी के प्रदर्शन के विरोध में बुधवार को भाजपा ने भोपाल के रेड क्रॉस चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। उन्हें पीसीसी तक जाने नहीं दिया। खंडेलवाल ने कहा कि वे केवल चेतावनी देने आए थे। दूसरी तरफ, कांग्रेस कार्यकर्ता दफ्तर के बाहर भाजपा के लोगों के लिए फूल लेकर खड़े थे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अस्पताल आकर मुलाकात की



मेदांता के बाहर सांसद संजय सिंह की पुलिस से बहस

**तभी अनशन समाप्त जब सरकार भरोसा दे कि युवा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की कानूनी कार्रवाई नहीं होगी**

# सोनम वांगचुक ने कहा-जीना चाहता हूं पर युवाओं के भविष्य की कीमत पर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर अस्पताल आकर मुलाकात करने और अनशन खत्म करने की अपील के लिए धन्यवाद दिया है। वांगचुक ने कहा कि मंत्रियों के साथ बातचीत के दौरान सरकार की ओर से कुछ मांगों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन मिला है। इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने भी उनसे अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया है। वांगचुक ने स्पष्ट किया कि वह जीना चाहते हैं और अपने शिक्षा संबंधी कार्यों में लौटना चाहते हैं, लेकिन युवाओं के भविष्य की कीमत पर नहीं।



उन्होंने अपना अनशन खत्म करने के लिए सरकार से बिना शर्त आश्वासन मांगा है।

आंदोलन में शामिल किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि सरकार यह लिखित या स्पष्ट आश्वासन देती है, तो वह अपना अनशन समाप्त कर देंगे। आश्वासन न मिलने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखने की चेतावनी दी है। उधर, गुरुग्राम के मेदांता ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दो प्रमुख मांगें रखीं**

**मुआवजा:** पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जाए

**संसद में चर्चा**

जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक बहस हो, जिसमें शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के विकल्प पर भी विचार शामिल हो

# श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव आज से

## 75 लाख के स्वर्ण आभूषणों से होगा माता श्री महालक्ष्मी का दिव्य श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करुणाधाम आश्रम नेहरू नगर में 23 से 25 जुलाई तक श्री महालक्ष्मी देवालय के 11वें स्थापना महोत्सव के अवसर पर त्रिदिवसीय सार्वभौम दिग्विजय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में देश-विदेश से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष पूजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विश्व शांति के लिए हवन होगा। महायज्ञ में करुणाधाम के पीठाधीश्वर गुरूदेव सुदेश शांडिल्य महाराज एवं उनकी धर्मपत्नी ममता शांडिल्य मुख्य यजमान के रूप में हवन में सहभागी होंगे। इस अवसर पर विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि तथा भारत को विश्वगुरु बनाने की प्रार्थना की जाएगी। आयोजन के दौरान पूरे करुणाधाम परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। आयोजन का प्रमुख आकर्षण माता महालक्ष्मी का 75 लाख रुपए मूल्य के स्वर्ण हार एवं अन्य स्वर्ण आभूषणों से विशेष श्रृंगार रहेगा।

> आयोजन के दौरान पूरे करुणाधाम परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा

### अलग-अलग दिव्य पोशाकों से होगा श्रृंगार


फाइल फोटो

माता को बहरीन से मंगवाई गई विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी, जबकि श्रृंगार में उपयोग होने वाला स्वर्ण दक्षिण भारत से विशेष रूप से मंगवाया गया है। तीनों दिन माता का अलग-अलग दिव्य पोशाकों में श्रृंगार किया जाएगा। आश्रम के शाश्वत शांडिल्य प्रतिदिन शाम को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 23 जुलाई को दुर्गाचरित की प्रस्तुति, जबकि 24 जुलाई को नृत्य संकीर्तन की विशेष प्रस्तुति होगी।

---

इंदौर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों को किया संबोधित

# 'छात्रों की गूंज' युवाओं की आवाज़ को लोकतंत्र की परिधि में लाने का सशक्त अभियान: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर के रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित "छात्रों की गूंज" कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने युवाओं और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार से सवाल पूछना भी हर नागरिक का संवैधानिक दायित्व है। जब युवा अपने अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और भविष्य को लेकर सवाल पूछते हैं, तभी सरकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए मजबूर होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रियव्रत सिंह, शोभा ओझा, सत्यनारायण पटेल, हिना कांवरे, अर्चना जायसवाल, आशुतोष चौकसे, चिंटू चौकसे, सोनिला मिमरोट सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का वीडियो प्रदर्शित किया गया तथा अतिथियों का स्वागत किया गया। पटवारी ने कहा कि आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उससे चीन लगभग दो दशक पहले गुज़र चुका था। उसने समय रहते अपनी शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए, जिसका परिणाम आज पूरी दुनिया के सामने है।



'छात्रों की गूंज' में प्रदेशाध्यक्ष ने छात्रों को किया संबोधित।

### मप्र में एक करोड़ नब्बे लाख युवा बेरोजगार

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लगभग एक करोड़ नब्बे लाख युवा बेरोज़गारी की चुनौती से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार के पास इसका कोई ठोस समाधान नहीं है। एक ओर देश को विश्वगुरु बनाने की बातें की जाती हैं और दूसरी ओर युवाओं को रोजगार के अवसरों से वंचित रखा जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में विकसित भारत का सपना कैसे साकार होगा। पटवारी ने कहा कि देश के निर्माण में विभिन्न सरकारों का ऐतिहासिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब वर्तमान प्रधानमंत्री से उनकी सरकार की उपलब्धियों पर सवाल पूछे जाते हैं तो जनता को स्पष्ट जवाब नहीं मिलता।

---

## डॉ. चिन्मय पंड्या आज आएंगे भोपाल

**भोपाल।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत डॉ. चिन्मय पंड्या 23 जुलाई को भोपाल आएंगे। डॉ. पंड्या प्रातः 7:55 बजे भोपाल के राजा भोज विमानतल पर पहुंचेंगे।



इस अवसर पर गायत्री परिवार भोपाल के सभी परिजनों द्वारा विमानतल पर उनका स्वागत करेंगे। इसके उपरांत डॉ. चिन्मय पंड्या की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल के समीप बड़ली माता मंदिर की पहाड़ी पर वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत 1111 पौधों का यज्ञीय आयोजन में रोपण किया जाएगा। 9 से 11 फीट ऊंचाई वाले इन पौधों का रोपण तरु महायज्ञ के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. चिन्मय पंड्या द्वारा पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व जन-जन तक पहुंचाया जाएगा तथा शताब्दी वर्ष शांतिकुंज हरिद्वार का संदेश भी सभी परिजनों को प्राप्त होगा।

गायत्री परिवार भोपाल के जिला समन्वयक रमेश नगर ने सभी परिजनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस महत्वपूर्ण आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधि से जगदीश चंद्र कुलमी जी उदय किशोर मिश्रा, विरल पटेल, एवं मध्य प्रदेश जोनल समन्वयक राजेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

---

महापौर ने कहा, आवंटन की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाएं, लापरवाही नहीं हो

# 17 सितंबर को हितग्राहियों को मिलेंगे पीएम आवास, अफसरों को दिए निर्देश

**काम में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार हो रही आवासीय परियोजनाओं में अब काम में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर मालती राय ने बुधवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता से पूरे किए जाएं, ताकि 17 सितंबर को हितग्राहियों को आवासों का आधिपत्य सौंपा जा सके।

महापौर ने कहा कि जिन आवासों का निर्माण अंतिम चरण में है, वहां फिनिशिंग के साथ सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही आवास आवंटन की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाए, ताकि हितग्राहियों को तय कार्यक्रम के अनुसार आवास सौंपने में कोई बाधा न आए।

> निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरे हों सभी निर्माण कार्य, बिजली-पानी और सीवेज व्यवस्था भी पहले करें दुरुस्त, देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

हितग्राहियों को न हो कोई भी परेशानी


महापौर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा।

### सिविल कार्य, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क की जानकारी ली

बैठक में महापौर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना की परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सिविल कार्य, विद्युत व्यवस्था, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, महापौर परिषद सदस्य छाया ठाकुर, कार्यपालन यंत्री आरबी गोयल सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पहले सुविधाएं, फिर आवास का कब्जा

महापौर ने कहा कि केवल भवन तैयार होना पर्याप्त नहीं है। हितग्राहियों को कब्जा देने से पहले बिजली, पानी, सीवेज और सड़क जैसी सभी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी तरह उपलब्ध कराई जाएं।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर टीमों ने की संयुक्त कार्रवाई, हटाए कब्जे

**दुकानदारों को दी वार्निंग कि अपनी सीमा में रहकर ही करें व्यवसाय**


अतिक्रमण विरोधी अमले का संयुक्त अभियान।

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को जवाहर चौक, सरस्वती नगर और खुशबू पार्क क्षेत्र में दिन और सायंकालीन टीमों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रखे गए ठेले, टेबल, सब्जी के ठेले और सहित दो ट्रक सामान जब्त किया। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया और सायंकालीन अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान निगम अमले ने ठेले, टेबल, काउंटर, सब्जियां और अन्य सामान जब्त किया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह भी हिदायत दी कि स्थायी दुकानदार अपनी दुकान की निर्धारित सीमा के बाहर सामान नहीं रखें।

---

भारत सरकार ने किया प्रदान

# जीएमसी की एआई ओरल कैंसर स्क्रीनिंग मिला पेटेंट

**यह मध्यप्रदेश में अपनी तरह की पहली आधुनिक तकनीक**

**मुख कैंसर की शीघ्र पहचान, उपचार में मिलेगी सहायता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के डेंटल सर्जरी विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग डिवाइस का डिजाइन विकसित किया है, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह की पहली तकनीक है।

इसके साथ ही विभाग द्वारा मुख आरोग्य ऐप नामक एआई आधारित ओरल मैलिग्नेंसी स्क्रीनिंग एप्लीकेशन भी विकसित किया गया है। यह ऐप विशेष रूप से आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मियों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। इसकी सहायता से गांवों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की प्रारंभिक स्तर पर स्क्रीनिंग की जा सकेगी तथा संदिग्ध मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जा सकेगा।

इससे मुख कैंसर की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार तथा रोग से होने वाली मृत्यु एवं विकलांगता में कमी लाने में सहायता मिलेगी। डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. अनिमेष बरोड़िया ने इस एआई आधारित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग डिवाइस तथा मुख आरोग्य ऐप के अनुसंधान, अवधारणा, विकास एवं कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### जल्द होगी मुख कैंसर की पहचान

डेंटल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने बताया कि मुख आरोग्य ऐप और एआई आधारित स्क्रीनिंग एप्लीकेशन विकसित करने का हमारा उद्देश्य केवल नई तकनीक विकसित करना नहीं, बल्कि मुख कैंसर की पहचान उस समय करना है जब बीमारी अपने प्रारंभिक चरण में हो। प्रारंभिक स्तर पर ही बीमारी की पहचान हो जाए, तो उपचार अधिक प्रभावी, कम जटिल और अपेक्षाकृत कम खर्चीला होता है और मरीज के पूर्णतः स्वस्थ होने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है।

---

नई शर्त में फंसी भोपाल मेट्रो

# तकनीकी अड़चन-आईएसए सर्टिफिकेट के चलते अधर में अटकी सिग्नलिंग रिपोर्ट



**कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा**

**10 से 15 दिनों में आती है रिपोर्ट, लेकिन 27 दिन बाद भी नहीं आई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र मेट्रो प्रशासन ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के दूसरे ट्रेक पर मेट्रो का ट्रायल भले ही पूरा कर लिया हो, लेकिन सीएमआरएस से मिलने वाली ओके-टू-रन की रिपोर्ट आईएसए सर्टिफिकेट के चलते अटकने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि कमिश्नर आफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने मप्र मेट्रो प्रबंधन से इंडिपेंडेंट सेफ्टी असेसर की रिपोर्ट अलग से प्रस्तुत करने को कहा है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि सभी दस्तावेज सीएमआरएस पोर्टल पर अपलोड हैं। जैसे ही रिपोर्ट आएगी उसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

मेट्रो के सुभाष नगर से एम्स तक के प्रायोरिटी कारिडोर पर दूसरे ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की तैयारी के बीच मामला फंस गया है। सिग्नलिंग जांच के बाद भी इसी शर्त के कारण ओके रिपोर्ट अब तक अटकी हुई है। इस वजह से सारी तैयारियों के बाद भी मेट्रो प्रबंधन प्रायोरिटी कारिडोर का नया शेड्यूल जारी नहीं कर पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 25 जून को सीएमआरएस की सिग्नलिंग जांच हुई थी, ताकि ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सके। जांच के 10 से 15 दिन के भीतर सीएमआरएस की रिपोर्ट आ जाती है, लेकिन इस बार 27 दिन बाद भी रिपोर्ट प्रबंधन को नहीं मिल पाई है। कुछ दिनों पहले प्रायोरिटी कारिडोर पर नाइट ट्रायल रन किया गया। वहीं पिछले सात महीनों के आंकड़ों के आधार पर नया शेड्यूल भी लगभगर बनकर तैयार है।

### क्या होता है आईएसए सर्टिफिकेट

इंडिपेंडेंट सेफ्टी असेसर (आइएसए) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्वतंत्र थर्ड-पार्टी एजेंसी होती है। यह एजेंसी मेट्रो के सिग्नलिंग, साफ्टवेयर और आटोमैटिक ट्रेन कंट्रोल सिस्टम का निष्पक्ष सुरक्षा आडिट करती है। आइएसए सर्टिफिकेट इस बात की लिखित गारंटी देता है कि मेट्रो का आटोमैटिक ब्रेकिंग और सिग्नल सिस्टम अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के तहत 100 फीसदी सुरक्षित और त्रुटिहीन है। सीएमआरएस से अंतिम सुरक्षा क्लियरेंस पाने के लिए यह रिपोर्ट जरूरी होती है।

---

ए जॉयफुल एजुकेटर पर कार्यशाला शुरू

# एमसीयू में मौजूद लोगों को सिखाए गए एक आनंदित शिक्षक बनने के गुर



एमसीयू में तीन दिनी कार्यशाला का आरंभ हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक शिक्षक कैसे हंसमुख, शांतचित्त और ऊर्जावान हो सकता है, इस विषय पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में तीन दिनी कार्यशाला बुधवार को शुरू हुई। प्रथम दिन तीन सत्रों में व्यक्तित्व में सकारात्मकता लाने के उपायों पर विशद चर्चा हुई। मुख्य अतिथि हैदराबाद के रेखी फाउंडेशन के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ श्रीहरि कृष्ण ने ख़ुशी या आनंद को अभ्यास से पैदा किया जा सकता है। आखिर एक सा बाहरी वातावरण होने के बावजूद एक व्यक्ति सुखी और एक दुखी क्यों होता है। खुशी को परिस्थितियां नहीं, मन की अवस्था तय करती है। संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन विवि के रेखी सेंटर आफ़ एक्सीलेंस फ़ॉर साइंस आफ़ हैप्पीनैस ने किया है। इसमें विवि के शिक्षकों के साथ ही अतिथि शिक्षक भी भाग ले रहे हैं। श्री हरि के अलावा फाउंडेशन की सीनियर फैकल्टी डॉ रितु शर्मा तीन दिन एक आनंदित शिक्षक के गुर बताएंगे।

---

## आज से एलएचबी कोच के साथ चलेगी रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल

**भोपाल।** भोपाल मंडल से संचालित गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल एक्सप्रेस के परंपरागत आईसीएफ कोचों के स्थान पर चरणबद्ध रूप से अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 23 जुलाई से 2026 से संशोधित एलएचबी रेक संरचना तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल 12 जुलाई से एलएचबी रेक एवं 26 जुलाई से 2026 से संशोधित एलएचबी रेक संरचना के साथ संचालित होगी। वर्तमान कोच संरचना 4 सामान्य कोच, 5 एसी-3 टियर कोच, 1 एसी-2 टियर कोच, 10 स्लीपर कोच, 1 गार्ड सह लगेज व ब्रेक वैन एवं 1 जनरेटरकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच हैं।

---

विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर्स, पेंटिंग्स किए तैयार

# एसपीएम कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत किया लोगों को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 15 से 21 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 नशा उन्मूलन अभियान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर्स, पेंटिंग्स और स्लोगन तैयार किए और नशा उन्मूलन पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।



नशे से दूरी है जरूरी के तहत लोगों को किया गया जागरुक।

### जनजागरुकता रैली निकाली गई

इस दौरान एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसकी शुरुआत एसपीएम कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. एस. के. मल्होत्रा, डॉ. मुकेश नापित और डॉ. सीताराम अहिरवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। वरिष्ठ प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की। एनसीसी, एनएसएस एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इन सभी कार्यक्रमों में विशेष रूप से भाग लिया। संचालन एनसीसी अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह पटेल तथा एनएसएस अधिकारियों डॉ. हेमलता वर्मा और डॉ. दिनेश कुमार डहारे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने जीवन में कभी नशा न करने और समाज को इसके प्रति जागरूक रखने की शपथ ली।

---

चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे मुसाफिर को हादसे का शिकार होने से बचाया

# ट्रेन मैनेजर के साहस और सेवा भावना से बची यात्री की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में कार्यरत मेल ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे की तत्परता, साहस और सेवा भावना के कारण एक यात्री की जान बच गई। उनकी सूझबूझ और मानवता का परिचय देते हुए की गई त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

घटना गाड़ी संख्या 12753 नांदेड-हजरत निजामुद्दीन संपर्क क्रांति में यात्रा कर रहे यात्री सुशील पाटिल के साथ हुई, जो मनमाड़ से भोपाल सामान्य श्रेणी के कोच में यात्रा कर रहे थे। इटारसी यार्ड में ट्रेन के कुछ समय रुकने पर वे पानी लेने के लिए नीचे उतरे। इसी दौरान उनका बैग, जिसमें नकदी, रेल टिकट एवं अन्य आवश्यक सामान रखा था, जो चोरी हो गया। बैग की तलाश में व्यस्त रहने के दौरान ट्रेन चल पड़ी। घबराहट में यात्री ने चलती ट्रेन के अंतिम डिब्बे पर चढ़ने का प्रयास किया। ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने उन्हें ऐसा करने से लगातार मना किया, लेकिन घबराए यात्री ने फिर भी चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गिरकर ट्रेन के साथ घिसटने लगे। स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी तथा किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता था। तभी ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल आगे बढ़कर यात्री को मजबूती से पकड़ लिया और पूरी ताकत से उन्हें ट्रेन के भीतर खींच लिया। उनकी अदम्य साहस, त्वरित निर्णय क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा के कारण यात्री की जान सुरक्षित बच गई।

**चलती ट्रेन को पकड़ने के प्रयास में बिगड़ा संतुलन**

**किसी भी क्षण हो सकता था बड़ा हादसा**


घायल यात्री को मरहम-पट्टी का उपचार दिया गया।

### टीटीई की सूझबूझ, परिजनों तक पहुंची युवती

गोंडवाना एक्सप्रेस में इटारसी से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के मध्य टिकट जांच कार्य के दौरान उप मुख्य टिकट निरीक्षक राजेंद्र बैरवा एवं वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य टिकट परीक्षक विजय मनराल को एक सहयात्री ने सूचना दी कि एक युवती अपने घर से बिना बताए ट्रेन में यात्रा कर रही है। सूचना मिलने पर दोनों कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए युवती की पहचान एवं स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पूछताछ के दौरान युवती के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया, जिससे पुष्टि हुई कि वह बिना बताए घर से निकली थी। पूरे घटनाक्रम की जानकारी भोपाल एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी कंट्रोल को तत्काल उपलब्ध कराई गई। युवती की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे यात्रा के दौरान सुरक्षित निगरानी में रखा गया तथा गाड़ी के एस-3 कोच में संरक्षण प्रदान किया गया। गंतव्य स्टेशन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचने पर उसे रेलवे सुरक्षा बल झांसी के माध्यम से उसके परिजन से संपर्क स्थापित कर सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई।

भोपाल, गुरुवार 23 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष : 13, अंक : 112 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून. 24 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

सर्वाधिक बारिश मकसूदनगढ़ में 174 मिमी, भोपाल में 53 मिमी बारिश

**लगातार तीन दिन की अटूट बारिश**

# 'उम्मीद' की झड़ी

**प्रदेश पर बने अपर एयर सर्कुलेशन से बारिश का दौर जारी रहेगा**

उमरिया में लगातार बारिश के बाद संजय गांधी ताप बिजली केंद्र से पानी छोड़ा जा रहा है, बुधवार को एक गेट आधा मीटर खोला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी हल्की से मध्यम और कुछ जगह तेज बारिश का दौर जारी है। मानसून ऑनसेट के बाद इस सीजन में दूसरी बार बुधवार तक लगातार तीन दिन से भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का सिलसिला चल रहा है। मानसून ऑनसेट के बाद यह दूसरा अवसर जब बारिश की झड़ी लंबी खिंच रही है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश जिले भीगे हैं, जिनमें सर्वाधिक बारिश मकसूदनगढ़ 174 मिमी रही। कुंभराज 130, जैसिंहनगर 130, गोहरगंज 128 मिमी तक बारिश हुई है। बुदनी, नर्मदापुरम, पोहरी, रेहटी, बैरसिया, शमशाबाद आदि स्थानों पर 80 से 100 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। भोपाल में 53 मिमी बारिश हुई। यहां अब तक कुल 474.3 मिमी बारिश ▶▶ शेष पेज 4 पर



सिवनी जिले में लगातार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। लखनवाड़ा में वैनगंगा ने अपना रौद्र रूप दिखाया। यहां छोटा पुल जलमग्न नजर आया, जिससे आवागमन बंद हो गया।



भोपाल में दिन भर बारिश होती रही, लिंक रोड नंबर एक का दृश्य



मंडला शहर के बीच से गुजरती नर्मदा नदी उफान पर, रपटे के ऊपर से बहता पानी

### प्रदेश में औसत पारा 30 डिग्री तक

राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश वाले जिलों में दिन का औसतन एक डिग्री तक गिरने से राहत महसूस की गई। प्रदेश में औसत पारा 30 डिग्री तक रहा। भोपाल में अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री कम है।

### आज यहां अत्यधिक भारी बारिश

गुरुवार तक छिंदवाड़ा में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट। नर्मदापुरम, बैतूल, सिवनी, पांढुर्णा के अलावा रायसेन, धार, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित 40 से अधिक शहरों में तेज से मध्यम बारिश का अलर्ट है।

## खबर संक्षेप

### ताई का फूटा दर्द, बोलीं इंदौर को अनाथ समझ लिया



**इंदौर।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता सुमित्रा महाजन 'ताई' ने इंदौर के साथ हो रहे उपेक्षित व्यवहार पर रेलवे बोर्ड को तल्ख पत्र लिखा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पश्चिम रेलवे ने इंदौर को अनाथ मान लिया है और शहर की ट्रेन सेवाएं छीनी जा रही हैं। सुमित्रा ताई ने पत्र में कहा कि पीएम द्वारा उद्घाटित मेमू ट्रेन का रैक इंदौर से छीनकर पुराना डेमू रैक दे दिया गया, जो अक्सर रास्ते में खराब हो जाता है।

### ललित मोदी को फेमा मामले में बड़ी राहत, भारत लौटेंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले अध्यक्ष ललित मोदी को 2009 दक्षिण अफ्रीका फेमा मामले में बड़ी राहत मिली है। अपीलीय ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए अधिकांश निष्कर्षों और जुर्मानों को रद्द कर दिया है। फैसले पर खुशी जताते हुए ललित मोदी ने कहा कि 16 साल से वह जिस सच की बात कर रहे थे, उस पर अब अदालत की मुहर लग गई है।

### पाठक को राहत, बिना शर्त माफी की गई मंजूर



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ दर्ज आपराधिक अवमानना मामले को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने प्रस्तुत शपथ-पत्र और मांगी गई बिना शर्त माफी को स्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त ताकीद दी है। यह मामला 30 अगस्त 2025 का है।

मप्र विधानसभा का मानसून सत्र देर रात अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित

# सीएम ने कहा-इस सत्र ने आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का अमिट अध्याय लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र में हमने समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह हमारी माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का सुरक्षा-कवच बनेगी

मप्र विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार को देर रात तक चली कार्यवाही के बाद अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भले ही इस सत्र का विधायी समापन हो रहा हो, लेकिन यह मप्र की प्रगति, प्रशासनिक पारदर्शिता, सामाजिक समरसता और नारी सशक्तिकरण के एक नए युग का शुभारंभ है। इस सत्र में केवल बैठकों और औपचारिकताओं का निर्वहन नहीं किया है, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य का अमिट अध्याय लिखा है। यह सत्र सालों तक याद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस सत्र में आठ ऐतिहासिक विधेयकों को पारित कर नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। यह सत्र मप्र में एक विधान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए है। सत्र को अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का हाथ थामकर उसे सशक्त बनाने के लिए याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

सालों तक याद रखा जाएगा यह सत्र



मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा में संबोधित करते हुए

सरकार ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में न्यायालय में प्रभावी पक्ष रख रही

### श्रम संहिता विधेयक -2026 श्रमिक भाई- बहनों के पसीने का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूर्ण करने की दिशा में हम विकसित मप्र का निर्माण कर रहे हैं। इस सत्र में पारित मप्र ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक, 2026 प्रदेश को औद्योगिक क्रांति की ओर से जाने वाला मील का पत्थर सिद्ध होगा। तीसरा महत्त्वपूर्ण विधेयक जिसका उल्लेख करना मैं अति आवश्यक समझता हूं, वो है श्रम संहिता विधेयक -2026 । श्रमिक भाई- बहनों के पसीने का सम्मान और उनके हितों की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके तहत पुराने जटिल श्रम कानूनों का एकीकृत एवं सरत ढांचा लागू किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुशासन और नारी सशक्तिकरण की दिशा में नए प्रतिमान बने

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र प्रदेश की प्रगति, प्रशासनिक पारदर्शिता, सामाजिक समरसता, सुशासन और नारी सशक्तिकरण की दिशा में नए प्रतिमान स्थापित करने वाला रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष, सभी पक्ष-विपक्ष के सदस्यों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को सत्र के सफल संचालन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यद्यपि इस सत्र का विधिवत समापन हो रहा है, लेकिन यह मप्र के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विधानसभा सत्र का महत्व उसकी अवधि से नहीं, बल्कि उसमें किए गए जनहित के कार्यों और लिए गए निर्णयों से तय होता है। कम समय में भी सदन ने अनेक महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न किए हैं, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पड़ोसी राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित किए हैं। केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल सहित विभिन्न अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सहयोग और समन्वय के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर ▶▶ शेष पेज 4 पर

नीति आयोग के नए सीईओ होंगे अनुराग जैन

# वरिष्ठ आईएएस अफसर अशोक बर्णवाल बने मप्र के नए मुख्य सचिव, आदेश जारी



बर्णवाल और सीएम डॉ. यादव



जैन को नए दायित्व की बधाई देते सीएम

**नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल ने सीएम से की सौजन्य भेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल मप्र के नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। बुधवार को देर रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति व केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से मिले निर्देशों के बाद राज्य शासन ने आदेश जारी कर दिया। बर्णवाल को मुख्य सचिव बनाए जाने को लेकर पिछले काफी समय से अटकलें जताई जा रही थी। बुधवार को जैसे निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन के नई दिल्ली में नीति आयोग का सीईओ बनाने का आदेश जारी हुआ, इसके तुरंत बाद बर्णवाल का भी आदेश जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मध्यप्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्य सचिव बर्णवाल कई मामलों में मप्र के विकास के लिए मील का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 1991 बैच के आईएएस हैं अशोक बर्णवाल

अशोक बर्णवाल 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने बीटेक (माइनिंग इंजीनियरिंग) के साथ पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। अब तक वे मध्य प्रदेश शासन में अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर कार्यरत रहे। उनके पास भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास का अतिरिक्त प्रभार भी है। साथ ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मप्र में ओबीसी आरक्षण मामला:** हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नया मोड़

# अब एसटी वर्ग ने भी किया विरोध, अनारक्षित सीटें घटने से प्रभावित होंगे हमारे मेधावी छात्र

सामान्य वर्ग की ओर से बहस लगभग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27% आरक्षण दिए जाने के मामले में बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में एक नया मोड़ आया। प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान सामान्य वर्ग के बाद अब



अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग ने भी बढ़े हुए ओबीसी आरक्षण का विरोध किया है। एसटी याचिकाकर्ता रितु बडोले की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मुक्ता ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन उनकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कोर्ट का सवाल -सीटें अक्सर खाली तो भेदभाव कैसे?**

न्यायमूर्ति विनय सराफ ने पूछा कि जब एसटी वर्ग की कई आरक्षित सीटें अक्सर खाली रह जाती हैं, तो इसे एसटी के साथ भेदभाव कैसे माना जाए? इस पर एसटी पक्ष ने स्पष्ट किया कि विवाद आरक्षित कोटे का नहीं, बल्कि अनारक्षित/सामान्य मेरिट सीटों में होने वाली कटौती का है।

हाईकोर्ट में पेश की थी फर्जी अनुशंसा

# राज्यमंत्री का फर्जी एआई लेटरहेड बनाया, स्वास्थ्य कर्मचारी सस्पेंड



कलेक्टर की जांच में खुलासा लेटरहेड में स्पेलिंग मिस्टेक से पकड़ी गई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मप्र की राज्यमंत्री और टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर का फर्जी एआई लेटरहेड बनाकर उपयोग करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) के.एल. बंशकार को सस्पेंड कर दिया गया है। कर्मचारी ने अपना तबादला रुकवाने के लिए यह फर्जीवाड़ा रचा था। गौड़ उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बंशकार का प्रशासनिक आधार पर दरगुवां तबादला किया गया था। इस आदेश के खिलाफ कर्मचारी ने हाईकोर्ट में अपील की। कोर्ट ने कलेक्टर को इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

नमाज के लिए जगह को लेकर नया मोड़

# मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर कल होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



- **मुस्लिम पक्ष :** भोजशाला से जगह 2 किलोमीटर दूर
- **मप्र सरकार :** 2 किमी नहीं सिर्फ 900 मीटर दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/धार

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में नमाज की जगह को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने उन्हें भोजशाला के पास नहीं, बल्कि 2 किलोमीटर दूर नमाज के लिए जगह आवंटित की है। इस अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमत हो गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

सावन में श्रद्धालुओं के लिए खुशखबर

# भोपाल के डाकघरों में 30 रुपए में मिलेगा ऋषिकेश और गंगोत्री का शुद्ध गंगाजल

डाक विभाग ने विशेष काउंटरों और पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था की

अधिकृत रूप से यह गंगाजल मंगाया जाता है ताकि इसकी शुद्धता और पवित्रता बनी रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पवित्र सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए डाक विभाग ने एक बड़ी और राहतभरी सुविधा शुरू की है। अब भोपाल सहित मध्य प्रदेश के सभी प्रमुख डाकघरों में गंगोत्री और ऋषिकेश से लाया गया सीलबंद शुद्ध गंगाजल बेहद किफ़ायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रद्धालु इसे केवल 30 रुपए प्रति बोतल में खरीद सकेंगे। इस पहल से श्रद्धालुओं को गंगाजल



के लिए दूर-दराज जाने या बाजार में महंगे दाम चुकाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डाक विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के गंगोत्री क्षेत्र से अधिकृत रूप से यह गंगाजल मंगाया जाता है ताकि इसकी शुद्धता और पवित्रता बनी रहे। इंस्पेक्टर ऑफ पोस्ट्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में नए फैसलों और व्यवस्थाओं पर मुहर**

राम मंदिर परिसर में स्थित 14 मंदिरों के लिए अर्चक तैयार करने बनेगी स्थायी प्रशिक्षण पाठशाला

# राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव पूरी निगरानी अब संतों के हाथ

- 9 सदस्यीय धार्मिक समिति का हुआ गठन
- स्वामी गोविंद देव गिरि होंगे अध्यक्ष, डॉ. कृष्ण मोहन संभालेंगे महासचिव का कार्यभार

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की धार्मिक व्यवस्थाओं को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। मंदिर की पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और दैनिक धार्मिक गतिविधियों की पूरी निगरानी की जिम्मेदारी संत समाज को सौंप दी गई है। ट्रस्ट की बैठक में पुनर्गठित नौ सदस्यीय धार्मिक समिति का फैसला धार्मिक मामलों में अंतिम और सर्वोपरि माना जाएगा। इस समिति की कमान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि को सौंपी गई ▶▶ शेष पेज 4 पर



ट्रस्ट की बैठक में संत पदाधिकारी

### धार्मिक समिति को मिले ये प्रमुख अधिकार

- परंपरा की निगरानी
- नित्य पूजा और अनुष्ठान वैदिक रामानंदी परंपरा के अनुसार हो रहे हैं या नहीं, इसकी देखरेख
- पर्वों का निर्धारण
- विशेष अनुष्ठान
- अर्चकों पर नियंत्रण
- संत समाज से समन्वय

### सीईओ चयन जल्द, प्रवक्ता की नियुक्ति भी होगी

ट्रस्ट की सूचनाओं के सही प्रवाह के लिए जल्द ही एक आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा। पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ▶▶ शेष पेज 4 पर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रहे मौजूद

# भाजपा ने कांग्रेस के विरोध में किया प्रदर्शन रेडक्रॉस से पीसीसी तक निकाला विरोध मार्च


भाजपा का विरोध प्रदर्शन।



भाजपा की महिला नेत्रियों ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस द्वारा पीएम के आवास के पास किए गए धरना और हंगामे के विरोध में बुधवार भाजपा द्वारा बड़ा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने रेडक्रॉस अस्पताल से कांग्रेस कार्यालय तक विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया।

हालांकि जब भाजपा नेता कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ तो पुलिस उन्हे ने रेडक्रॉस अस्पताल के सामने लिंक रोड पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर व तख्तियां लिए हुए थे। जिसके बाद करीब 10 मिनट तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद कार्यकर्ता वापस लौट गए।

## कांग्रेस प्रायोजित अराजकता की राजनीति कर रही

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय प्रायोजित अराजकता की राजनीति कर रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास फैलाना, विदेशों में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत बन चुकी है। राहुल गांधी सत्ता की लोलुपता में देश के सम्मान और राष्ट्रहित को भी दांव पर लगाने से नहीं चूकते हैं। भाजपा राष्ट्रहित, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी। नीट-यूजी सहित सभी प्रतियोगी परिक्षाओं की लीक प्रूफ परीक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कांग्रेस को देशहित से ऊपर दलहित और परिवारहित की राजनीति छोड़नी होगी। आज का विरोध-प्रदर्शन कांग्रेस और राहुल गांधी को स्पष्ट संदेश है कि मप्र की जनता राष्ट्रविरोधी दुष्प्रचार, झूठ की राजनीति और प्रायोजित अराजकता को कभी स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा लोकतंत्र, संविधान, राष्ट्रहित और भारत के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी तथा कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति का लोकतांत्रिक और जनतांत्रिक तरीके से लगातार विरोध करती रहेगी।

### बारिश के बावजूद प्रदर्शन में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब

विरोध प्रदर्शन में बारिश के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ आया। हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की हत्यारी कांग्रेस मुर्दाबाद, राहुल गांधी शर्म करो, कांग्रेस अराजक राजनीति बंद करो जैसे नारे लगाते हुए रेडक्रॉस अस्पताल से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास तक पहुंचे, जहां पुलिस ने बेरिकेटिंग लगाकर रोक दिया। देश का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाए जनता, लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करना बंद करे कांग्रेस जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

कई जगह पुलिस के साथ झड़प, भीड़ तितर बितर करने वाटर केनन का प्रयोग

# राहुल की गिरफ्तारी, छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदेश भर में प्रदर्शन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मंगलवार को नई दिल्ली में छात्रों के मार्च के दौरान लाठी चार्ज और प्रधानमंत्री आवास के सामने धरने पर बैठे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पुतले जलाए, इस्तीफे की मांग की।

मांगों से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की पुलिस के साथ झूमा झटकी हुई। पुलिस को वाटर कैनन का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को रोकना पड़ा। कुछ जगह भाजपा ने भी कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का आरोप लगा कर प्रदर्शन किया।

## गोहद में करना पड़ा वाटर कैनन का प्रयोग

भिंड में राहुल गांधी की गिरफ्तारी और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गोहद में कांग्रेस का प्रदर्शन पुलिस से तीखी नोकझोंक में बदल गया। यह विरोध इटायली गेट पर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वाटर कैनन से रोक दिया।

**शहडोल में कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन :** शहडोल जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेस कलेक्ट्रेट परिसर के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

**मैहर में बैरीकेड हटा कर बढ़ने की कोशिश:** मैहर में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एसडीएम दफ्तर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने की कोशिश की और बाद में एसडीएम दिव्या पटेल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं नरसिंहपुर में सुभाष पार्क के पास बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनकारी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया।

### छिंदवाड़ा में भाजयुमो ने राहुल का पुतला फूंका

छिंदवाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। इसी नारेबाजी का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा और युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया।

**खंडवा में जलाया प्रधानमंत्री का पुतला:** दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में खंडवा में जिला यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

**गांधी प्रतिमा के सामने शांतिपूर्ण विरोध:** झाबुआ जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कटनी जिले के बड़वारा तहसील मुख्यालय में कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।


भिंड में कांग्रेस का प्रदर्शन।


शहडोल में कांग्रेस का प्रदर्शन।

मप्र विधानसभा में भी जोरशोर के साथ उठा दिल्ली में छात्रों के आंदोलन का मुद्दा

# कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिया, स्पीकर बोले- दिल्ली का मुद्दा, इसलिए अग्राह्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून सत्र में बुधवार को कांग्रेस ने दिल्ली में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन पर हुए लाठी चार्ज का मुद्दा उठाया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठी चार्ज का मुद्दा केंद्र सरकार के अधीन है। नियमानुसार यह स्थानीय होना चाहिए। इसलिए यह प्रस्ताव अग्राह्य किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अध्यक्ष की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए। सदन में इस पर जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस व भाजपा दोनों तरफ के सदस्यों ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। इसके बाद सदन की कार्रवाई कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर अध्यक्षीय व्यवस्था देते हुए स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मैंने पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को सुना है। भैरव सिंह बापू, सचिन यादव, दिनेश चंद्र बोस, रामकिशोर दोगने, सुरेश राजे ने दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के संबंध में स्थगन प्रस्ताव दिया है। मैनें उसका अवलोकन किया है। इसमें पाया कि यह सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई है। यह स्थगन राज्य शासन के प्रशासनिक कार्य एवं उत्तरदायित्व के संबंध में भी नहीं है। स्थगन के संबंध में अध्यक्ष के अस्थाई आदेश 123 में एवं प्रपत्र भाग 2 क्रमांक 38, 16 जून 2026 में भी स्पष्ट उल्लेख है की 9 बजे के बाद प्राप्त सूचनाओं को अगले दिन प्राप्त की हुई माना जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले कि आप युवा वर्ष मना रहे हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा की जाए

विपक्ष ने आसंदी के पास पहुंचकर की नारेबाजी



नेता प्रतिपक्ष सिंघार सहित कांग्रेसी विधायक प्रदर्शन करते हुए

### स्पीकर ने कहा

- सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई, इन्हें अगले प्राप्त हुआ माना जाएगा
- स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए

### 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' पुस्तक का दिया हवाला

स्पीकर ने सभापति व्यवस्थाओं में एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पुस्तक 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' के पेज 234 में स्पष्ट लिखा है कि विषय शासन के कार्यकलापों से संबंधित होना चाहिए। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह स्थगन प्रस्ताव का विषय नहीं हो सकता। सारे तथ्यों पर विचार करने के बाद विधानसभा की नियम- प्रक्रिया के तहत इस प्रस्ताव को उठाने की अनुमति नहीं देता।

### दिल्ली में मप्र के हजारों लाखों छात्र अध्ययनरत, यह विषय बनता है

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि दिल्ली में किस प्रकार से लाठी चार्ज हुआ, उस में मप्र के भी हजारों छात्र थे। मप्र की भी दो छात्राओं की नीट परीक्षा में मौत हो गई है। प्रदेश के हजारों लाखों छात्र का मामला है। आप युवा वर्ष मना हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा कराई जाए।

**सिंघार बोले:** नीट पेपर लीक पर चर्चा से भाग रही सरकार

## कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे विधानसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने नीट पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान विधायकों ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो कि तख्तियां लेकर भी नारेबाजी की। सिंघार ने कहा कि दिल्ली में अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, लेकिन भाजपा सरकार जवाब देने से बचती रही। जब राहुल गांधी के धरने के बाद केंद्र सरकार लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गई, तो मप्र की भाजपा सरकार विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा से क्यों भाग रही है।

- सरकार छात्रों को कीड़े मकोड़े कह रही

मप्र आयुर्विज्ञान विवि (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित

# स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के अनुरूप विवि व्यवस्था को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा में आज मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित हो गया। इस पर चर्चा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के अभूतपूर्व विस्तार को देखते हुए विश्वविद्यालय व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रभावी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना समय की आवश्यकता है। वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 33 हो गए हैं।



इसी प्रकार एमबीबीएस सीटें 760 से बढ़कर 5,550 तथा स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें 140 से बढ़कर 2,862 हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 10 हजार तथा पीजी सीटों की संख्या 5 हजार तक पहुंचाना है, ताकि प्रदेश में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। चिकित्सा शिक्षा संस्थानों और विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण विश्वविद्यालयों पर परीक्षा, मूल्यांकन, परिणाम, संबद्धता, शोध, नवाचार तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दायित्व भी लगातार बढ़ा है। संशोधन के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और समयानुकूल बनाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं बेहतर शैक्षणिक सेवाएं मिल सकेंगी।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को सम्मान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रतिकुलपति के स्थान पर कुलगुरु एवं प्रति-कुलगुरु जैसे भारतीय परंपरा आधारित पदनाम अपनाए गए हैं। यह भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। संशोधन के माध्यम से कुलगुरु के चयन की प्रक्रियाको और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। अब स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले योग्य शिक्षाविद कुलगुरु पद के लिए पात्र होंगे। साथ ही केवल शासकीय संस्थानों तक सीमित पात्रता समाप्त कर राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञों को भी अवसर उपलब्ध कराया गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सरकार केवल वर्तमान आवश्यकताओं के आधार पर नहीं, बल्कि आने वाले 20-25 वर्षों की स्वास्थ्य शिक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिल सके। चर्चा के उपरांत मध्यप्रदेश विधानसभा ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया।

विधानसभा में गलत जानकारी देने पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप ने दिया संशोधन वक्तव्य

# जयवर्धन सिंह के लगातार सवाल उठाने के बाद सरकार को स्वीकारनी पड़ी गलती

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे पर आखिरकार सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी। विधानसभा में जुलाई 2025 के सत्र में जयवर्धन सिंह द्वारा पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से गलत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। लगातार आपत्ति, पत्राचार और नियमों के तहत की गई कार्यवाही के



बाद स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विधानसभा में औपचारिक संशोधन वक्तव्य प्रस्तुत किया। जयवर्धन सिंह ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को विधानसभा में पूछे गए उनके तारांकित प्रश्न के उत्तर में विभाग द्वारा तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी दी गई थी। इसके बाद नवंबर 2025 के विधानसभा सत्र में जयवर्धन सिंह ने पुनः उसी विषय पर प्रश्न लगाया।

### छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर विजयवर्गीय का खंडन

**भोपाल।** विधानसभा में छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सफाई देते हुए इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने छात्रों के लिए ऐसे किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया और न ही उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा था। उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है।



मुख्यमंत्री से विधानसभा में मिले आगर-मालवा और जबलपुर के मेधावी विद्यार्थी, विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखी, शासकीय प्रक्रियाओं से हुए अवगत

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना जागरूक नागरिक की खास पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे विद्यार्थी देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। लोकतंत्र को समझना, उसके मूल्यों को आत्मसात करना और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना ही जागरूक नागरिक की पहचान है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

सरकार कैसे काम करती है, नियम-कानून कैसे बनाये जाते हैं, संसदीय परम्पराएं क्या होती हैं, विधानसभा यह सब जानने-समझने का सबसे उत्तम विद्यालय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मप्र विधानसभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक-1 में स्कूली बच्चों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री से विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही देखने आए आगर-मालवा जिले के विभिन्न अंचलों के 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों तथा स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, जबलपुर के 40 विद्यार्थियों ने सौजन्य भेंट कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे विधानसभा भ्रमण के अनुभव भी जाने। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि उन्हें पहली बार विधानसभा सत्र की सदन में चल रही कार्यवाही को निकट से देखने और संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला, जो उनके लिए अत्यंत रोचक एवं प्रेरणादायी अनुभव रहा।


मुख्यमंत्री से विधानसभा में आगर-मालवा और जबलपुर के मेधावी विद्यार्थियों ने की भेंट।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, सृजनशीलता और नवाचार की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आगर-मालवा जिले के आगर से विधायक माधव सिंह (मधु गहलोत) तथा जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी के मार्गदर्शन में भोपाल पहुंचे इन विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने हाथों से तैयार किए गए विभिन्न मॉडल एवं आकर्षक सीनरीज़ भी भेंट की।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया आत्मीय संवाद

## विधानसभा में दिव्यांग बच्चों ने देखी कार्यवाही

**भोपाल।** मप्र विधानसभा में बुधवार अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर सामाजिक समावेशन का दृश्य देखने को मिला। भोपाल के दो अलग-अलग संस्थानों के दिव्यांग बच्चों ने बुधवार को विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा में निजी विश्विद्यालय संशोधन विधेयक की बहस का दर्शक दीर्घा में बैठकर अवलोकन किया। आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. अजय खेमरिया के आग्रह पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विधानसभा के दरवाजे खोलने के निर्देश दिए। समर्थनम ट्रस्ट एवं शासकीय दृष्टि एवं वाक बाधित स्कूल के 24 बच्चों के साथ आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. खेमरिया ने सभी बच्चों को परिसर का अवलोकन कराया। भ्रमण के बाद अध्यक्ष तोमर ने दिव्यांग बच्चों को उन्हें अपने कक्ष के समीप कांफ्रेंस हाल में बुलाकर संवाद किया।



5 फाइनेंस किया आयशर ट्रक खरीदकर फरार हुए...





10 वाटर कलर के कैनवास पर सजी इतिहास प्रकृति और...






# विदेशी शराब के प्रीमियम ब्रांड की तस्करी का नेटवर्क पकड़ाया, 40 लाख की शराब जब्त

## शराब तस्कर राहुल की पत्नी को भी दबोचा, दो अन्य भी धराए, तीन कारों व घर से 750 बोतल अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, चार इमली समेत पॉश इलाकों में महंगी विदेशी शराब का नेटवर्क पकड़ा गया है। शराब तस्कर राहुल यादव आगरा, ग्वालियर के रास्ते हरियाणा से शराब मंगवाता था। आरोपी राहुल ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि यह शराब बंदरगाहों पर विदेशों से आती है।

टीम ने दो जवानों को खरीदार बनाकर आठ पेटी शराब का आर्डन दिया, जिसके बाद प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के नेटवर्क को तोड़ा गया, जिसमें चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें राहुल की पत्नी भी शामिल है। अवैध शराब के साथ पहले भी गिरफ्तार हो चुके तस्कर राहुल यादव जेल से छूटने के बाद फिर सक्रिय हो गया था। जिसके बाद दो आबकारी जवानों को सादे कपड़ों में खरीदार बनाकर राहुल से आठ पेटी शराब का ऑर्डर दिया, जिसके बाद पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

राहुल मंगलवार को गांधीनगर स्थित पंचवटी कॉलोनी में चार पहिया वाहन से शराब की खेप लेकर पहुंचा। पहले से घेराबंदी कर खड़ी आबकारी टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। उसकी कार की तलाशी में करीब 81 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई।

*आबकारी जवानों ने खरीदार बनकर तोड़ा तस्करी का नेटवर्क*

*आगरा, ग्वालियर के रास्ते हरियाणा से आ रही थी विदेशी शराब*

### गांधीनगर स्थित पंचवटी कॉलोनी में शराब की खेप लेकर पहुंचा था आरोपी



आबकारी अमले के साथ आरोपी पति-पत्नी और जब्त विदेशी शराब।

टीम जब राहुल को लेकर उसके घर पहुंची, तो वहां उसकी पत्नी के कब्जे से त्रिलंगा स्थित विकास कुंज से तीन कारों में रखी 411 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके बाद टीम ने चंचल साहू के घर पर दबिश दी, जहां से 54 लीटर अवैध विदेशी शराब मिली। इस तरह चारों से 750 बोतल अवैध शराब जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत 40 लाख रुपए आंकी जा रही है।

### प्रीमियम विदेशी ब्रांडों की होती थी तस्करी

उपायुक्त आबकारी वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि गिरोह केवल महंगे विदेशी ब्रांडों की शराब की तस्करी करता था। जब्त शराब में जॉनी वॉकर रेड लेबल, गोल्ड लेबल, डबल ब्लैक, ग्लेनफिडिच, द सिंगलटन, बॉम्बे सैफायर, ग्रे गूज, जैमसन, स्मरनॉफ और मैजिक मोमेंट्स जैसे प्रीमियम ब्रांड शामिल हैं।

### बड़ी पार्टियों में शराब सप्लाई करते थे

आरोपियों के कब्जे से विदेश में बनने वाली शराब की बॉटल जब्त की हैं। यह शराब अरेरा कॉलोनी, चार इमली समेत बड़ी पार्टियों में ही सप्लाई की जाती थी। टीम आरोपियों से इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। इसके साथ शराब खरीदारों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## अमरनाथ यात्रा पर गए भोपाल के श्रद्धालुओं से जाना कुशलक्षेम

**भोपाल।** बुधवार को लगातार चौथे दिन अमरनाथ यात्रा स्थगित रहने से भोपाल के करीब 400 से अधिक श्रद्धालुओं की कुशलक्षेम ऊं शिव शक्ति सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने मोबाइल से बात कर ली। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 19 जुलाई से आगामी सूचना तक बालटाल एवं पहलगांव दोनों मार्गों से यात्रा करने पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी गई है। इस कारण से भोपाल एवं आसपास के लगभग 400 यात्री जम्मू, बालटाल, पहलगाम, श्रीनगर, कटरा में फंसे हुए हैं। भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा यात्रियों से फोन पर बात करके उनकी जानकारी ली। सभी यात्री सकुशल हैं। हांलाकि इस बीच यात्रा योजना बदल गई है। भारी बारिश, भू स्खलन और खराब मौसम के कारण यात्रा बंद होने से 50 से अधिक श्रद्धालु हिमाचल के ज्वालामुखी, कांगड़ा देवी और चामुंडा देवी के दर्शन के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं करीब इतने ही श्रद्धालओं ने भोपाल लौटना शुरू कर दिया है। शेष श्रद्धालु पहलगाम और अन्य बेस कैंपों में यात्रा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। नटवर मिश्रा, पत्नी अंजलि मिश्रा, जेपी खरे और उनकी पत्नी के साथ बेस कैंप में रुके हुए हैं। उनका भोपाल लौटने का रेल आरक्षण 26 जुलाई का है। इसलिए वे अभी यात्रा शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जिम्मेदारों की छह वर्षों की निष्क्रियता पर की टिप्पणी

# एनजीटी ने एफटीएल में अवैध निर्माणों को संरक्षण मिलने की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में बुधवार को भोपाल वेटलैंड (बड़ा तालाब) में हो रहे अतिक्रमण और वेटलैंड नियमों के उल्लंघन के मामले पर सुनवाई हुई। इस मामले में राशिद नूर खान ने लगाई है। राशिद नूर खान ओर से पैरवी अधिकवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि बेंच ने इस मामले में 6 वर्षों से बरती जा रही लावरवाही और निष्क्रियता को लेकर राज्य शासन और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कठोर टिप्पणी की है। राज्य शासन की ओर से प्रशांत एम. हारने और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से डॉ. सपना अग्रवाल ने पक्ष रखा। भोपाल नगर निगम की ओर से गुंजन चौकसे और दिशा चौकसे ने जवाब दिया।

सुनवाई के दौरान एनजीटी ने कहा कि वर्ष 2020 से यह मामला न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित है, लेकिन करीब 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बेंच ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि संबंधित अधिकारियों को कानून के शासन का कोई सम्मान नहीं है। एनजीटी ने भोपाल नगर निगम एवं कलेक्टर, भोपाल को निर्देश दिया है कि फुल टैंक लेवल और बफर जोन के भीतर स्थित सभी अतिक्रमणों को विधि एवं नियमों के अनुसार हटाया जाए। अगली सुनवाई से पहले विस्तृत प्रगति प्रतिवेदन न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

*भोपाल वेटलैंड में अतिक्रमण के मामले में हुई सुनवाई*

*अगली सुनवाई में प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा*

### वर्ष 2020 से न्यायाधिकरण के समक्ष मामला लंबित





### नगर निगम ने प्रभावशाली अतिक्रमणों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की: तिवारी

न्यायाधिकरण ने यह भी कहा कि इस विषय पर पूर्व में उच्च न्यायालयों द्वारा भी विचार किया जा चुका है। उच्च स्तरीय समिति का गठन कर वेटलैंड क्षेत्र की पहचान एवं सीमांकन के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आज तक वास्तविक वेटलैंड क्षेत्र का निर्धारण एवं मापन नहीं किया जा सका। एनजीटी ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अप्रत्यक्ष रूप से इस आशंका को जन्म देती है कि प्रतिबंधित वेटलैंड क्षेत्र में पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन कर किए गए कुछ निर्माणों को संरक्षण देने का प्रयास



किया जा रहा है। आवेदक की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बेंच को बताया कि कुछ छोटे अतिक्रमण तो हटाए गए हैं, किन्तु बड़े एवं प्रभावशाली अतिक्रमणों के विरुद्ध अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है और इसके कारण केवल भोपाल नगर निगम ही बेहतर बता सकता है। इस पर भोपाल नगर निगम की ओर से यह स्वीकार किया गया कि वेटलैंड, निजी भूमि तथा कुछ शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण मौजूद हैं तथा कुछ मामलों में उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश प्रभावी हैं।

### दो महीने का वेतन नहीं मिलने पर शुरू की हड़ताल

# हमीदिया अस्पताल: वार्ड ब्वॉय हड़ताल पर परिजनों ने खुद धकेले स्ट्रैचर-व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को हमीदिया अस्पताल में मरीजों के साथ परिजनों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। दो महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज अस्पताल के वार्ड ब्वॉय हड़ताल पर चले गए। वार्ड ब्वॉय के अचानक हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई। मरीजों के परिजन खुद व्हीलचेयर और स्ट्रेचर धकेलते नजर आए, जबकि ऑक्सीजन सिलेंडर और बेड लिफ्ट के बाहर पड़े रहे। परिजनों ने कहा कि सुबह से कोई वार्ड बॉय नहीं दिखा, जिससे मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड और ओपीडी तक ले जाने में काफी परेशानी हुई।

> मरीजों को एक से दूसरे वार्ड, ओपीडी तक लेकर जाने में हुई खासी परेशानी



हमीदिया अस्पताल में व्हील चेयर पर मरीज को लेकर जाता परिजन।

### परिजन ने बताया- मरीज के सारे काम खुद करने पड़ रहे

एक परिजन ने बताया कि उनका मरीज मेडिसिन विभाग में भर्ती है। सुबह से कोई वार्ड बॉय नहीं आया, इसलिए मरीज को लाने-ले जाने और दूसरे जरूरी काम उन्हें खुद करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वॉर्ड बॉय नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। अपनी मां का इलाज कराने आए एक युवक ने कहा कि उन्हें मां को ओपीडी तक ले जाना है, लेकिन अस्पताल में कोई वॉर्ड बॉय नहीं मिला। इसलिए वह खुद व्हीलचेयर चलाकर ले जा रहे हैं।

### दोपहर बाद काम पर लौटे वार्ड ब्वॉय

वार्ड ब्वॉय के अनुसार पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्होंने काम बंद किया था। हालांकि दोपहर करीब एक बजे प्रशासन से चर्चा के बाद हड़ताल खत्म कर सभी कर्मचारी वापस ड्यूटी पर लौट आए। अस्पताल के एक जूनियर डॉक्टर ने बताया कि वार्ड ब्वॉय की हड़ताल का असर कामकाज पर पड़ा। मरीजों को एक से दूसरी जगह शिफ्ट करने में दिक्कतें आई।

### मिक्स लैंड यूज लागू करने की मांग

# आवासीय भवनों में संचालित व्यवसायों को बंद करने के नोटिस से व्यापारियों में गुस्सा



खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपते गोयल के साथ कारोबारी समूह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के 10-नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के बैनर तले व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि 10 नंबर मार्केट, अरेरा कॉलोनी, 11-12 नंबर मार्केट, 1100 क्वार्टर्स, रोहित नगर एवं बावड़िया कला के मुख्य मार्गों पर नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा जारी नोटिसों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई रोकी जाए तथा इन क्षेत्रों में मिक्स लैंड यूज लागू किया जाए।

### व्यापारियों, कर्मचारियों का रोजगार प्रभावित

महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने कहा कि व्यापारी नियमित रूप से नगर निगम को वाणिज्यिक कर, मप्र बिजली वितरण कंपनी को व्यावसायिक दरों पर बिजली शुल्क तथा नगर निगम का व्यावसायिक लाइसेंस शुल्क जमा कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. कृष्ण कटेवा, सुनील साहू, मुकेश जैन, डॉ. राजीव दलेला, डॉ. निधि सिंह, विवेक अग्रवाल, जितेंद्र उपाध्याय, प्रबुद्ध देव, विकास चतुर्वेदी, अमृत गहलोत, विजय वर्मा, रूपेश भाटिया सहित भोपाल के कई व्यापारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यदि इन नोटिसों पर कार्रवाई की गई तो हजारों व्यापारियों और कर्मचारियों का रोजगार प्रभावित होगा। शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान होगा।

### टैक्स नहीं चुकाया तो होगी कुर्की-तालाबंदी

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बुधवार को समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, लीज रेंट, किराया सहित सभी राजस्व मदों में वसूली तेज की जाए। बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कुर्की और तालाबंदी में ढिलाई न बरती जाए।

*खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान किया शुरू*

# दूध की जांच करने डेयरियों पर पहुंची टीम, बैरागढ़-ईंटखेड़ी से लिए 20 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूध और दूध के बने उत्पादों की जांच को लेकर बुधवार से खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान शुरु कर दिया है। जिसके तहत टीम ने डेयरियों से दूध, अमूल गोल्ड मिल्क, अमूल ताजा मिल्क और अमूल पनीर समेत अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं। इसके साथ पीपुल्स डेंटल अस्पताल की कैंटीन से घी, बेसन, नमक और इमली के सैंपल लिए हैं। जबकि जोमेटो हाईपर प्योर का भी निरीक्षण किया गया, जहां से अमूल गोल्ड, अमूल ताजा मिल्क और अमूल पनीर के सैंपल लिए गए हैं।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि अभियान के तहत राधा कृष्णा डेयरी सीटीओ बैरागढ़, श्रीकृष्णा डेयरी दाता कॉलोनी, सौरभ पॉइंट बैरागढ़, गुरवानी किराना एंड प्रोटीन बैरागढ़ से दूध, महादेव गंगे दूध डेयरी, वन ट्री हिल्स से पनीर, मिक्स मिल्क और दही के सैंपल लिए गए। बॉम्बे दूध डेयरी ईटखेड़ी से भी दूध और घी के सैंपल लिए गए हैं।



डेयरी से जांच के लिए दूध की बोतल लेती टीम।

### जोमेटो प्रबंधन सर्टिफिकेट पेश नहीं कर सका

पीपुल्स डेंटल हॉस्पिटल परिसर स्थित श्रीजी एंटरप्राइजेज द्वारा संचालित कैंटीन की शिकायत के आधार पर यहां से घी, बेसन, नमक और इमली के सैंपल लेकर राज्य लेबोरेटरी भेजे गए हैं। अभियान के तहत जोमेटो हाईपर प्योर का निरीक्षण किया गया। जहां से अमूल गोल्ड मिल्क, अमूल ताजा मिल्क और अमूल पनीर के सैंपल लिए गए। जांच में नियर एक्सपाइरी डेट और एक्सपायर प्रोडक्ट्स को लेकर जोमेटो प्रबंधन सर्टिफिकेट पेश नहीं कर सका। प्रबंधन को दस्तावेज पेश करने की हिदायत दी गई है।

### सीबीआई दिल्ली की टीम नहीं आई भोपाल, केस डायरी पेश नहीं की

# गिरिबाला सिंह के जमानत के आवेदन पर फिर टली सुनवाई

*अब सीबीआई के न्यायालय में कल होगी सुनवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में न्यायिक हिरासत में गांधी नगर केंद्रीय जेल भोपाल में बंद ट्विशा शर्मा की सास सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के नियमित जमानत आवेदन पर सीबीआई दिल्ली की टीम के भोपाल न आने और केस डायरी प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण सीबीआई की विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला के न्यायालय में बुधवार को होने वाली सुनवाई टल गई।

इससे पहले मंगलवार को भी जमानत आवेदन पर दो महिला न्यायाधीश द्वारा असमर्थता जताए जाने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में जमानत आवेदन स्थानांतरित किया था। 15 मई को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने गिरीबाला सिंह के अग्रिम जमानत आवेदन को उच्च न्यायिक सेवा में उच्च पद रहने के दौरान पद का दुरुपयोग नहीं किए जाने 63 वर्षीय वृद्ध महिला होने तथा आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने के आधार पर 50,000 रुपए की जमानत पर रिहा किए जाने के आदेश दिए थे। ट्विशा के परिजनों ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ में गिरीबाला सिंह को अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया था।





मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ ने 27 मई को सुनवाई के बाद गिरीबाला सिंह को भोपाल जिला न्यायालय द्वारा दी गई अग्रिम जमानत आवेदन को रद्द कर दिया था। सीबीआई ने 28 मई को गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। 2 जून को सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को न्यायिक हिरासत में गांधी नगर केंद्रीय जेल भेज दिया था।

### राहगीरों ने बाघ का सड़क पार करते वीडियो बनाया

# कलियासोत डैम के पास एक बार फिर टाइगर का मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत डैम के पास एक बार फिर बाघ का मूवमेंट देखने को मिला है। रात में बाघ सड़क पार करते हुए राहगीरों को दिखाई दिया, जिसका उन्होंने वीडियो बना लिया। वन्य प्राणी विशेषज्ञ का कहना है कि यह बाघ का इलाका है। इलाके में कई बाघ हैं।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो 5-6 दिन पुराना है, जो बुधवार को सामने आया। 12 मिनट के वीडियो में वयस्क बाघ सड़क पार करते हुए नजर आ रहा है। कुछ ही देर में वह झाड़ियों में चला गया। बाघ मित्र राशिद नूर ने बताया कि कलियासोत डैम, चंदनपुरा, केरवा समेत आसपास के जंगल में कई बाघ हैं।

वाल्मी की पहाड़ी पर भी इनकी मौजूदगी देखने को मिली है। अब यह कलियासोत डैम के गेट के आसपास दिखाई दिया है। उन्होंने बताया कि जब-जब शहर में मास्टर प्लान, भूमि उपयोग या शहरी विस्तार की चर्चा तेज होती है, तभी बाघ अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए जंगल और शहर की सीमाओं का एहसास करा देता है।

*वन्य प्राणी विशेषज्ञ का कहना- कलियासोत क्षेत्र बाघ का इलाका है*

*चंदनपुरा, केरवा समेत आसपास के जंगल में कई बाघ की मौजूदगी*

### भोपाल के आसपास करीब 25 किमी के दायरे में बाघों का मूवमेंट



वीडियो में सड़क पार करता बाघ।

भोपाल के आसपास करीब 25 किमी के दायरे में बाघों का मूवमेंट है। कलियासोत, केरवा के जंगल के साथ ही कोलार-बैरसिया इलाके में भी टाइगर देखे गए हैं। कलियासोत, केरवा, समरधा, अमोनी और भानपुर के दायरे में 13 रेसीडेंशियल बाघ हैं। कई बार भोज यूनिवर्सिटी में बाघ की चहल-कदमी देखने को मिली है। शहर से जुड़े रातापानी के जंगल में बाघ हैं।

### फुटपाथ पर खुली डीपी उगीं झाडियां, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एमएलबी कॉलेज परिसर की दीवार के पास फुटपाथ पर लगी बिजली की डीपी के खुले पड़े होने पर संज्ञान लिया है। मामले में कॉलेज के बाहर फुटपाथ पर लगी डीपी के दरवाजे टूटे और खुले पड़े है और डीपी चालू है। यहां तक कि इसमें झाड़ियां उग आई है। पौधों और नमी के कारण इसमें कभी भी शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इस कारण आवाजाही करने वाले लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने एमडी म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि., भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

## जैकेट का शेष...

### 29 साल पहले ...

प्रधान ने प्रदर्शन किया था। इसमें करीब 1,500 छात्र शामिल हुए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया था। प्रधान को बुरी तरह पीटा गया था। उनके शरीर में कई जगह चोटें आईं और फ्रैक्चर भी हुआ था।

### मंत्री का इस्तीफा ...

दौरान हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई पर दुख जताते हुए कहा कि शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर युवाओं की चिंताओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अन्ना हजारे ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की विपक्षी मांगों के बीच सरकार को जवाबदेही तय करने की सलाह दी। उन्होंने लिखा कि यदि किसी मंत्री का इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार कमजोर नहीं होगी, बल्कि अन्य मंत्रियों के बीच एक स्पष्ट संदेश जाएगा। इससे प्रशासन में उत्तरदायित्व बढ़ेगा और सरकार का कामकाज अधिक प्रभावी बनेगा। उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र में टकराव के बजाय बातचीत ही सबसे बेहतर विकल्प है।

### सीजेपी का इंस्टाग्राम ...

इंस्टाग्राम अकाउंट्स भी सस्पेंड हुए थे। तब दीपके ने दूसरा अकाउंट बनाया और अपने प्रदर्शन की तैयारी जारी रखी।

### मुख्य न्यायाधीश बोले ...

लोगों की पहचान और उन पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

### दिल्ली हाई कोर्ट...

उठाए। हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को घटनास्थल के बॉडी कैमरा और सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। वहीं, कोर्ट ने सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया।

### सोनम वांगचुक ने कहा ...

अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद संजय सिंह तमाम नेता मेदांता के गेट पर धरने पर बैठ गए।

### प्रदर्शनकारियों के गुस्से ...

फूट पड़ा है। पटना में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान कई छात्र सड़क पर लेट गए। पुलिस घसीटकर उन्हें अपने साथ ले गई। प्रदर्शनकारी एक बार फिर डाकबंगला पहुंचे। यहां छात्रों ने जमकर पत्थरबाजी की। कई पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी के सिर फट गए। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। पुलिस ने एक शख्स को भी हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस ने छात्रों को डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग करके रोका था। यहां करीब 1 घंटे तक छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पुलिस ने कई बार उन्हें हटने को कहा, लेकिन वो पीछे नहीं हटे।

## पेज एक का शेष...

### 'उम्मीद' की झड़ी...

हुई, जो सामान्य से 74.3 मिमी अधिक है। कई जिलों में तेज से भारी बारिश के बीच नदियां उफान पर हैं, जबकि डैम के गेट खोले जा रहे हैं। उमरिया में लगातार बारिश के बाद संजय गांधी ताप बिजली केंद्र से पानी छोड़ा जा रहा है। यहां बुधवार को एक गेट आधा मीटर खोलकर पानी छोड़ा गया।

### सीएम ने कहा-...

में हमने संविधान के अनुच्छेद 44 की मूल भावना को साकार करते हुए हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। समान नागरिक संहिता हमारी माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का सुरक्षा-कवच बनेगी।

**27 फीसदी आरक्षण के संबंध में सरकार कोर्ट में प्रभावी पक्ष रख रही है** : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में सरकार न्यायालय में प्रभावी पक्ष रख रही है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विधानसभा में ई-फाइल प्रणाली, दस्तावेजों का डिजिटलीकरण, समिति प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तथा युवा विधायक सम्मेलन जैसे अनेक नवाचार किए गए हैं। इन प्रयासों से मप्र विधानसभा देश की आधुनिक, तकनीक-सक्षम और प्रभावी विधानसभाओं में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष, सभी सदस्यों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

**अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का किया धन्यवाद** : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक तोमर को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जिस सुचारू, निष्पक्ष गरिमामयी और कुशल नेतृत्व के साथ सदन की कार्यवाही का संचालन किया है, वह वंदनीय है। मुख्यमंत्री ने प्रतिपक्ष के नेता उमंग सिंघार सहित विपक्ष के सभी सदस्यों और सत्ता पक्ष के अपने सभी साथी मंत्रियों व विधायकों का का भी आभार व्यक्त किया।

### श्रम संहिता विधेयक ...

जा रहा है। इससे हमारे श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यस्थल संबंधी प्रावधान अधिक प्रभावी और विधिक रूप से सुदृढ़ होंगे।

### सुशासन और नारी ...

भविष्य की नई शुरुआत है। इस सत्र में केवल विधेयकों और बजट पर चर्चा नहीं हुई, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास का नया अध्याय लिखा गया है।

### प्रदेश के विकास...

सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि समाज को धर्म और जाति के आधार पर विभाजित करने के बजाय सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है।

### पड़ोसी राज्यों के ....

उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। सरकार बजट की निर्धारित सीमाओं के भीतर रहकर प्रदेश की आर्थिक क्षमता को निरंतर मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वरिष्ठ आईएएस अफसर...

पत्थर साबित हो सकेंगे। चूंकि उन्होंने लंबे समय तक विभिन्न विभागों में रहकर काम किया है। प्रदेश की एक-एक जानकारी उनके पास है। ऐसे में उनके अनुभवों का लाभ निश्चत रूप से मिल सकेगा। देर रात बर्णवाल को मुख्य सचिव बनाने का आदेश जारी होते ही प्रशासनिक महकमे में अच्छी प्रतिक्रिया हुई है। बर्णवाल को गंभीर, सुलझा हुआ और सजग अफसर के रूप में भी जाना जाता है। उनकी ब्यूरोक्रेसी में अच्छी खासी पकड़ मानी जाती है।

**31 जनवरी 2027 को रिटायर होंगे बर्णवाल:** अशोक बर्णवाल को स्वास्थ्य, प्रशासन और नीति निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों में काम करने का लंबा अनुभव है। प्रशासनिक दक्षता और वरिष्ठता के आधार पर उन्हें प्रदेश की नौकरशाही का अनुभवी अधिकारी माना जाता है। अशोक बर्णवाल 31 जनवरी 2027 को रिटायर होंगे।

### 1991 बैच के ....

वे खाद्य सुरक्षा आयुक्त की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। इस संबंध में बुधवार को मध्य प्रदेश समान्य प्रशासन विभाग ने अशोक वर्णवाल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

### अब एसटी वर्ग ...

आरक्षित सीटों के अलावा सामान्य मेरिट (अनारक्षित) सीटों पर भी होता है। यदि ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया जाता है, तो यह अतिरिक्त 13% कोटा अनारक्षित सीटों से ही कटेगा। अनारक्षित सीटें कम होने से मेरिट के आधार पर चयनित होने वाले एसटी वर्ग के मेधावी अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित होंगे।

### राज्यमंत्री का फर्जी ...

पर विचार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारी ने कोर्ट के आदेश के साथ प्रभारी मंत्री के नाम का एक अनुशंसा पत्र (लेटरहेड) फाइल में लगा दिया। सीएमएचओ कार्यालय से फाइल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के पास पहुंची। दस्तावेजों की जांच के दौरान कलेक्टर को लेटरहेड में छपे मंत्री के नाम 'कृष्णा' की जगह 'कृणणा' और 'अल्पसंख्यक' शब्द की गलत वर्तनी (स्पेलिंग) देखकर संदेह हुआ। गहन स्क्रूटिनी में लेटरहेड के फर्जी होने की पुष्टि हो गई। कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्मचारी को निलंबित करने का आदेश जारी किया। साथ ही, सीएमएचओ को यह पता लगाने के निर्देश भी दिए हैं कि यह फर्जी लेटरहेड कहां से बनवाया गया और क्या इसके पीछे कोई संगठित रैकेट काम कर रहा है।

### मुस्लिम पक्ष की....

है। बुधवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी ने मामले का जिक्र करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। जवाब में राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने साफ किया कि जगह 2 किलोमीटर नहीं बल्कि 900 मीटर दूर है और सरकार इस मसले को हल कर लेगी। पीठ के सदस्य जस्टिस जोयमाल्या बाग्ची ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन उसकी मूल भावना के अनुसार ही होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने भोजशाला को वाग्देवी मंदिर घोषित किया था, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद मानता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए शुक्रवार की नमाज के लिए पास में ही खुली जगह देने का निर्देश दिया था।

### भोपाल के डाकघरों ...

दिशा रघुवंशी ने बताया कि सावन के दौरान बढ़ने वाली मांग को देखते हुए प्रदेश के सभी 43 प्रधान डाकघरों में गंगाजल का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डाकघरों के बाहर विशेष काउंटर और कैंप भी लगाए जाएंगे, जहां से लोग आसानी से गंगाजल प्राप्त कर सकेंगे।

### राम मंदिर ट्रस्ट ...

है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य राम मंदिर की सभी धार्मिक परंपराओं का संचालन वैदिक रामानंदी परंपरा के अनुरूप सुनिश्चित करना है। 9 सदस्यीय इस समिति में अयोध्या के स्थानीय संतों का बहुमत रखा गया है।

समिति के प्रमुख सदस्यों में महंत दिनेंद्र दास (निर्मोही अखाड़ा), महंत कमलनयन दास (मणिराम दास छावनी), महंत डॉ. रामानंद दास, राजकुमार दास और महंत मिथिलेशनंदिनी शरण। इनके अलावा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और जगद्गुरु स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ भी इसके सदस्य हैं। बैठक में कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि, अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी (पदेन सदस्य) प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। वहीं पद्मश्री के. परासरन, केंद्रीय सचिव प्रशांत लोखंडे और यूपी के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। राम मंदिर परिसर में स्थित 14 मंदिरों के संचालन और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए ट्रस्ट स्थायी अर्चक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करेगा।

### सीईओ चयन ...

के पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं, इसलिए चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए एक महीने का अतिरिक्त समय लिया गया है। प्रशासनिक पुनर्गठन और संगठनात्मक मुद्दों पर गहन मंथन के बाद अब ट्रस्ट की अगली बैठक 2 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

## सगौरिया जैन मंदिर से 18 अष्टधातु प्रतिमाएं चोरी



**नरसिंहपुर।** करेली थाना क्षेत्र के ग्राम सगौरिया स्थित प्राचीन जैन मंदिर में मंगलवार रात चोरों ने कटर से ताला काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से भगवान महावीर स्वामी समेत विभिन्न जैन तीर्थंकरों की लगभग 18 अष्टधातु की छोटी-बड़ी प्रतिमाएं चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मदद से साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि आरोपियों की पहचान और तलाश के लिए मंदिर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## साड़ी नहीं लाने पर पति की हत्या कर दी

**मुंबई।** साड़ी नहीं लाने को लेकर हुए घरेलू विवाद के बाद प्रेशर कुकर के ढक्कन से अपने पति की कथित तौर पर पिटाई करने और गला दबाकर उसकी हत्या करने के आरोप में 30 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है। बिहार के रोहतास जिले की रहने वाली आरोपी सुनीता देवी हरेराम सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

## 40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**महराजगंज।** सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40.47 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। भारत से नेपाल जा रहे नेपाल के रूपेंदेही जिले के निवासी रणवीर गुरुंग (19) को नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

*राज्यसभा में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिया ब्योरा*

## सीएपीएफ कर्मियों को 50% जीएसटी छूट, एमबीबीएस में 26 सीटें आरक्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इन पहलों में आर्थिक सहायता, शिक्षा संबंधी सुविधाएं, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीएपीएफ कर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के सामान पर 50 प्रतिशत की जीएसटी छूट, कर्मी के परिजनों को 25 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। यह भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए शुरू की गई एक विशेष पहल है। इसके तहत देशभर के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस और पेपरलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मी के परिजनों को 25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। वहीं, आतंकवादी हिंसा या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई में मृत्यु होने पर यह राशि 35 लाख रुपए होती है। सेवानिवृत्त सीएपीएफ कर्मियों और उनके जीवनसाथियों को सीजीएचएस/सीपीएमएफ अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं या उन्हें 1,000 रुपये प्रति माह का चिकित्सा भत्ता दिया जाता है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों के लिए आवासीय क्वार्टरों के पंजीकरण एवं आवंटन हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। यह विभिन्न बलों के बीच आवास आवंटन की सुविधा भी प्रदान करता है।







JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION · AFFORDABLE FEES · A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6295



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट-डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप-रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

### शब्द पहेली- 6294 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6305

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6304 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

फरियादी ने फाइनेंस कराया था 25 लाख का ट्रक, छह माह बाद बेच दिया

# फाइनेंस किया आयशर ट्रक खरीदकर फरार हुए जालसाज, जीपीएस सिस्टम निकालकर किसी और को बेचा, लगाई लाखों रुपए की चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फाइनेंस किया आयशर ट्रक खरीदकर तीन जालसाजों ने एक व्यक्ति को लाखों रुपए की चपत लगा दी। फरियादी ने घरेलू मजबूरी के चलते छह माह बाद ही ढाई लाख रुपए में ट्रक बेच दिया था। तय हुआ था कि 50 हजार रुपए प्रतिमाह की शेष 51 किश्तें आरोपी चुकाएंगे। लेकिन आरोपियों ने किश्त चुकाई और न ट्रक लौटाया। बताया जा रहा है कि जीपीएस सिस्टम निकालकर आरोपियों ने ट्रक किसी और को बेच दिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम खोखरी थाना मंडी जिला सीहोर निवासी नफीस खां (44) प्राइवेट काम करते हैं। साल 2023 में उन्होंने आयशर ट्रक फाइनेंस कराया था। लेकिन पत्नी की बामारी व अन्य मजबूरी के चलते उन्होंने ट्रक बेचने का मना बना लिया।

आरोपियों ने निर्धारित 50 हजार की किश्त जमा नहीं की


फाइल फोटो

**अनुबंध होने के बाद आरोपियों को सौंप दिया**

ट्रक बेचने के लिए नफीस की मुलाकात जेपी नगर में रहने वाले राजेश कुशवाह से हुई। राजेश ने उन्हें जिया उल इस्लाम व नईम से मिलवाया। फरवरी 2024 में नफीस खां ने अपना ट्रक दो लाख 40 हजार रुपए में जिला उल इस्लाम व नईम को बेच दिया। ट्रक बेचने का एग्रीमेंट राजेश कुशवाह के नाम से कराया गया। तय हुआ था कि शेष बची 50 हजार 597 रुपए की 51 मासिक किश्त जिया इस्लाम और नईम अदा करेंगे। इसके अलावा वे दोनों राजेश को भी दस हजार रुपए प्रतिमाह देंगे। अनुबंध होने के बाद नफीस खां ने ट्रक राजेश, जिया व नईम को सौंप दिया। फाइनेंस कंपनी की सुरक्षा के लिए एक्सिस बैंक के तीन चेक भी दिए गए। वाहन सुपुर्द किए जाने के करीब एक माह बाद नफीस खां को पता चला कि वाहन की निर्धारित किश्त जमा नहीं की गई है। जब उन्होंने राजेश कुशवाह से संपर्क किया तो उसने बताया कि वाहन नईम और जिया चला रहे हैं। वही किश्तों का भुगतान करेंगे।

**जीपीएस सिस्टम बंद कर बेच दिया ट्रक**

जांच के दौरान पता चला कि 11 फरवरी 2024 को आयशर ट्रक का जीपीएस सिस्टम बंद कर दिया गया था। जिससे वाहन का पता लगाना कठिन हो गया। बाद में पता चला कि आरोपियों ने जीपीएस सिस्टम निकालकर गाड़ी किसी को बेच दी है। आरोपी न तो किश्तों का भुगतान कर रहे हैं और न ही वाहन लौटा रहे हैं। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी राजेश कुशवाह, जिया और नईम के खिलाफ साजिश रचकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मोबाइल पर कहा- मैं अस्पताल में भर्ती हूं, आपको पैसे डाल रहा हूं, आप ऑनलाइन भुगतान कर दो

## रिश्तेदार बताकर अस्पताल का बिल देने फायर ब्रिगेड के रिटायर्ड कर्मचारी से ठगी

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में साइबर जालसाज ने फायर ब्रिगेड के रिटायर्ड कर्मचारी को 81 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने कहा कि मैं अस्पताल में भर्ती हूं। आपके खाते में पैसे डाल रहा हूं। आप अपने मोबाइल से अस्पताल बिल का ऑनलाइन दे दो। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुर्गी बाजार के पास जहांगीराबाद निवासी खालिद सिद्दीकी (64) फायर ब्रिगेड के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। सोमवार 20 जुलाई की शाम वह मुर्गी बाजार चौराहे के पास किसी काम से खड़े थे। तभी किसी अज्ञात नंबर से एक व्यक्ति का कॉल आया। फरियादी उसे पहचान नहीं पाए। तब उसने खुद को करीबी रिश्तेदार बताते हुए अपना नाम भी बताया। खालिद सिद्दीकी को लगा कि वाकई वह कोई करीबी रिश्तेदार है। मोबाइल पर हालचाल जानने के बाद जालसाज ने कहा कि वह अपने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसे अस्पताल के बिल का भुगतान करना है। उसके मोबाइल से क्यूआर कोड पर भुगतान नहीं हो पा रहा है। उसने कहा कि वह आपके मोबाइल नंबर पर पैसे भेज रहा है। आप अपने यूपीआई से क्यूआर कोड पर भुगतान कर दीजिए। पुलिस ने बताया कि खालिद उसकी बातों में आ गए और भेजे गए क्यूआर कोड पर अलग-अलग बार में 81 हजार रुपए का भुगतान कर दिया। बाद में उन्होंने अपना बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में कॉल करने वाले व्यक्ति ने पैसे नहीं भेजे हैं। ठगी का अहसास होने पर वह परिजनों के साथ थाने पहुंचे और अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करा दिया।

## महानगर बैंक गरीबों के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर: मराठे



**संतनगर।** भारतीय रिज़र्व बैंक के डायरेक्टर सतीष मराठे मुम्बई, जनता नाग. सहकारी बैंक, पुणे के अध्यक्ष अभय माटे एवं प्रदेश के सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान द्वारा महानगर नागरिक सहकारी बैंक में सीधे विमानतल से पहुंच कर अवलोकन किया। महानगर बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने अतिथियों का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया और बैंक की सेवाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। मराठे ने भारतीय रिज़र्व बैंक के नवीन निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने महानगर बैंक की वर्तमान सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया और प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी ने किया। इस मौके पर बैंक के नरेन्द्र लालवानी, बसंत चेलानी एवं बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 700 | 78 | 260 |
| रात: | 378 | 86 | 178 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 148 | 39 | 568 |
| रात: | 789 | 48 | 378 |

आरोप: लोन की किश्त जमा नहीं करने पर बैंक वाले दबाव बना रहे थे, सुसाइड नोट भी मिला

फार्म हाउस में काम करने वाले युवकों ने पेड़ पर लटका देखा था शव

# बैंक की लोन की किश्त जमा नहीं करने से परेशान था युवक कलियासोत के जंगल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**युवक ने मकान बनाने के लिए लोन लिया था, फिर ऋण चुकाने गोल्ड लोन लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत डैम के पास जंगल में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फार्म में काम करने वाले युवकों ने उसे पेड़ पर लटका देख मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने मकान बनाने लोन लिया था। लोन की किश्त जमा नहीं करने पर बैंक वाले उस पर दबाव बना रहे थे। बैंक का लोन चुकाने उसने गोल्ड लोन अलग से ले लिया था।

पुलिस के अनुसार राजमणि पटेल बुद्धसेन पटेल (35) बल्लभ नगर झुग्गी, अरेरा हिल्स में रहता था। उसने नीलबड़ की श्रीधाम कॉलोनी में लोन लेकर मकान बनाया था और चूनाभट्टी स्थित एक बंगले पर

**पत्नी से आखिरी बार देर रात हुई थी बात, बंगले पर पंद्रह हजार वेतन पर करता था काम**

पंद्रह हजार रुपए प्रतिमाह के वेतन पर नौकरी कर रहा था। राजमणि ने सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे पत्नी से मोबाइल पर बात की। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। इधर मंगलवार दोपहर तीन बजे कलियासोत के पास फार्म हाउस में काम करने वाले युवकों ने रस्सी के सहारे पेड़ पर लाश लटकी देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मृतक की बाइक सड़क पर मिल गई। मृतक की शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने परिजन से संपर्क किया।



**बुधवार को कराया गया पीएम**

एसआई केपी मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजमणि पटेल के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पत्नी और परिजन से पूछताछ में पता चला कि उसने मकान बनाने के लिए बैंक से लोन लिया था। महज पंद्रह हजार रुपए के वेतन में वह लोन की किश्त नहीं चुका पा रहा था। बैंक लोन की किश्त मांगने बार बार कॉल कर रही थी। किश्त जमा करने के लिए राजमणि ने गोल्ड लोन ले लिया। दो लोन लेने के बाद उसकी माली स्थिति और बिगड़ गई थी।

रेपिडो बुक कर कोलार से आए थे नारायण नगर वाइन शॉप

## ट्रेन की चपेट में आने से एसबीआई के पूर्व कर्मी की मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नारायण नगर में अंडर ब्रिज पर ट्रेन की चपेट में आने से एसबीआई के रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई। वह रेपिडो बुक कर कोलार कान्हाकुंज से नारायण नगर बागसेवनिया आए थे। वहां कलारी पर शराब पीने के बाद घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान अंडरब्रिज के पर रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन से टकराने के कारण उन्हें सिर में बाईं ओर गंभीर चोट थी। पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अनिल आर गणवीर (62) कान्हाकुंज कोलार में रहते थे और एसबीआई से रिटायर्ड थे। सोमवार शाम करीब सात बजे घर से वह रेपिडो बुक कर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। रात करीब दो बजे पुलिस को आरपीएफ ने सूचना दी कि अंडरब्रिज पर किसी बुजुर्ग की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से मोबाइल मिला। मोबाइल में मिलने नंबर से परिजन से संपर्क हो सका। पुलिस का कहना है कि सिर में चोट होने से अनुमान है कि वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए है। यह भी बताया जा रहा है कि वह परिजन से विवाद कर घर से आए थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान नहीं हो सके हैं। विस्तृत बयान होने के बाद ही घटना की सही वजह का पता चल सकेगा।

## पेरोल पर आए बदमाश पर दुकान में घुसकर बदमाशों ने चाकू से किया जानलेवा हमला

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित बाबा चौराहा पर मंगलवार शाम चार बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर निगरानी बदमाश पर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। पीठ, सिर और हाथ में चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निगरानी बदमाश की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोहित वर्मा उर्फ रोहित कबाड़ी (35) बाबा चौराहा पर हनुमान मंदिर के सामने रहता है। वह अशोका गार्डन का निगरानी बदमाश है। उस पर 46 अपराध दर्ज है। आपराधिक मामले में वह जेल में है। मां की मृत्यु होने पर वह जेल से पंद्रह दिन की पेरोल पर आया था। मंगलवार शाम वह बाबा चौराहा पर चाय की दुकान पर बैठा था। वह लुडो खेल रहा था। इसी बीच सुमित उर्फ सुम्मी, अनिकेत, विक्की उर्फ डोलन, संजय सहित अन्य साथियों के साथ पहुंचा और रोहित वर्मा से गालीगलौज शुरू कर दी। रोहित कुछ समझ पाता इससे पहले ही बदमाशों ने अपने पास रखे चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने उसकी पीठ पर करीब पांच से छह वार किए थे।

- मां की मृत्यु होने पर पंद्रह दिन की पेरोल पर आया था, बाबा चौराहा अशोका गार्डन की घटना

**हत्या के इरादे से आए थे बदमाश**

एसआई विजय भामरे ने बताया कि सभी बदमाशों के पुराने रिकार्ड हैं। वह आदतन है और रोहित कबाड़ी की हत्या करने के इरादे से आए। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर हैं।

## युवक पर फायर, हाथ में लगी गोली

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए फायर कर दिया। फायर होने से गोली युवक को हाथ में लगी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर एक नामजद आरोपी और उसके साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अमन पिता सलीम (22) श्यामला हिल्स इलाके में रहता है और प्राइवेट काम करता है। मंगलवार रात वह अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए पुराने शहर गया था। घूमते घूमते रात करीब दो बजे अमन, वाजपेयी नगर मल्टी पहुंच गया। देर रात मल्टी के आसपास मिलने से यहां रहने वाले हेमंत और उसके साथियों ने उसे रोक लिया। वह कहने लगे कि तू नया दिख रहा है यहां। इसके बाद उससे पूछताछ करने लगे। अमन ने उनका विरोध किया तो किसी ने अमन पर फायर कर दिया।

कटारा हिल्स पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कटारा के झागरिया में ड्रग पेडलर से 4.37 ग्राम स्मैक पाउडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स पुलिस ने झागरिया बस्ती में रहने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 4.37 ग्राम स्मैक पाउडर जब्त किया है। जब्त स्मैक पाउडर की कीमत 45 हजार रुपए बताई जा रही है। कटारा हिल्स पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई करते हुए बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसने पास से डेढ़ सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत इलाके में नशे का कारोबार करने वालों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम झागरिया में एक संदिग्ध इलाके में स्मैक पाउडर बेचता है। पुलिस ने आरोपी पर नजर रखी और सही समय पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.37 ग्राम स्मैक पाउडर मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय पिता गंगाराम अहिरवार (20) रचना ग्राम झागरिया बताया। जब्त स्मैक पाउडर की कीमत 45 हजार रुपए बताई जा रही है।



**करोंद से लेकर आते थे स्मैक**

अजय से पूछताछ में पता चला कि स्वामी विवेकानंद परिसर के सामने मदनी नगर में रहने वाले तौहीद की मदद से वह करोंद थाना निशातपुरा में रहने वाले एक तस्कर से स्मैक पाउडर खरीदते थे। स्मैक पाउडर की वह ऑनलाइन पैमेंट करते थे। पैमेंट का स्क्रीन शॉट भेजने के बाद तस्कर उन्हें करोंद बुलाता था और बताता था कि स्मैक कहां रखा है और उसे कहां से उठाना है। अजय ने जिस अकाउंट में यूपीआई से पैमेंट किया है। उस अकाउंट के धारक का नाम अनुज साहू है। अब पुलिस अनुज साहू और तौहीद निवासी मदनी नगर की तलाश कर रही है। इसी थाना क्षेत्र स्थित बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर जितेंद्र पेटल को गिरफ्तार कर उसके पास से 150 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी बगरौदा में चाय की दुकान का संचालन करता था। चाय की दुकान से ही वह गांजे की पुड़िया बेचता था।

## हेल्पलाइन साथी का किया शुभारंभ संभाग आयुक्त शर्मा ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुरक्षा एवं समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, औबेदुल्लागंज ने मनोरक्षा इंडिया के सहयोग से साथी 24×7 मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहायता हेल्पलाइन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह बच्चों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करे। विद्यालय की डायरेक्टर ने कहा कि जब बच्चा भीतर से परेशान होता है तो अक्सर उसे सुनने वाला कोई नहीं होता। 'साथी' हेल्पलाइन उसी कमी को पूरा करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में एसडीएम, टीआई, सीएमओ, तहसीलदार, नगर पंचायत अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया

## पुलिस ने नशे के दुष्परिणाम बताए लोगों को दिलाई दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नशे से दूरी है जरुरी 2.0 अभियान में हर जिले में नशा मुक्ति के लिए जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन में एसडीओपी शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी बीपी सिंह के नेतृत्व में नागरिक, व्यापारी, जनप्रतिनिधियो के साथ पोस्टर व स्लोगन से नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक किया व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। परिवार व आसपास के लोगों को जागरुक करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ सचिव प्रदीप अरोरा देवेंद्र सिंह राजू विजय जैन दिनेश सेन विवेक मित्तल आशीष दीक्षित अशोक जायसवाल बल्लु अरोरा कैलाश डब्बू नागर अंकुर अग्रवाल आदि लोगों ने शपथ ली।

**नजीराबाद में चलाया नशामुक्ति अभियान**



**नजीराबाद।** नजीराबाद थाना प्रभारी, पुलिस स्टाफ नशा मुक्ति अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है। पुलिस नशे से होने वाले नुकसान बता रही है।

आए दिन होता है विवाद, पूज्य सिंधी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

# हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर हाथ ठेलों के अतिक्रमण से ट्रैफिक बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

शहर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम जोन कार्यालय पहुंचकर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, जोनल अधिकारी नीरज राय सहित निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि संत हिरदाराम नगर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न सड़कों पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। फ्लाईओवर निर्माण के चलते सड़क की चौड़ाई पहले ही कम हो गई है, वहीं ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क किनारे कब्जा किए जाने से आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम जोन कार्यालय पहुंचकर पार्षदों और नगर निगम अधिकारियों से मुलाकात कर बताई समस्या


पार्षदों और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

**अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**

पंचायत ने निगम अधिकारियों से मांग की कि शहर के प्रमुख मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात सुचारु हो और आम नागरिकों को राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव राजकुमार वाधवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, राकेश शेवानी, किशोर साधवानी, माधव पारदासानी एवं पुरुषोत्तम हरचंदानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**नगरवासियों के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार एवं गाली-गलौज की घटनाएं हो रही**

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक रोड पर सब्जी विक्रेताओं ने अस्थाई उप सब्जी मंडी बना ली है। इसी तरह चंचल रोड, आरा मशीन रोड और इलाहाबाद बैंक रोड पर भी ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया गया है। इसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती है और नगरवासियों के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार एवं गाली-गलौज की घटनाएं भी सामने आती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आशंका जताई कि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

अष्टानिका पर्व के दूसरे दिन हुए अनुष्ठान

## श्रद्धालुओं ने किया सिद्ध चक्र महामंडल विधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

अष्टानिका पर्व के दूसरे दिन बुधवार को स्टेशन रोड पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के डॉ. मीना जैन इंद्रा जैन पूर्व पार्षद मीना जैन अनीता जैन आदि संयुक्त रूप से सिद्ध चक्र महामंडल विधान कर रही हैं। प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में नीति अनुराग जैन सिद्ध चक्र विधान भक्ति भाव से कर रहे हैं। जैन धर्म के अष्टानिका पर्व पर जैन समाज द्वारा श्री नंदी ईश्वर विधान की पूजा-अर्चना प्रतिदिन भक्ति भाव से की जा रही है। मनोज इज़रदार सुषमा एवं कविता मिलकर नंदीश्वर विधान कर रही हैं।


अनुष्ठान करतीं महिला श्रद्धालु।

पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे 17 जुलाई को किए गए थे घोषित

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: मैदानी प्रक्रिया पूरी हुए करीब दो महीने से अधिक समय बीत चुका, अब शहरवासियों को नतीजों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की मैदानी प्रक्रिया पूरी हुए करीब दो महीने से अधिक समय बीत चुका है। अब नगर निगम और शहरवासियों की नजरें केवल परिणामों पर टिकी हैं। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे 17 जुलाई को घोषित किए गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार भी केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय जल्द ही देशभर की स्वच्छता रैंकिंग जारी कर सकता है।



फाइल फोटो

### बेहतर प्रदर्शन का दावा

इस बार भोपाल ने सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन का दावा किया है। नगर निगम का कहना है कि पूरे वर्ष सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, वेस्ट प्रोसेसिंग, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था और नागरिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। सर्वे के दौरान केंद्रीय मूल्यांकन टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के निरीक्षण किया था।

### 10 दिन तक 6 सदस्यों ने किया था निरीक्षण

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए तीन टीमों में शामिल छह सदस्यों ने दस दिन तक शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने झीलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों, ट्रांसफर स्टेशनों, कचरा प्रसंस्करण केंद्रों, सार्वजनिक शौचालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट से रियल-टाइम फोटो और वीडियो सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपलोड किए।

### देश में नंबर-1 आने की तैयारियां की थीं

महापौर मालती राय का कहना है कि नगर निगम ने राजधानी को देश में नंबर-1 में श्रेणी में लाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी। हमें आशा है कि हमारा शहर देश के सबसे स्वच्छ शहर में आएगा और देश का पहला शहर बनेगा।

### सिटीजन फीडबैक की रहेगी अहम भूमिका

इस बार सर्वेक्षण का फोकस केवल दस्तावेजों पर नहीं बल्कि जमीनी साफ-सफाई, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, नागरिकों की भागीदारी और स्थायी स्वच्छता व्यवस्था पर रहा। इसमें बडी भूमिका सिटीजन फीडबैक की रहेगी। गौरतलब है कि बीते साल घोषित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में भोपाल ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया था।

## खबर संक्षेप

### अंतर्विभागीय समिति का जेंडर रेस्पोंसिव बजट की निगरानी के लिए गठन

**भोपाल।** राज्य शासन की ओर से जेंडर रेस्पोंसिव बजट की राज्य स्तर पर समीक्षा एवं निगरानी के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव महिला एवं बाल विकास की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, विकस सह-सदस्य सचिव योजना आयोग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास और अन्य आमंत्रित विभाग के प्रतिनिधि/सलाहकार सदस्य होंगे।

### राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने 1400 से अधिक को किया पदोन्नत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि उपज विपणन (मंडी) बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए जुलाई माह खुशियों की सौगात लेकर आया है। मंडी बोर्ड द्वारा 30 से अधिक संवर्गों में 1400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति में मुख्य रूप से अपर संचालक के 02, संयुक्त संचालक के 03, उप संचालक के 06, सहायक संचालक के 03, सहायक यंत्री के 30, लेखापाल (ब) के 61, वरिष्ठ अंकेक्षक के 31, सचिव (अ) के 11, सचिव (ब) के 15, सचिव (स) के 107, मंडी निरीक्षक के 774, सहायक ग्रेड-2 के 46 पद तथा सहायक ग्रेड-3 के 18 पद शामिल हैं। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक-सह-आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न संवर्गों में पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं।

राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ के शुभारंभ पर रखे विचार

# बेहतर शिक्षा हमारा ध्येय, केवल नैक ग्रेड प्राप्त करना उद्देश्य नहीं: परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा ही विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत की सशक्त आधारशिला है। हमारा उद्देश्य केवल राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की ग्रेड प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक, नवाचार आधारित एवं मूल्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। परमार बुधवार को राजधानी में राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ (सैक) के शुभारंभ, उसके आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) के अनावरण तथा आईक्यूएसी समन्वयकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता संवर्धन, संस्थागत उत्कृष्टता तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मानकों के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सैक का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया के हर चरण में प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग तथा सतत परामर्श उपलब्ध कराएगा।

मप्र में उच्च शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन की नई पहल, सैक का शुभारंभ, 341 संस्थानों के आईक्यूएसी समन्वयकों का प्रशिक्षण शुरू




### अनुपम राजन ने दिए निर्देश

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने कहा कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल नवाचार, अनुसंधान एवं कौशल विकास के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सैक को नियमित प्रशिक्षण आयोजित करने तथा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय एवं गुणवत्ता मानकों के साथ-साथ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने सैक की स्थापना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा राज्य के समग्र विकास की आधारशिला है। नैक संस्थानों में गुणवत्ता, अनुसंधान, सुशासन एवं सतत सुधार की संस्कृति विकसित करने का प्रभावी मंच सिद्ध होगा।

340 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात

# मुख्यमंत्री डॉ यादव आज चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में उनकी 120वीं जन्म जयंती के अवसर पर कृषि उपज मंडी में गुरुवार 23 जुलाई को बलराम कृषि महोत्सव, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जन्मजयंती समारोह आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे। इसके बाद वे मुख्य कार्यक्रम स्थल कृषि मंडी पहुंच कर बलराम कृषि महोत्सव में जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद कर कृषि क्षेत्र में नवाचार,आधुनिक तकनीकों तथा कृषि विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।



### विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन-लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ यादव आलीराजपुर जिले को विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के लगभग 287.32 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में सड़क संपर्क, शिक्षा, सिंचाई, विद्युत अधोसंरचना तथा ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**क्र. 1264/भू- अर्जन/2026**

**भोपाल, दिनांक : 17.07.2026**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक 18/अ-82/2025-26**

**घोषणा**

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा - 19**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।
चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु **ग्राम हताई खेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।
अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे. में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | हुजूर | हताई खेड़ी | 10.0100 हे. | 3.7963 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम, भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**
**ग्राम का नाम हताई खेड़ी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे. में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | हीरा लाल पिता राम गोपाल | 314 | 0.5700 | 0.0666 | निजी | सिंचित |
| 2 | हीरा लाल पिता राम गोपाल | 313 | 0.6900 | 0.3567 | निजी | सिंचित |
| 3 | धर्मेन्द्र पुत्र स्व. लखनलाल (1/4), सुशीला पत्नी स्व. लखनलाल (1/4), रीना पुत्री स्व. लखनलाल (1/4), कमलेश पुत्रगण स्व. लखनलाल (1/4) | 312 | 1.4400 | 0.6822 | निजी | सिंचित |
| 4 | देवेन्द्र कुमार पिता प्रेमनारायण | 305 | 0.3000 | 0.0960 | निजी | सिंचित |
| 5 | देवेन्द्र कुमार पिता प्रेमनारायण | 304 | 0.2200 | 0.0598 | निजी | सिंचित |
| 6 | देवेन्द्र कुमार पिता प्रेमनारायण | 302 | 0.3400 | 0.0275 | निजी | सिंचित |
| 7 | कृष्णाबाई पत्नी रमेश चन्द (1/2), अर्जुनसिंह पिता हजारीलाल (1/2) | 281 | 0.4300 | 0.0030 | निजी | सिंचित |
| 8 | कृष्णाबाई पत्नी रमेश चन्द (1/2), अर्जुनसिंह पिता हजारीलाल (1/2) | 284 | 0.1800 | 0.0537 | निजी | सिंचित |
| 9 | प्रेमनारायण पुत्र ज्ञानसिंह | 283 | 0.1800 | 0.1800 | निजी | सिंचित |
| 10 | राकेश कुमार चन्द्रवंशी पिता कैलाशप्रसाद | 282 | 0.2800 | 0.1230 | निजी | सिंचित |
| 11 | अर्जुन सिंह पिता प्रेमनारायण (1/2), सुनील कुमार पिता प्रेमनारायण (1/2) | 285 | 1.4100 | 0.5334 | निजी | सिंचित |
| 12 | अर्जुन सिंह पिता प्रेमनारायण (1/2), सुनील कुमार पिता प्रेमनारायण (1/2) | 287 | 0.2200 | 0.1020 | निजी | सिंचित |
| 13 | भूरी बी पत्नी स्व. इमाम अली, सबीना बी पुत्री स्व. इमाम अली, नगीना बी पिता स्व. इमाम अली, नूर अली, मोहब्बत अली, वाहिद अली, साबिर अली पिता शहजादबी, जमीला बी, सग्गोबी पिता इस्लाम अली | 277 | 0.2500 | 0.1262 | निजी | सिंचित |
| 14 | अनुराधा पाठक पत्नी अनुराग श्रीवास्तव | 276/1 | 0.1260 | 0.1067 | निजी | सिंचित |
| 15 | भूरी बी पत्नी स्व. इमाम अली, सबीना बी पुत्री स्व. इमाम अली, नगीना बी पिता स्व. इमाम अली, नूर अली, मोहब्बत अली, वाहिद अली, साबिर अली पिता शहजादबी, जमीला बी, सग्गोबी पिता इस्लाम अली | 276/2 | 0.2640 | 0.2105 | निजी | सिंचित |
| 16 | कृष्णाबाई पत्नी प्रेमनारायण | 275 | 0.3400 | 0.2985 | निजी | सिंचित |
| 17 | कैलाश प्रसाद पिता बालमुकुन्द | 267 | 0.1800 | 0.0070 | निजी | सिंचित |
| 18 | कृष्णाबाई पत्नी प्रेमनारायण | 274 | 0.1800 | 0.0168 | निजी | सिंचित |
| 19 | प्रेमनारायण पुत्र ज्ञानसिंह | 272 | 0.8700 | 0.0365 | निजी | सिंचित |
| 20 | प्रेमनारायण पुत्र ज्ञानसिंह | 268 | 0.5600 | 0.1422 | निजी | सिंचित |
| 21 | अमान खान पुत्र एजाज अहमद खान | 256/1 | 0.5460 | 0.2130 | निजी | सिंचित |
| 22 | अनुराधा पाठक पत्नी अनुराग श्रीवास्तव | 256/2/1 | 0.3080 | 0.2940 | निजी | सिंचित |
| 23 | भूरी बी पत्नी स्व. इमाम अली, सबीना बी पुत्री स्व. इमाम अली, नगीना बी पिता स्व. इमाम अली, नूर अली, मोहब्बत अली, वाहिद अली, साबिर अली पिता शहजादबी, जमीला बी, सग्गोबी पिता इस्लाम अली | 256/2/2 | 0.1260 | 0.0610 | निजी | सिंचित |
| | **कुल योग** | | **10.0100** | **3.7963** | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।
भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।
प्रकाशन की **तारीख से 30 दिवस** की समयावधि में हितबद्ध पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**
म.प्र. माध्यम/127089/2026
**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन**


# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीएम धन-धान्य कृषि योजना समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत प्रदेश के चयनित जिलों में क्रियान्वित योजना की निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना समिति का गठन किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में कृषि उत्पादन आयुक्त को उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास को सदस्य-सचिव नामित किया गया है। सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास, पशुपालन डेयरी विकास, सहकारिता, जल संसाधन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, कुलपति, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर, राज्य प्रतिनिधि नाबार्ड मध्यप्रदेश भोपाल और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति कन्वेनर मध्यप्रदेश भोपाल सदस्य होंगे। समिति के दायित्व एवं कार्य अंतर्गत समिति योजना के क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा करेगी। सभी संबंद्ध विभागों के बीच योजनाओं का अभिसरण एवं जिलों को समय पर बजट आवंटन कराया जाएगा।



### भारत औद्योगिक विकास, योजना क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

**भोपाल।** भारत औद्योगिक विकास योजना में प्रस्तावित परियोजनाओं के मूल्यांकन, अनुशंसा तथा योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। योजना वर्ष 2031-32 तक प्रभावशील रहेगी। योजना का उद्देश्य देश में निवेश के लिए तैयार एवं विश्वस्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना का विकास करना है, जिससे विनिर्माण क्षमता में वृद्धि एवं निवेश को प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव जल संसाधन, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, ऊर्जा, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार की ओर से नामांकित अधिकारी सदस्य होंगे।

# अनियमितता पाए जाने के बाद वन विभाग को निरस्त करनी पड़ी पदोन्नति सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग के खंडवा वृत में पदोन्नति सूची में गड़बड़ी सही पाए जाने के बाद 13 जुलाई को जारी की गई पदोन्नति सूची को निरस्त कर दिया गया है। मुख्य वन संरक्षक खंडवा वृत को 20 जुलाई को फिर से वनरक्षक से वनपाल एवं वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल की नई पदोन्नति सूची जारी करना पड़ी है।

इस कार्यवाही से प्रमाणित हो गया है कि वन विभाग में वन अधिकारियों ने पदोन्नति करने में बड़े पैमाने में गड़बड़ी की है। जिस कारण कई वन कर्मचारियों को पात्र होने के बादजूद भी पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया में की गई गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच करने और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को दंडित करने की मांग की है। मप्र वन कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि खंडवा वृत में पदोन्नति में की गई गड़बड़ी की शिकायत करने पर जब जांच की गई तो पदोन्नति में गड़बड़ी पाई गई और मुख्य वन संरक्षक ने 13 जुलाई को जारी की गई पदोन्नति सूची को निरस्त करते हुए 20 जुलाई को नए सीरे से वनरक्षक से वनपाल एवं वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल की संशोधित पदोन्नति सूची जारी करनी पड़ी, जिसमें दर्जनों वन कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है जिन्हें पूर्व में अपात्र करके पदोन्नति से वंचित कर दिया गया था। पांडे ने बताया कि ऐसी ही गड़बड़ी इंदौर, रीवा, जबलपुर, छिंदवाड़ा में भी की गई है। जिनकी जांच चल रही है।

दिल्ली की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण:अभाविप

# आंदोलन की आड़ में समाज विरोधी तत्वों ने किया अराजकता फैलाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जंतर-मंतर पर नीट-यूजी सहित विभिन्न शिक्षा संबंधी विषयों को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न अराजकता, विद्यार्थी होने का दावा करने वाले कुछ अराजकतत्वों एवं सुरक्षाबलों के बीच हुए हिंसक टकराव तथा राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनाओं को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण मानती है। अभाविप का मानना है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित आंदोलन की आड़ में कुछ राजनीतिक स्वार्थों एवं समाजविरोधी तत्वों ने अराजकता एवं हिंसा फैलाने का प्रयास किया है, जिसकी अभाविप घोर निंदा करती है। इन परिस्थितियों में चोटिल हुए विद्यार्थियों एवं सुरक्षाकर्मियों के प्रति अभाविप अपनी संवेदना व्यक्त करती है तथा अपेक्षा करती है कि भविष्य में ऐसे टकरावों की पुनरावृत्ति न हो। अभाविप का मानना है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों का समाधान केवल सार्थक संवाद, संवेदनशीलता एवं संस्थागत सुधारों के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अभाविप स्पष्ट करना चाहती है कि नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरुद्ध वह प्रारंभ से ही विद्यार्थियों के साथ खड़ी रही है।

छोटे किसान आसानी से कर सकेंगे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग

# प्रत्येक विधानसभा में खुलेगी कृषि यंत्र किराए की दुकान

हर साल स्थापित होंगी 1060 कृषि यंत्र किराए की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में किसानों की सहूलियत के लिए प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक कृषि यंत्र किराए की दुकान अनिवार्य रूप से खोलने की तैयारी चल रही है। कृषक कल्याण वर्ष में जल्दी ही इस पहल के परिणाम मिलेंगे। छोटे और सीमांत किसानों को अपने खेत तैयार करने आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करना आसान हो जाएगा। वर्तमान में ऐसे 5260 केन्द्र संचालित है। अब हर साल 1060 कृषि यंत्र किराए की दुकानें स्थापित की जाएगी।

कृषि आयुक्त उमाशंकर भार्गव ने बताया कि मप्र अब तेजी से कृषि यंत्रों के निर्माण में आत्मनिर्भर हो रहा है। विदिशा जिले ने आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर उच्च गुणवत्ता के कृषि यंत्रों का निर्माण करना शुरू कर दिया है। ग्रेडर, लेवलर, हाइड्रालिक ट्रॉली, कल्टीवेटर, प्लाउ जैसे उपकरण जिले में ही बनाए जा रहे है। यहां लगभग 150 कृषि उपकरण निर्माण इकाइयाँ है। यहां बने कृषि यंत्रों की मांग अन्य राज्यों और विदेशों में भी हो रही है। मेडागास्कर, नाइजीरिया, सूडान, यूगांडा, घाना, अलजीरिया, ग्वाटेमाल, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश में यहां से निर्मित उपकरण भेजे जा रहे है। छोटे किसानों को न्यूनतम सेवा शुल्क पर अत्याधुनिक कृषि यंत्रों की सेवाएं मिल रही है। युवा उद्यमियों को भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उषा एग्रो के मानस गुप्ता बताते हैं कि हम खेती में काम आने वाले यंत्र और उपकरण बनाते हैं, जैसे- लोडर, डिलोडर, कल्टीवेटर आदि। सभी उपकरण किसानों के लिए उपयोगी हैं। कब से ये काम शुरू किया? यह पूछने पर उन्होंने बताया किइस काम की शुरुआत पिताजी ने 1993 में की थी। शुरुआत छोटे पैमाने पर हुई, फिर धीरे-धीरे इसका विस्तार किया और अब तो हमारे उपकरण विदेशों में भी पहुंच रहे हैं। हमारे सबसे बड़े ग्राहक स्थानीय किसान हैं। हमारे उत्पादों का अधिकांश हिस्सा स्थानीय बाजार में ही खप जाता है, लेकिन हम देश के दूसरे राज्यों और विदेशों में भी सप्लाय करते हैं। आज हमारे बनाए यंत्र और उपकरण 10 से ज्यादा देशों तक पहुंच रहे हैं। इनमें नाइजीरिया, सूडान, केन्या, यूगांडा, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, घाना, अल्जीरिया, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं। हमारा दो-तिहाई बिजनेस देश के अंदर होता है और एक-तिहाई कारोबार विदेशों में है। पूरे साल में करीब 4 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। शासन की मदद के संबंध में वे बताते है कि इस काम में डॉ. मोहन यादव की सरकार से बहुत मदद मिलती है। उत्पादन से लेकर व्यवसाय के विस्तार तक में सरकार की नीतियां हमारे लिए मददगार साबित हुई हैं।



### कमिश्नर ने विभागीय जांच के दिए आदेश

# संदिग्ध आचरण को लेकर अरेरा हिल्स थाना प्रभारी शर्मा सस्पेंड, आरक्षक भी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस कमिश्नर ने अरेरा हिल्स थाना प्रभारी सुनील शर्मा और आरक्षक नंदकिशोर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी के संदिग्ध आचरण के आधार पर की गई है। साथ ही आरक्षक की भूमिका भी संदिग्ध होने के कारण उसके खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की गई है। उनके स्थान पर अखिलेश वर्मा को थाने की कमान सौंपी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत के साथ कुछ दस्तावेज और अन्य साक्ष्य भी सौंपे थे। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि थाना प्रभारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला से अनुचित संबंध बनाए, जबकि आरक्षक नंदकिशोर को पूरे घटनाक्रम की जानकारी होने के बावजूद उसने भी कथित तौर पर सहयोग किया और महिला पर दबाव बनाने में भूमिका निभाई। शिकायत की प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर पाए जाने पर पुलिस कमिश्नर ने दोनों पुलिसकर्मियों के निलंबन के आदेश जारी कर दिए। साथ ही थाना प्रभारी सुनील शर्मा के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

जांच के दौरान थाना प्रभारी और आरक्षक की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होने पर दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जीआरपी ने की तत्काल कार्रवाई

# एक माह की परित्यक्त बच्ची को 11 दिन में परिजन के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मासूम बच्चियों को उनके परिजन तक पहुंचाया है। 10 जुलाई को भोपाल रेलवे स्टेशन के ऑटो स्टैंड पर लगभग एक माह की लावारिस बच्ची मिलने की सूचना पर जीआरपी ने तत्काल बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लेकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया तथा शिशु गृह में सुरक्षित रखा। इसके बाद विशेष टीम गठित कर रेलवे स्टेशनों एवं शहर के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण, विभिन्न राज्यों तक सूचना का आदान-प्रदान, सोशल मीडिया एवं स्थानीय स्तर पर व्यापक तलाश अभियान चलाया गया। लगातार 11 दिनों के प्रयासों के बाद बच्ची के माता-पिता की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया गया।

### बीना ने 48 घंटे में अपहत 8 माह की बच्ची को सकुशल दस्तयाब किया

बीना रेलवे स्टेशन पर अपनी मां से बिछड़कर अपहत हुई 8 महीने की बच्ची के मामले में जीआरपी ने अपराध दर्ज होते ही विशेष जांच दल गठित किया। बीना, भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, नर्मदापुरम एवं झांसी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत फील्ड कार्रवाई के आधार पर इटारसी रेलवे स्टेशन से आरोपित महिला को चिन्हित कर बच्ची को मात्र 48 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया।

### मप्र लोड डिस्पैच सेंटर को अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन

**भोपाल** । मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के जबलपुर स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसएमएस) के लिए एसएलडीसी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का आईएसओ/आईईसी 27001:2022 प्रमाणन प्राप्त हुआ है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, शबरी नगर, रासलाखेड़ी, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. - 300 मण्डल द्वारा (1) श्री राजेश श्रीवास्तव आत्मज श्री कैलाश नारायण श्रीवास्तव (2) श्रीमती उषा श्रीवास्तव पत्नी श्री राजेश श्रीवास्तव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 05/03/2015 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/04/2026 को पंजीकृत है। (1) श्री राजेश श्रीवास्तव आत्मज श्री कैलाश नारायण श्रीवास्तव (2) श्रीमती उषा श्रीवास्तव पत्नी श्री राजेश श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ज्योति बाई पत्नी श्री अनेक सिंह यादव को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 22/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती ज्योति बाई पत्नी श्री अनेक सिंह यादव के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 60 मण्डल द्वारा (1) श्री राम गोपाल यादव आत्मज श्री चुन्नीलाल यादव (2) श्रीमती कमला यादव पत्नी श्री राम गोपाल यादव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/10/1993 को पंजीकृत है। (1) श्री राम गोपाल यादव आत्मज श्री चुन्नीलाल यादव (2) श्रीमती कमला यादव पत्नी श्री राम गोपाल यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री राजेश सैनी आत्मज श्री हरी शंकर सैनी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री राजेश सैनी आत्मज श्री हरी शंकर सैनी के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल


### सभी स्कूल-कॉलेजों में होंगे कार्यक्रम मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

# महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व के रूप में मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा

**भोपाल।** प्रदेश में गुरू पूर्णिमा महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व के रूप में 29 जुलाई को सम्पूर्ण प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाई जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस वर्ष गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई 2026 को प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, पॉलिटेकनिक कॉलेजों तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना, गुरूजनों का स्वागत-सम्मान, व्याख्यान-उद्बोधन, छात्र शिक्षक संवाद जैसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग द्वारा महर्षि सांदीपनि के जीवन पर ई-एल्बम, बुकलेट एवं महर्षि सांदीपनि का मानक चित्र उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही संस्कृति विभाग, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, भोपाल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की 64 कलाओं एवं 14 विद्याओं पर केन्द्रित भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना की विस्तृत रूपरेखा तैयार करेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के 102 मेधावी छात्र-छात्राओं को 1 लाख रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।


**म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण) वृत, भोपाल
एफ-3, प्रशासनिक भवन, बिजली नगर कॉलोनी
गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) - 462023

**ई-निविदा सूचना क्रमांक 73/476 दिनांक 22.07.2026**

(Tender ID Ref. No. 2026_MPPTC_523282_1)
(निविदा विशेषीकरण क्रं. 73210/2026-27/ई-निविदा/553-54
भोपाल दिनांक 22.07.2026)

1. Construction of Ladies Toilet and Other works for A.E. (TLM) Sub Division at Bhopal, Harda, Itarsi, Sarni, Sehore, Shujalpur and Vidisha. पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जिनका निविदा शूल्क रुपये 1180/- (जी.एस.टी. सहित) है तथा इसके खुलने की तिथि दिनांक 13.08.2026 है। निविदा के विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा **दूरभाष क्रमांक 0755-2600808** पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

म.प्र. माध्यम/127103/2026 — **अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण)**

''विद्युत की बचत कीजिये''

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./2102/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2026 — बीरगांव, दिनांक 20/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**e-Procurement Tender Notice (1st Call)**

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 16 उरकुरा के वार्ड क्रं. 16 में सर्व सुविधायुक्त मल्टी स्पोर्टस कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य (निविदा राशि रू. 420.49) लाख के लिए System Tender No 195811 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026, Building S.O.R. in force from 10.06.2026, ELECTRICAL S.O.R 10.06.2026, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender 195811, Bid Start Date 20.07.2026, Bid Due date. 11.08.2026, Physical Submission Last Date 17.08.2026, Open Date 18.08.2026) तक ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

''जय भारत जय छत्तीसगढ़''
"Say No To Plastic Bags, Save Earth"
"जल है तो कल है" "Use e-mail Save Tree"

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM — NCHMCT

**आई.एच.एम. भोपाल / IHM BHOPAL**
होटल प्रबंध, खानपान प्रौद्योगिकी एवं पोषण आहार संस्थान, भोपाल
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT, CATERING TECHNOLOGY & APPLIED NUTRITION,BHOPAL
(An Autonomous Body under Ministry of Tourism, Govt. of India)
Affiliated to Jawaharlal Nehru University, New Delhi
दूरभाष / Tel: 0755 2464397, 7828856907
वेबसाइट / Website: www.ihmbhopal.ac.in
ईमेल / E-mail: admissions@ihmbhopal.ac.in

निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रारंभ
**ADMISSIONS OPEN FOR THE FOLLOWING COURSES**
**2026 - 2027**
शाकाहारी विकल्प उपलब्ध है / VEGETARIAN OPTION AVAILABLE

कोई आयु सीमा नहीं / NO AGE LIMIT

| पाठ्यक्रम/ Courses | योग्यता/ Eligiblity | अवधि/ Duration |
|---|---|---|
| आतिथ्य प्रशासन में एम.एससी. (M.Sc in Hospitality Administration) | स्नातक (Graduation) | दो वर्ष (2 Years) |
| आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन में बी.एससी.(B.Sc in Hospitality and Hotel Administration) | बारहवीं. (12th Pass) | तीन वर्ष (3 Years) |
| आवास संचालन एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (Post Graduate Diploma in Accommodation Management) | स्नातक (Graduation) | डेढ़ वर्ष (1.5 Years) |
| बेकरी और कंफेक्शनरी में डिप्लोमा (Diploma in Bakery and Confectionery) | बारहवीं. 12th Pass) | डेढ़ वर्ष (1.5 Years) |
| फूड प्रोडक्शन एवं पैतेसरी में क्राफ्टमैनशिप कोर्स(Craftsmanship Course in Food Production & Patisserie) | दसवीं (10th Pass) | डेढ़ साल (1.5 Years) |
| प्रोफेशनल बार टेंडिंग में सर्टिफिकेट कोर्स (Certificate Course in Professional Bartending) | दसवीं (10th Pass) | छः माह ( 6 Months) |

भारत सरकार के नियमों के अनुसार सीटों का आरक्षण अधिक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.ihmbhopal.ac.in
Reservation of seats as per Government of India rules. Further details available on website: www.ihmbhopal.ac.in
स्वर्णिम इतिहास, गौरवशाली भविष्य ! IHM भोपाल की विरासत से जुड़ें
A Golden History, a Glorious Future! Join the Legacy of IHM Bhopal
1100 क्वाटर्स, प्रशासनिक अकादमी के पास, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462016
1100 Quarters, Near Administrative Academy, Bhopal, Madhya Pradesh, 462016

Sd/-
(डॉ. रोहित सरीन /Dr. Rohit Sarin)
प्रधानाचार्य/सचिव / PRINCIPAL/SECRETARY

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 57 एंव 58/2026-27 — विदिशा, दिनांक 20.07.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_522828_1 | विदिशा | बी.टी. रिन्युवल | बिछिया पुरनखाना मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य | द्वितीय | 10.56 | 21120.00 |
| 2. | 2026_PWDRB_522849_1 | विदिशा | बी.टी. रिन्युवल | पुरनपुरा लिंक रोड नं.5 से अहमदपुर मार्ग लंबाई1.80 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य | द्वितीय | 18.75 | 37500.00 |
| | | | | योग | | 29.31 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07.08.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग
विदिशा

G-16028/26 — " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

क्रमांक / खनिज / 2026/174 — अशोकनगर, दिनांक- 10/07/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) (1) व 18 (1-क) (2) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भानु कुमार जैन पुत्र श्री सुरेश चन्द्र जैन निवासी- वार्ड नम्बर 14 पुराना नगरपालिका चौराह के पास खनियाधाना जिला- शिवपुरी (म.प्र.) के द्वारा खनिज पत्थर केशर गिट्टी एम सेन्ड हेतु उत्खनिपट्टा प्राप्त करने निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.07.2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 10/08/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्ट आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/ अर्द्धनिजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | चन्देरी | बडेरा | 92 | 4.000 | शासकीय भूमि | पत्थर केशर गिट्टी एम सेन्ड हेतु | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस की अवधि के भीतर (कार्यालयीन समय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी खनि अधिकारी**
**(खनिज शाखा)**
**जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

जी - 16000/26 — स्वच्छता ही सेवा

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र / Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3(1) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा** के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट पावती सहित आपको भेजी गई थी, जो कि वापस हुई इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप सभी संबंधितों को अवगत किया जाता है, कि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि साथ ही अतिरिक्त ब्याज, लागत अनुषंगिक व्यय, प्रभार इत्यादि अदा करने के लिये सूचित करते हैं। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | क्रेडिट सुविधा का प्रकार एवं राशि | वर्तमान दि. 02.07.26 को बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. **मेसर्स इंद्र कांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड** (ऋणी)<br>पता 1: प्लॉट नंबर 8, महोली अयोध्या बाय पास रोड, हुज़ूर, भोपाल म.प्र.-462010<br>पता 2: क्रमांक 303/2/1, ग्राम रावसर जागीर, नईसराय, अशोक नगर, म.प्र.-473885<br>2. **श्री महेंद्र सिंह रघुवंशी** (डायरेक्टर एवं जमानतदार)<br>पता : मकान नंबर 1, धर्म राज सदन, नई मंडी रोड, नानाखेड़ी, गुना 473001<br>3. **श्रीमती निशी शर्मा** (डायरेक्टर एवं जमानतदार)<br>पता 1: C/o दया शंकर शर्मा, 178, करमवीर नगर नरेला शंकरी, हुज़ूर गोविंदपुरा, भोपाल 462023<br>4. **श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी मधुसूदन शर्मा** (डायरेक्टर एवं जमानतदार)<br>पता: डी 123, न्यू मीनाल रेजीडेंसी, जे के रोड, गोविंदपुरा, भोपाल 462023<br>5. **श्री मधुसूदन शर्मा** (जमानतदार)<br>पता: 178 करमवीर नगर, नरेला शंकरी, हुज़ूर गोविंदपुरा, भोपाल 462023 | प्राइमरी: बैंक फाइनेंस द्वारा खरीदी जाने वाली मशीनरी और इक्विपमेंट का दृष्टिबंधक<br>Cersai Asset ID-200109067288<br>संपत्ति मालिक- इंद्रकांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड<br>निम्नलिखित सिक्योरिटी पर अतिरिक्त शुल्क:<br>संपत्ति (1) : भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 303/2/1, गांव राओसर, तहसील ईसागढ़, जिला अशोकनगर, म.प्र. चर्तुसीमाएं: पूर्वः एस नं. 303/1/1 जमीन, पश्चिमः पीएम राओसर जागीर रोड, उत्तरः 25 चौड़ी अप्रोच रोड, दक्षिणः एस नं. 303/1/2/1 जमीन।<br>संपत्ति मालिक- इंद्रकांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड<br>Cersai Asset ID-200089452575<br>संपत्ति (2) : रिहायशी भवन प्लॉट नंबर 04 पर स्थित प.ह.नं. 08, वार्ड नंबर 01, एस.नं. 122/1/20(S), मकान नं. 01, नई मंडी रोड, नानखेड़ी तहसील और जिला गुना, क्षेत्रफल- 1350 वर्गफुट, मालिक - महेंद्र सिंह रघुवंशी, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः मंडी रोड, पश्चिमः ब्लॉक नंबर 2, उत्तरः ब्लॉक नंबर 5, दक्षिणः ब्लॉक नंबर 3<br>संपत्ति मालिक- महेंद्र सिंह रघुवंशी<br>Cersai: 200091311724<br>संपत्ति (3) : अचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 15, खसरा नंबर 148/1, 148/2, 148/3, 148/4 और 148/5, नया कंप्यूटराइज्ड खसरा नंबर 148/4/1/1/1/2, ग्राम महोली प.ह. नंबर 21, वार्ड नंबर 74, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा), क्षेत्रफल-3315 वर्गफुट, चर्तुसीमाएँ: उत्तरः प्लॉट नंबर 14, दक्षिणः प्लॉट नंबर 16, पूर्वः सरकारी फोर्टिफिकेशन, पश्चिमः सड़क<br>Cersai: 200109070739<br>संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा)<br>संपत्ति (4): फ्लैट नंबर सी-401, चौथी मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1 ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल मालिक - मधुसूदन शर्मा। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नंबर सी-404, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नंबर सी - 402, दक्षिणः फ्लैट नंबर डी-402<br>Cersai: 200088351418<br>मालिक - मधुसूदन शर्मा<br>संपत्ति (5): फ्लैट नंबर सी- 501, पांचवीं मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, ज़िला भोपाल; मालिकः मधुसूदन शर्मा; क्षेत्रफलः 940.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर सी-504, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ़्लैट नंबर सी-502, दक्षिणः फ़्लैट नंबर डी-502<br>Cersai: 200088352407<br>मालिकः मधुसूदन शर्मा | Term Loan<br>₹ 170.00 Lakh<br>(Rs. One Crore Seventy Lacs only)<br>(A/c No. 60523504520) | लेज़र बैलेन्स<br>₹ 5830082.80<br>अप्रभारित ब्याज<br>₹ 138198.00/-<br>पैनल ब्याज<br>₹ 2132/-<br>कुल :<br>₹ 5970412.80 |
| मांग सूचना दिनांक : **02/07/2026**<br>NPA दिनांक : **24/06/2026** | प्राइमरी सिक्युरिटी: भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 303/2/1, गांव राओसर, तहसील ईसागढ़, जिला अशोकनगर, म.प्र. चर्तुसीमाएं: पूर्वः एस नं. 303/1/1 जमीन, पश्चिमः पीएम राओसर जागीर रोड, उत्तरः 25 चौड़ी अप्रोच रोड, दक्षिणः एस नं. 303/1/2/1 जमीन।<br>संपत्ति मालिक- इंद्रकांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड<br>Cersai Asset ID-200089452575<br>निम्नलिखित सिक्योरिटी पर अतिरिक्त शुल्क:<br>संपत्ति (1) : रिहायशी भवन प्लॉट नंबर 04 पर स्थित प.ह.नं. 08, वार्ड नंबर 01, एस.नं. 122/1/20(S), मकान नं. 01, नई मंडी रोड, नानखेड़ी तहसील और जिला गुना, क्षेत्रफल- 1350 वर्गफुट, मालिक - महेंद्र सिंह रघुवंशी, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः मंडी रोड, पश्चिमः ब्लॉक नंबर 2, उत्तरः ब्लॉक नंबर 5, दक्षिणः ब्लॉक नंबर 3<br>संपत्ति मालिक- महेंद्र सिंह रघुवंशी<br>Cersai: 200091311724<br>संपत्ति (2) : अचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 15, खसरा नंबर 148/1, 148/2, 148/3, 148/4 और 148/5, नया कंप्यूटराइज्ड खसरा नंबर 148/4/1/1/1/2, ग्राम महोली प.ह. नंबर 21, वार्ड नंबर 74, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा), क्षेत्रफल-3315 वर्गफुट, चर्तुसीमाएँ: उत्तरः प्लॉट नंबर 14, दक्षिणः प्लॉट नंबर 16, पूर्वः सरकारी फोर्टिफिकेशन, पश्चिमः सड़क<br>Cersai: 200109070739<br>संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा)<br>संपत्ति (3): फ्लैट नंबर सी-401, चौथी मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1 ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल मालिक - मधुसूदन शर्मा। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नंबर सी-404, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नंबर सी - 402, दक्षिणः फ्लैट नंबर डी-402<br>Cersai: 200088351418<br>मालिक - मधुसूदन शर्मा<br>संपत्ति (4): फ्लैट नंबर सी- 501, पांचवीं मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, ज़िला भोपाल; मालिकः मधुसूदन शर्मा; क्षेत्रफलः 940.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर सी-504, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ़्लैट नंबर सी-502, दक्षिणः फ़्लैट नंबर डी-502<br>Cersai: 200088352407<br>मालिकः मधुसूदन शर्मा | Term Loan<br>₹ 32.00 Lakh<br>(Rs. Thirty Two Lacs only)<br>(A/c No. 60523503650) | लेज़र बैलेन्स<br>₹ 2972718.24<br>अप्रभारित ब्याज<br>₹ 69485.00/-<br>पैनल ब्याज<br>₹ 674.00/-<br>कुल :<br>₹ 3042877.24 |
| | प्राइमरी सिक्युरिटी: भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 303/2/1, गांव राओसर, तहसील ईसागढ़, जिला अशोकनगर, म.प्र. चर्तुसीमाएं: पूर्वः एस नं. 303/1/1 जमीन, पश्चिमः पीएम राओसर जागीर रोड, उत्तरः 25 चौड़ी अप्रोच रोड, दक्षिणः एस नं. 303/1/2/1 जमीन।<br>संपत्ति मालिक- इंद्रकांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड<br>Cersai Asset ID-200089452575<br>निम्नलिखित सिक्योरिटी पर अतिरिक्त शुल्क:<br>संपत्ति (1) : रिहायशी भवन प्लॉट नंबर 04 पर स्थित प.ह.नं. 08, वार्ड नंबर 01, एस.नं. 122/1/20(S), मकान नं. 01, नई मंडी रोड, नानखेड़ी तहसील और जिला गुना, क्षेत्रफल- 1350 वर्गफुट, मालिक - महेंद्र सिंह रघुवंशी, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः मंडी रोड, पश्चिमः ब्लॉक नंबर 2, उत्तरः ब्लॉक नंबर 5, दक्षिणः ब्लॉक नंबर 3<br>संपत्ति मालिक- महेंद्र सिंह रघुवंशी<br>Cersai: 200091311724<br>संपत्ति (2) : अचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 15, खसरा नंबर 148/1, 148/2, 148/3, 148/4 और 148/5, नया कंप्यूटराइज्ड खसरा नंबर 148/4/1/1/1/2, ग्राम महोली प.ह. नंबर 21, वार्ड नंबर 74, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा), क्षेत्रफल-3315 वर्गफुट, चर्तुसीमाएँ: उत्तरः प्लॉट नंबर 14, दक्षिणः प्लॉट नंबर 16, पूर्वः सरकारी फोर्टिफिकेशन, पश्चिमः सड़क<br>Cersai: 200109070739<br>संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा)<br>संपत्ति (3): फ्लैट नंबर सी-401, चौथी मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1 ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल मालिक - मधुसूदन शर्मा। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नंबर सी-404, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नंबर सी - 402, दक्षिणः फ्लैट नंबर डी-402<br>Cersai: 200088351418<br>मालिक - मधुसूदन शर्मा<br>संपत्ति (4): फ्लैट नंबर सी- 501, पांचवीं मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, ज़िला भोपाल; मालिकः मधुसूदन शर्मा; क्षेत्रफलः 940.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर सी-504, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ़्लैट नंबर सी-502, दक्षिणः फ़्लैट नंबर डी-502<br>Cersai: 200088352407<br>मालिकः मधुसूदन शर्मा | Term Loan<br>₹ 200.00 Lakh<br>(Rs. Two Crore only)<br>(A/c No. 60523496755) | लेज़र बैलेन्स<br>₹ 18523260.00<br>अप्रभारित ब्याज<br>₹ 396102.00/-<br>पैनल ब्याज<br>₹ 3866.00/-<br>कुल :<br>₹ 18923228.47 |
| | प्राइमरी: कच्चे माल, प्रोसेस में मौजूद स्टॉक, अनाज से बने तैयार माल और प्राप्त होने वाली रकम/बुक डेट्स के स्टॉक का दृष्टिबंधक<br>Cersai: 200091808269<br>कोलेटरल सिक्योरिटी<br>संपत्ति (1) : रिहायशी भवन प्लॉट नंबर 04 पर स्थित प.ह.नं. 08, वार्ड नंबर 01, एस.नं. 122/1/20(S), मकान नं. 01, नई मंडी रोड, नानखेड़ी तहसील और जिला गुना, क्षेत्रफल- 1350 वर्गफुट, मालिक - महेंद्र सिंह रघुवंशी, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः मंडी रोड, पश्चिमः ब्लॉक नंबर 2, उत्तरः ब्लॉक नंबर 5, दक्षिणः ब्लॉक नंबर 3<br>संपत्ति मालिक- महेंद्र सिंह रघुवंशी<br>Cersai: 200091311724<br>संपत्ति (2) : अचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 15, खसरा नंबर 148/1, 148/2, 148/3, 148/4 और 148/5, नया कंप्यूटराइज्ड खसरा नंबर 148/4/1/1/1/2, ग्राम महोली प.ह. नंबर 21, वार्ड नंबर 74, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा), क्षेत्रफल-3315 वर्गफुट, चर्तुसीमाएँ: उत्तरः प्लॉट नंबर 14, दक्षिणः प्लॉट नंबर 16, पूर्वः सरकारी फोर्टिफिकेशन, पश्चिमः सड़क<br>Cersai: 200109070739<br>संपत्ति मालिक - श्रीमती निशी पचौरी (निशी शर्मा)<br>संपत्ति (3): फ्लैट नंबर सी-401, चौथी मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1 ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल मालिक - मधुसूदन शर्मा। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नंबर सी-404, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नंबर सी - 402, दक्षिणः फ्लैट नंबर डी-402<br>Cersai: 200088351418<br>मालिक - मधुसूदन शर्मा<br>संपत्ति (4): फ्लैट नंबर सी- 501, पांचवीं मंज़िल, ब्लॉक सी ''हर्षित लाइफस्टाइल'', खसरा नंबर 106-107/2/2, 106-107/2/2 घ, 138/1, 110, 111/4/14/1ख का भाग, पलासी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुज़ूर, ज़िला भोपाल; मालिकः मधुसूदन शर्मा; क्षेत्रफलः 940.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर सी-504, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ़्लैट नंबर सी-502, दक्षिणः फ़्लैट नंबर डी-502<br>Cersai: 200088352407<br>मालिकः मधुसूदन शर्मा<br>निम्नलिखित संपत्ति पर अतिरिक्त शुल्क:<br>भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 303/2/1, गाँव राओसर, तहसील ईसागढ़, ज़िला अशोकनगर म.प्र. चर्तुसीमाएँ: पूर्वः सर्वे नंबर 303/1/1 की जमीन, पश्चिमः पीएम राओसर जागीर रोड, उत्तरः 25 चौड़ी अप्रोच रोड, दक्षिणः सर्वे नंबर 303/1/2/1 की जमीन।<br>संपत्ति मालिक- इंद्रकांता इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड<br>Cersai Asset ID-200089452575 | Cash Credit<br>₹ 500.00 Lakh<br>(Rs. Five Crore only)<br>(A/c No. 60529796037) | लेज़र बैलेन्स<br>₹ 9247394.28<br>अप्रभारित ब्याज<br>₹ 162422.00/-<br>पैनल ब्याज<br>₹ 15455.00/-<br>कुल :<br>₹ 9425271.28 |

**Grand Total : ₹ 37361789.79**

उपरोक्त ऋणी/जमानतदारों यदि 60 दिवस के अन्दर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** का बकाया चुकाने में असफल रहते हैं तो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के प्रावधानों के तहत तभी या किसी एक या अधिक रक्षित आस्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही, उधारकर्ता की रक्षित आस्तियों को कब्जे में लेने तथा उनका विक्रय करने की कार्यवाही करेगी। इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की **संबंधित शाखा** से संपर्क करें।

**स्थान- भोपाल, दिनांक 23-07-2026** — **मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

## चिंतन

# सरकार जल्द शुरू करे युवाओं के साथ संवाद

देश की सबसे बड़ी ताकत और उम्मीद उसकी युवा आबादी है, लेकिन जब यही युवा सड़कों पर उतरकर अपनी बात कहने को मजबूर हों, लंबे समय तक आंदोलन करें, अनशन का सहारा लें और उनकी मांगों पर लगातार टकराव का माहौल बने, तो यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह जाता। यह सरकार, राजनीतिक दलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार युवाओं के साथ संवाद की पहल बिना किसी देरी के शुरू करे और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें विश्वास में ले। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उठे सवाल लाखों छात्रों की चिंता से जुड़े हैं। इन मुद्दों का समाधान केवल पुलिस बल, राजनीतिक बयानबाजी या एक-दूसरे पर आरोप लगाने से नहीं निकल सकता। यदि युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो असंतोष और अविश्वास बढ़ना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को सुनना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का परिचायक है। वहीं, विपक्ष भी युवाओं के भविष्य पर राजनीति नहीं करे, बल्कि तथ्यों और समाधान पर बात करे और संसद में भी जनहित की आवाज उठाए। संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। सरकार भी परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए, ताकि देश का युवा आसानी से परीक्षा दे सके और किसी तरह की परेशानी न हो। सोनम वांगचुक का लंबा अनशन भी इसी चिंता का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया है कि युवाओं के मुद्दे संसद में उठाए जाएंगे। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संसद में गंभीर चर्चा, समयबद्ध निर्णय और ठोस सुधारात्मक कदम ही इस भरोसे को मजबूत कर सकते हैं। लोकतंत्र में संसद से बेहतर संवाद का कोई मंच नहीं हो सकता। डिजिटल युग में जानकारी तेजी से फैलती है और किसी भी घटना पर युवाओं की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आती है। ऐसे समय में संवाद से दूरी केवल गलतफहमियों को बढ़ाती है। यदि सरकार समय रहते छात्र संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ खुली बातचीत शुरू करती है, तो कई विवाद बिना टकराव के सुलझ सकते हैं। वहीं, आंदोलनकारी संगठनों और विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन वह पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में होना चाहिए। किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि ऐसा टकराव जिसमें आम जनता परेशान हो और मूल मुद्दा ही पीछे छूट जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि युवाओं के भविष्य पर राजनीति से अधिक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा आयोजित करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करने वाली प्रणाली बनाने की जरूरत है। यदि परीक्षा निष्पक्ष होगी, भर्ती समय पर होगी और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होगी, तो आंदोलनों की नौबत भी कम आएगी। लोकतंत्र की असली ताकत संवाद में होती है, दमन या टकराव में नहीं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द युवाओं से औपचारिक बातचीत शुरू करे, उनकी आशंकाओं को दूर करे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की स्पष्ट समयसीमा घोषित करे।

# दिशाहीन विरोध प्रदर्शनों की भयावहता



मुद्दा
अवधेश कुमार

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना।

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। देखते-देखते लाखों फॉलोअर्स उसमें जुड़ गए। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना। अचानक वह दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा करते हैं और हवाई अड्डे पर उतरते हैं। हवाई अड्डे पर भी उनके स्वागत के लिए कोई भीड़ नहीं, न रास्ते में कहीं लोग। जंतर-मंतर पर पहले दिन का प्रदर्शन अत्यंत सामान्य रहा और उसमें शामिल होने वालों से ज्यादा दर्शकों की संख्या थी। सभी तरह के और सभी विचारधाराओं के लोग उसमें थे। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बनी कि सोनम वांगचुक लद्दाख से आकर आमरण अनशन पर बैठ गए। कुछ सेलिब्रिटी आने लगे। विपक्ष के कुछ नेता आने लगे और धीरे-धीरे हुए वे सारे चेहरे जो शाहीनबाग से लेकर किसानों के नाम पर हुए आंदोलन या फिर अन्य ऐसे विरोध प्रदर्शनों में लगातार दिखते हैं।

संसद के मानसून सत्र के आरंभ के दिन संसद मार्च का ऐलान हुआ और फिर जिस तरह की भीड़ चारों तरफ जुटी, वह देश के सामने है। इस मार्च में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोग कुछ भी कहें ,पर एक नेतृत्वविहीन दिशाहीन अभियान का डरावना दृश्य देश ने देखा। भारी संख्या में पुलिस वाले घायल हुए, पुलिस के वाहन तोड़े गए और पुलिस के बल प्रयोग से प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। इसमें दो राय नहीं कि नीट का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण युवाओं के परिवारों और देश में भी क्षोभ व असंतोष का वातावरण था। आरंभ में ऐसा लगा भी कि यह नीट के छात्रों के भविष्य की लड़ाई है। इसी बीच एक महिला ने अभिजीत दीपके पर काली स्याही फेंकी। उसका कहना था कि मेरे बेटे ने 680 अंक नीट में प्राप्त किए और लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चला गया, लेकिन यहां नीट कोई मुद्दा ही नहीं है। उसका यह भी कहना था कि सोनम वांगचुक यहां आमरण अनशन पर हैं और कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति आंदोलन का उनका ध्यान रखने वाला नहीं है। अजीब दृश्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मरने का नारा और योगी आदित्यनाथ को छक्का कहा जा रहा है। पूरी स्थिति वही है जो हमने शाहीनबाग और फिर किसानों के नाम पर दिल्ली में हुए लंबे धरना प्रदर्शन में देखा था। इस बीच सरकार ने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली और उसके परिणाम भी आ गए। प्रश्न पत्र से लेकर पूरी परीक्षा और परिणाम तक जैसी सख्त व सुरक्षित व्यवस्था की गई, उससे साफ था कि सरकार के अंदर परीक्षा को स्वच्छ रूप से आयोजित करने का दृढ़ विचार है। साफ है कि दोबारा परीक्षा देने वाले जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ होगा और पहली बार उन्होंने अच्छा किया होगा, उनको छोड़कर बाकी शेष के अंदर मन में पीड़ा होगी



लेकिन असंतोष का भाव नहीं होगा। भविष्य में नीट ही नहीं, किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक नहीं हों, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाने और जो कुछ हमारे पास सुझाव हैं, उन्हें सामने रखना स्वाभाविक है। पर इस अभियान में नीट और प्रश्न पत्र लीक का विषय हाशिये पर चला गया। कुल मिलाकर इसे अगर आंदोलन बोला जाए तो न इसका कोई निश्चित उद्देश्य रहा, न कोई दुरगामी कार्यक्रम। संसद मार्च की घोषणा हो गई। ऐसी स्थिति बनी कि दिल्ली ट्रैफिक जाम में फंसी रही। मेट्रो के अनेक स्टेशनों के द्वार बंद रहे। सरकार और प्रशासन की सतह पर जो सोच और रणनीति दिखाई पड़ती है, वह यही कि प्रदर्शन करने वाले अगर कानून की परिधि में करते हैं तो उनके साथ बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। अभिजीत दीपके जिस दिन दिल्ली में उतरे, जंतर- मंतर पर धरने की पहले से अनुमति नहीं थी। धरना देने वाले पहले पुलिस से अनुमति लेते हैं और उसकी अवधि तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने हमें न्याय के लिए संघर्ष करने, अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है किंतु उसमें कानून के साथ विवेक और मर्यादा की सीमाएं भी हैं। यह सरकार प्रशासन और विरोध करने वालों सब पर लागू होता है। उद्देश्य कुछ और हो तो फिर ऐसे ही होता है। अगर सरकार ने आपको प्रदर्शन की स्वतंत्रता दी, बेवजह लोगों को आने से रोका नहीं गया तो उसके नेतृत्व करने वाले का दायित्व था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन की सीमाओं का पालन करते। पर पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि पूरे विश्व में एक अराजक उग्र नव वामपंथी धारा पैदा हुई है। नेपाल परिवर्तन से उसे जेन जी का नाम दिया गया। हमारे पड़ोस श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के परिवर्तन ने हमारे यहां भी और देश से बाहर रहने वाले अवांछित समूहों को प्रेरित किया है कि भारत में ऐसा कर नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध उथल-पुथल और अराजकता की स्थिति पैदा की जा सकती है। हमारे यहां राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसमें अवसर दिखता है। हर ऐसे विरोध प्रदर्शन आंदोलन में सच्चे परिवर्तन या मांग के समर्थन वाले लोग साफ हृदय से आते हैं।

शाहीनबाग धरने से हमने देखा है कि उसकी दिशा, भाषा और लक्ष्य ऐसे लोगों के हाथों आ जाता है, जिनका हमेशा उद्देश्य नकारात्मक होता है। याद कीजिए, सीएए के विरुद्ध कहा जा रहा था कि भारी संख्या में मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। क्या आज तक किसी एक की नागरिकता गई? इस कारण दिल्ली दंगों तक का शिकार हुई। किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो या कोई अन्य भ्रष्टाचार के विषय हो, पूरे समाज में क्षोभ पैदा होता है। हम सबको ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ अवांछित तत्व न उठा सकें। अगर इस तरह विरोध प्रदर्शन हुए तो भविष्य में सरकारों और प्रशासन के लिए इनको नियंत्रित और सीमित करने के रास्ते निर्धारित करने पड़ सकते हैं। इसमें हमारे आपके विरोध के अधिकार पर ही बंदिश लगेगी। पुलिस प्रशासन का भी दायित्व है कि उनके अधिकारों के पालन का ध्यान रखने के साथ ऐसे अवांछित तत्वों की पहले से पहचान कर कुछ पूर्वोपाय के कदम उठाए। अब सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संभव है कि आगे भी गिरफ्तारियां हों, मामले दर्ज हों। हालांकि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में पहले किसी के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई, न सजा हुई। कुल मिलाकर यह चिंता का विषय है कि सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी के विरुद्ध सामान्य कटाक्ष से बना एक साइट प्रश्न पत्र लीक से जुड़ते हुए यहां तक पहुंच गया। ऐसा क्यों हुआ, कैसे हुआ, अगर इन प्रश्नों पर हम विचार करें तो उत्तर आसानी से मिल जाएगा। इसी से यह भी उत्तर मिलेगा कि आगे यह स्थिति कैसे पैदा न हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# चंद्रशेखर 'आजाद', जिनकी पिस्तौलों का भी इतिहास है

सन् 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी का दिन था और ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर ने पंजाब के जलियांवाला बाग में कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरोध में हो रही शांतिपूर्ण सभा पर बिना कोई चेतावनी दिए बेहद क्रूरतापूर्वक अंधाधुंध पुलिस फायरिंग करा दी थी। इससे जो विचलित कर देने वाला नरसंहार हुआ, उसने देश में ऐसे विकट उद्वेलन पैदा किए कि जहां देशवासी डायर को 'द बूचर ऑफ अमृतसर' कहने लगे, वहीं नौजवानों का खून उबल पड़ा। वे अहिंसा का दामन छोड़कर हर हाल में प्रतिशोध, दूसरे शब्दों में कहें तो मरने-मारने वाले सशस्त्र संघर्ष के लिए मचलने लगे। अनंतर, उनके अरमानों व आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 8-9 सितंबर 1928 को दिल्ली के ऐतिहासिक फिरोजशाह कोटला मैदान में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन नामक क्रांतिकारी संगठन गठित किया गया, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना था। इसकी स्थापना के पीछे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और भगवती चरण वोहरा जैसे क्रांतिकारियों की सुविचारित



रणनीति थी और सच पूछिए तो यह अक्टूबर, 1924 में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, शचींद्रनाथ सान्याल और योगेश चंद्र चटर्जी द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का पुनर्गठित रूप था। इसकी आर्मी के कमांडर-इन-चीफ थे चंद्रशेखर आज़ाद, जिनकी आज 120वीं जयंती है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 1906 में आज के ही दिन यानी 23 जुलाई को जन्मे आज़ाद ने कमांडर-इन-चीफ के तौर पर प्रतिज्ञा कर रखी थी कि वे किसी भी हालत में कभी भी जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अंतिम सांस तक अपनी इस प्रतिज्ञा का मान रखा। उनके कमांडर-इन-चीफ रहते दिसम्बर, 1928 में सांडर्स वध, अप्रैल, 1929 में सेंट्रल असेंबली बम कांड और दिसम्बर, 1929 में वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर हमले जैसे क्रांतिकारी एक्शनों को अंजाम दिया गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इकलौते ऐसे नायक हैं, जिनके साथ उनकी पिस्तौलों ने भी इतिहास बनाया है। वे आमतौर पर अपने साथ एक माउजर पिस्तौल रखा करते थे, जिसे बेहद प्यार करते और 'बमतुलबुखारा' कहा करते थे। 27 फरवरी, 1931 को वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोरों की पुलिस से मुठभेड़ में शहीद हुए तो उनके पास माउजर नहीं, बल्कि कोल्ट नामक पिस्तौल थी। लाला लाजपत राय पर लाठियां बरसाने वाले अंग्रेज अधिकारी स्कॉट की हत्या के लिए 17 दिसम्बर, 1928 के जिस क्रांतिकारी एक्शन में उसकी जगह जॉन सांडर्स को मार डाला गया था, उसमें 'आजाद' अपनी माउजर ही साथ ले गये थे। उनके बाद उनकी उस माउजर का क्या हुआ? क्रांतिकारियों की स्मृतियों की रक्षा के उपक्रमों के प्रति समर्पित और उनके आन्दोलन के इतिहास के अप्रतिम अध्येता वरिष्ठ लेखक सुधीर विद्यार्थी बताते हैं कि अरसा पहले उन्होंने इलाहाबाद के कटरा मुहल्ले में 'आजाद' के आखिरी दिन तक उनके साथ रहे गढ़वाल के क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत की मदद से जहां-जहां भी उक्त माउजर का सुराग लगने की उम्मीद थी, वहां-वहां की खाक छानी। उसकी बाबत जानकारियां जुटाने में सफल नहीं हो सके। इसलिए 1977 में समाचारपत्रों में इस माउजर के इलाहाबाद के संग्रहालय से चोरी हो जाने की खबर छपी तो मुझे बड़ी हंसी आई। कारण यह कि जो माउजर उक्त संग्रहालय में थी ही नहीं, वह चोरी कैसे हो सकती थी?

वे बताते हैं कि शहादत के वक्त 'आजाद' के पास माउजर के बजाय 'कोल्ट' पिस्तौल थी, क्योंकि माउजर से छोटी होने के कारण वह उन्हें ज्यादा सुविधाजनक लगती थी। प्रसंगवश, इलाहाबाद के अंग्रेज एसएसपी नट बावर की सेवानिवृत्ति के वक्त गोरी सरकार द्वारा आजाद की यह कोल्ट उन्हें उपहार में दे दी गई और वे उसे अपने साथ इंग्लैंड ले गये थे। उनका दावा था कि अल्फ्रेड पार्क में आजाद को पहले उन्हीं की गोली लगी थी। सेवानिवृत्ति के बाद बावर उत्तर प्रदेश शासन के पेंशनर हुआ करते थे और शायद इसी अधिकार से बाद में 'आजाद' की 'कोल्ट' को देश वापस लाने की मांग उठने पर इलाहाबाद के कमिश्नर मुस्तफी ने बावर को उसे लौटाने के लिए पत्र लिखा था। यह कैसी विडम्बना है कि आजाद जैसे शहीद देश के लिए अपने अप्रतिम बलिदान के बावजूद भारतीयों में अपने प्रति वैसी कृतज्ञता या श्रद्धा नहीं उत्पन्न कर पाये, जैसी उन्होंने अपनी शहादत का वायस बने नट बावर जैसे अंग्रेज पुलिस अधिकारी से दो-दो हाथ करके उत्पन्न कर दी थी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है। उसे आत्म-प्रतिस्पर्धा कहा जाता है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकती है



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम के कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुके थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा कि तप में कितना बल है कि एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### निरर्थक प्रवृत्तियों का त्याग ही सार्थक जीवन का आधार

मनुष्य का जीवन उसके विचारों और प्रवृत्तियों से निर्मित होता है। प्रत्येक व्यक्ति दिनभर अनेक प्रकार के कार्य करता है, अनेक विषयों पर सोचता है और अनेक निर्णय लेता है। इन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य का निर्माण होता है। सामान्यतः मनुष्य की प्रवृत्तियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है–सार्थक और निरर्थक। सार्थक प्रवृत्तियां वे हैं जो जीवन को दिशा देती हैं, विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और स्वयं तथा समाज के कल्याण में सहायक बनती हैं। इसके विपरीत निरर्थक प्रवृत्तियां व्यक्ति का समय, ऊर्जा, धन और मानसिक शक्ति नष्ट करती हैं तथा धीरे–धीरे उसके जीवन को तनाव, भ्रम और अशांति से भर देती हैं।

*– राकेश गर्ग, यमुनानगर*

## करंट अफेयर

# क्यूबा सरकार पर दबाव बढ़ाने अमेरिका ने भेजी खाद्य सामग्री

क्यूबा के लोगों को सीधे सहायता देने और वहां की सरकार पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों के तहत एक मालवाहक विमान खाद्य सामग्री और स्वच्छता किट लेकर मंगलवार को मियामी से क्यूबा के लिए रवाना हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, विमान में 700 पैकेट भेजे गए हैं। इन्हें क्यूबा सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि वहां के कैथोलिक संगठनों के जरिये सीधे लोगों में वितरित किया जाएगा। अमेरिका ने हाल में क्यूबा को कुल 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की पेशकश की थी, यह खेप उसी में से छह करोड़ डॉलर की पहली किस्त का हिस्सा है। यह सहायता ऐसे समय भेजी गई है, जब अमेरिका ने पिछले कई महीनों में क्यूबा सरकार और उससे जुड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ाया है। इसके तहत मुख्य रूप से देश के सैन्य और खुफिया तंत्र पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। ऊर्जा और तेल की नाकेबंदी के कारण क्यूबा की अर्थव्यवस्था और वहां के लोगों का दैनिक जीवन लगभग ठप हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक विस्तृत दस्तावेज जारी कर क्यूबा पर पिछले पांच दशकों से अमेरिका में बड़े पैमाने पर जासूसी और वामपंथी प्रभाव बढ़ाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया।



## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं

अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है– बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।



## ट्रेंड

### समन्वय समितियां



मानसून के दौरान जल-जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमने दिल्ली के सभी 13 ज़िलों में ज़िला-स्तरीय समन्वय समितियां बनाई हैं। ये समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल करेंगी और जल-जमाव की स्थिति आदि में तुरंत कार्रवाई करने का काम भी देखेंगी।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएग



अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद हालात का जायज़ा लेने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस घिनौने कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

-**मनोज सिन्हा,** उप-राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### राहुल का व्यवहार निंदनीय



राहुल गांधी का व्यवहार आज पूरी तरह से अशोभनीय और निंदनीय था। विपक्ष के नेता जैसे गरिमापूर्ण पद पर होने के बावजूद, राहुल गांधी इसे गंभीरता से नहीं लेते, यह बात आज उनके व्यवहार से साफ हो गई।

- **नितिन नवीन,** अध्यक्ष, बीजेपी

### अच्छी शिक्षा देना ज़रूरी



अगर हम अपने देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है। दिल्ली के बाद, अब पंजाब में भी हमने ग़रीबों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना शुरू कर दिया है।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# स्कॉटलैंड में कॉमनवेल्थ गेम्स आज से, मध्यप्रदेश के 5 खिलाड़ी भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

### एथलेटिक्स में दिखेगा मध्यप्रदेश का जलवा, राज्य खेल अकादमियों के 3 खिलाड़ी भारतीय दल में

### स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होगा उद्घाटन समारोह, 2 अगस्त तक चलेंगे कॉमनवेल्थ गेम्स

स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार (23 जुलाई) से कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 का आगाज होने जा रहा है। उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होने वाले इन खेलों में मध्यप्रदेश के पांच खिलाड़ी भारतीय दल का हिस्सा बनकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के देव मीणा, कुलदीप कुमार और समरदीप सिंह के अलावा जूडो की यामिनी मौर्य तथा वेटलिफ्टिंग के वल्लुरी अजय बाबू शामिल हैं। 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले इन खेलों में भारत 124 सदस्यीय दल के साथ 10 खेलों तथा पैरा स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगा।





### एथलेटिक्स में मध्यप्रदेश की सबसे मजबूत मौजूदगी

भारतीय एथलेटिक्स टीम में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। समरदीप सिंह शॉटपुट, देव मीणा पोल वॉल्ट तथा कुलदीप कुमार पोल वॉल्ट स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले इन खिलाड़ियों से कॉमनवेल्थ गेम्स में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

### राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पोल वॉल्ट जोड़ी पर रहेंगी निगाहें

कॉमनवेल्थ गेम्स में मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसके रिकॉर्डधारी पोल वॉल्ट खिलाड़ी होंगे। देव मीणा ने वर्ष 2026 में पहले 5.42 मीटर, फिर 5.45 मीटर और उसके बाद 65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भुवनेश्वर में 5.46 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। वहीं कुलदीप कुमार ने मई 2026 में आयोजित इंडियन इंडोर ओपन प्रतियोगिता में 5.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद नेशनल फेडरेशन कप में उन्होंने देव मीणा के साथ 5.45 मीटर की छलांग लगाकर भारतीय पोल वॉल्ट को नई ऊंचाई तक पहुंचाया। अब दोनों खिलाड़ियों से ग्लासगो में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।





### समरदीप सिंहः शॉटपुट में भारत की मजबूत उम्मीद

*समरदीप सिंह भारतीय शॉटपुट के उभरते हुए सितारे हैं। मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के इस खिलाड़ी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। हाल ही में उन्होंने 20.03 मीटर का थ्रो कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसी शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के लिए भारतीय टीम में स्थान बनाया।*

### जूडो और वेटलिफ्टिंग में भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

*एथलेटिक्स के अलावा जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य और वेटलिफ्टर वल्लुरी अजय बाबू भी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन से यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।*

---

15 अगस्त से बेल्जियम-नीदरलैंड में शुरू होने वाले हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

# हॉकी इंडिया की विश्व कप टीम में विवेक सागर प्रसाद का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के लिए एक बार फिर गर्व का अवसर आया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के एसोसिएट खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का चयन एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम एवं नीदरलैंड-2026 के लिए घोषित भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है।

यह विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें भारतीय टीम विश्व विजेता बनने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। विवेक सागर प्रसाद का चयन न केवल उनकी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है, बल्कि यह मध्यप्रदेश की खेल अकादमियों में उपलब्ध विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के समग्र विकास की प्रभावी व यवस्था का भी प्रमाण है।



■ विश्व कप के रण में मध्यप्रदेश का गौरव

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके विवेक अब विश्व हॉकी के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

भारतीय टीम की कप्तानी अनुभवी डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह उपस्थिति से टीम को मजबूती देंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम को अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलित मिश्रण बताते हुए विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया है।

### अभियान की शुरुआत 15 को वेल्स के साथ

भारत को विश्व कप के पूल-डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के विरुद्ध करेगी, इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड तथा 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला खेलेगी।

---

10 दिन तक देश की28 टीमें दिखाएंगी दम

# ग्वालियर में कल से शुरू होंगी हॉकी इंडिया की दो बड़ी अकादमी चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश एक बार फिर राष्ट्रीय महिला हॉकी की मेजबानी के लिए तैयार है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं हॉकी इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में ग्वालियर स्थित मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी में चौथी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 तथा चौथी हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जाएगा। देशभर की प्रतिभाशाली महिला हॉकी खिलाड़ियों को एक ही मंच पर प्रतिस्पर्धा का अवसर देने वाली यह प्रतियोगिता भारतीय महिला हॉकी के भविष्य को नई दिशा देने वाली साबित होगी। इसमें प्रदेश की गर्ल्स की टीम दम दिखाएगी।



### 24 जुलाई से जूनियर चैंपियनशिप का आगाज़

24 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली चौथी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप (जोन ए एवं बी) में देश की 12 प्रतिष्ठित हॉकी अकादमियां हिस्सा लेंगी। मेजबान मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी सहित पंजाब, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की प्रमुख अकादमियां राष्ट्रीय खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

### 26 जुलाई से सब-जूनियर वर्ग में 16 अकादमियों की चुनौती

इसके बाद 26 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक चौथी हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप (जोन ए एवं बी) आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में देशभर की 16 अग्रणी हॉकी अकादमियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित करने और भविष्य की भारतीय टीम के लिए मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### 28 टीमों के बीच होगा राष्ट्रीय खिताब का रोमांचक मुकाबला

दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 28 अकादमी टीमें हिस्सा लेंगी। मैचों का आयोजन हॉकी इंडिया के निर्धारित लीग एवं नॉकआउट प्रारूप के अनुसार किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान देशभर से चयनकर्ता, प्रशिक्षक एवं तकनीकी अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच मिलेगा।



### राष्ट्रीय आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। हॉकी इंडिया के अधिकारियों, तकनीकी प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागी टीमों के लिए आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सा सुविधा, तकनीकी संचालन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संपन्न हो सके।

---

मंत्री सारंग ने प्रगति की समीक्षा कर दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में दो नए प्रवेश द्वार जोड़कर बनेंगे कुल पांच गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में बरखेड़ा नाथू स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में कॉम्पलेक्स में विकसित की जा रही खेल अधोसंरचना, सुरक्षा व्यवस्था, जनसुविधाओं, ऊर्जा प्रबंधन तथा निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंत्री सारंग के निर्देशानुसार खेल परिसर में प्रवेश एवं निकास व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दो नए प्रवेश द्वार जोड़े जाने की जानकारी दी गई। पहले परिसर में तीन गेट थे, जिन्हें बढ़ाकर अब कुल पांच प्रवेश द्वार विकसित किए जा रहे हैं। इससे खिलाड़ियों, दर्शकों, अधिकारियों एवं आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही अधिक सुगम और व्यवस्थित होगी। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परिसर के चारों ओर सड़क चौड़ीकरण और आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था

समीक्षा बैठक में बताया गया कि मंत्री सारंग के निर्देशानुसार पूरे खेल परिसर के चारों ओर सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। साथ ही हरित क्षेत्र के संरक्षण के लिए आधुनिक स्प्रिंकलर सिस्टम विकसित किया जा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप फायर सेफ्टी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा रहा है। परिसर में अग्निशमन उपकरणों की स्थापना, आपातकालीन पहुंच मार्ग तथा अन्य सुरक्षा उपायों को भी प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।

### सभी सुविधाओं पर लगाए जाएंगे आधुनिक साइनेज

मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर में स्थित सभी सार्वजनिक उपयोगिता स्थलों पर स्पष्ट, आकर्षक एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप साइनेज लगाए जाएं। इसके लिए अलग से विस्तृत प्रोजेक्ट प्लान तैयार कर शीघ्र कार्य शुरू किया जाए, ताकि परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक सुविधाओं तक आसानी से पहुंच मिल सके।

### हैंडओवर प्रक्रिया होगी पूरी तरह पारदर्शी

मंत्री सारंग ने निर्देशित किया कि खेल परिसर के हैंडओवर एवं टेकओवर की प्रक्रिया पूर्ण तकनीकी सत्यापन के बाद ही संपन्न की जाए। साथ ही सभी मरम्मत योग्य कार्यों का विस्तृत फ्लो चार्ट तैयार कर चरणबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

---


## कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार
## मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र. 1270/भू-अर्जन/2026

भोपाल, दिनांक : 17.07.2026
राजस्व प्रकरण क्रमांक 31/अ-82/2025-26

### घोषणा

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-19**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु **ग्राम भानपुर केकड़िया तहसील हुजूर जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे.में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | हुजूर | भानपुर केकड़िया | 18.2800 हे. | 9.8988 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम, भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**

**ग्राम का नाम-भानपुर केकड़िया, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे.में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे.में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | भेरूसिंह पुत्र गुलसिंह (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 643 | 0.4600 | 0.2757 | निजी | सिंचित |
| 2 | भेरूसिंह पुत्र गुलसिंह (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 642 | 0.5400 | 0.4564 | निजी | सिंचित |
| 3 | एकल सिंह पुत्र धनसिंह 1/8, भीकला पुत्र धनसिंह 1/8, वालसिंह पुत्र धनसिंह 1/8, कुशल सिंह पुत्र धनसिंह 1/8, मसरीबाई बेवा धनसिंह 1/8, काशीराम पुत्र ढोकल सिंह 1/8, राधेश्याम पुत्र ढोकल सिंह 1/8, रतनी बाई बेवा ढोकल सिंह 1/8 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 641 | 1.0000 | 0.7635 | निजी | सिंचित |
| 4 | एकल सिंह पुत्र धनसिंह (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 675 | 1.0000 | 0.6945 | निजी | सिंचित |
| 5 | दोनाबाई पुत्री जूरसिंह 1/8, मीनाबाई पुत्री जूरसिंह 1/8, कालीबाई पुत्री जूरसिंह 1/8, कुंवर सिंह पुत्र जूरसिंह 1/8, मक्खन सिंह पुत्र जूरसिंह 1/8, मंगू पुत्र जूरसिंह 1/8, नवल सिंह पुत्र जूरसिंह 1/8, घुड़कीबाई बेवा जूरसिंह 1/8 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 640 | 1.0000 | 0.2221 | निजी | सिंचित |
| 6 | माखन सिंह पुत्र चतरसिंह 1/4, गोपाल पुत्र चतर 1/4, दयाराम पुत्र चतरसिंह 1/4, बालबाई पुत्री चतरसिंह 1/4 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त) | 673 | 1.0000 | 0.6283 | निजी | सिंचित |
| 7 | सूरबाई पिता नाथूसिंह 1/4, कलाबाई पिता नाथूसिंह 1/4, केसरीबाई पिता नाथूसिंह 1/4, कैलाश पिता नाथूसिंह 1/4 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 674 | 1.0100 | 0.4208 | निजी | सिंचित |
| 8 | भेरोसिंह पुत्र बालाराम (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 562 | 1.0300 | 0.2300 | निजी | सिंचित |
| 9 | भुवान सिंह पुत्र अलसिंह (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 563 | 1.0100 | 0.9419 | निजी | सिंचित |
| 10 | नन्दलाल पुत्र झेदू (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 564 | 0.3600 | 0.0490 | निजी | सिंचित |
| 11 | नन्दलाल पुत्र झेदू (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 565 | 0.6300 | 0.5857 | निजी | सिंचित |
| 12 | मांगोबाई बेवा अमर सिंह 1/16, बुंदेलीबाई पुत्री तेरसिंह 1/2, राधेश्याम पुत्र अमर सिंह 1/16, जालम सिंह पुत्र अमर सिंह 1/16, माधवसिंह पुत्र अमर सिंह 1/16, सुरेश पुत्र अमरसिंह 1/16, ऐचलीबाई पुत्री अमर सिंह 1/16, रेतली बाई पुत्री अमर सिंह 1/16, पारलीबाई बेवा बालू 1/112, भगवान पुत्र बालू 1/112, नूरसिंह पुत्र बालू 1/112, रमेश पुत्र बालू 1/112, रामसिंह पुत्र बालू 1/112, कालीबाई पुत्री बालू 1/112, सोनाबाई पुत्री बालू 1/112 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 566 | 1.0200 | 0.4622 | निजी | सिंचित |
| 13 | हरी सिंह पुत्र जुगाड़ू 1/4, गुलाब सिंह पुत्र जुगाड़ू 1/4, फूल सिंह पुत्र जुगाड़ू 1/4, सोनाबाई बेवा जुगाड़ू 1/4 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त) | 568 | 1.0000 | 0.8071 | निजी | सिंचित |
| 14 | मनीष पिता सुभान सिंह 1/6, कुवर सिंह पिता सुभान सिंह 1/6, सामरी बाई पिता सुभान सिंह 1/6, भमरा पुत्र करन सिंह 1/6, सुमला पुत्र करन सिंह 1/6, गोमतीबाई पत्नी सुभान सिंह 1/6 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 573 | 1.0000 | 0.2714 | निजी | सिंचित |
| 15 | फतहसिंह पुत्र विस्ता (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 574 | 1.0000 | 1.0000 | निजी | सिंचित |
| 16 | केकडिया पुत्र खुमान सिंह (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 575 | 0.9100 | 0.3378 | निजी | सिंचित |
| 17 | मांगोबाई बेवा अमर सिंह 1/8, राधेश्याम पुत्र अमर सिंह 1/8, जालमसिंह पुत्र अमर सिंह 1/8, माधवसिंह पुत्र अमर सिंह 1/8, सुरेश पुत्र अमरसिंह 1/8, ऐचलीबाई पुत्री अमर सिंह 1/8, रेतली बाई पुत्री अमर सिंह 1/8, पारलीबाई बेवा बालू 1/56, भगवान पुत्र बालू 1/56, नूरसिंह पुत्र बालू 1/56, रमेश पुत्र बालू 1/56, रामसिंह पुत्र बालू 1/56, कालीबाई पुत्री बालू 1/56, सोनाबाई पुत्री बालू 1/56 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 582 | 1.0000 | 0.0010 | निजी | सिंचित |
| 18 | धन सिंह पुत्र चमरिया 1/7, नान सिंह पुत्र चमरिया 1/7, विमा सिंह पुत्र चमरिया 1/7, जैमला पुत्र चमरिया 1/7, मुन्नीबाई पुत्री चमरिया 1/7, बनी पुत्री चमरिया 1/7, हीराबाई बेवा चमरिया 1/7 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 482 | 0.2700 | 0.0115 | निजी | सिंचित |
| 19 | अमान सिंह पुत्र बटन लाल (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 483 | 0.4600 | 0.3775 | निजी | सिंचित |
| 20 | अमान सिंह पुत्र बटन लाल (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 484 | 0.5500 | 0.0219 | निजी | सिंचित |
| 21 | जूडिया पुत्र कालूराम (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 486 | 0.5200 | 0.4595 | निजी | सिंचित |
| 22 | जूडिया पुत्र कालूराम (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 487 | 0.5100 | 0.4260 | निजी | सिंचित |
| 23 | भैयालाल नावा नाबालिग पुत्र किशन सिंह 1/5, मोटलीबाई नाबालिग पुत्री किशन सिंह संरक्षक किशन सिंह 1/5, सुकलीबाई नाबालिग पुत्री किशन सिंह 1/5, फुन्दी बाई नाबालिग पुत्री किशन सिंह 1/5, नानीबाई बेवा किशन सिंह 1/5 (अहस्तान्तरणीय शासन द्वारा पट्टे पर प्रदत्त ) | 489 | 1.0000 | 0.4550 | निजी | सिंचित |
| | | **कुल योग** | **18.2800** | **9.8988** | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि-अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।

**प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की समयावधि में** हितबद्ध पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**
**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन**

म.प्र. माध्यम/127093/2026

# ‘टोबा टेक सिंह’ : जब सरहदें बंटीं, तो सबसे बड़ा सवाल इंसान की पहचान का था

## सआदत हसन मंटो की कालजयी कहानी ‘टोबा टेक सिंह’ का चेतना ऑडिटोरियम में मंचन


नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी पर आधारित ‘टोबा टेक सिंह’ केवल एक नाटक नहीं, बल्कि इंसानियत, पहचान और वतन की तलाश का मार्मिक दस्तावेज है। यह प्रस्तुति उन मानसिक चिकित्सालय के मरीजों की संवेदनशील कहानी कहती है, जिनके लिए अचानक खींची गई राजनीतिक सरहदें सबसे बड़ा सवाल बन जाती हैं। वे आखिर किस देश के हैं और उनका अपना घर कहां है? सआदत हसन मंटो की कालजयी कहानी ‘टोबा टेक सिंह’ का मंचन चेतना ऑडिटोरियम में किया गया। आदम खान के निर्देशन में तैयार नाटक में विभाजन की संवेदनाओं प्रस्तुत किया गया।

### दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते पात्र


टोबा टेक सिंह नाटक दृश्य।

बदलती सीमाओं के बीच उलझे पात्र दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि क्या सरहदें केवल जमीन बांटती हैं, या इंसानों की पहचान या फिर रिश्तों को भी टुकड़ों में विभाजित कर देती हैं। मंटो की कहानी में छिपी विभाजन की त्रासदी, विस्थापन की पीड़ा और मानवीय संवेदनाओं को मंच पर जीवंत कर दिया।

### इंसानियत और मानवीय पहचान पर गंभीर सवाल खड़े करता है नाटक

‘टोबा टेक सिंह’ राजनीतिक सीमाओं से परे इंसानियत और मानवीय पहचान पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों को पूरी संवेदनशीलता और प्रभावशाली अभिनय के साथ निभाया। संवाद अदायगी, अभिनय, मंच संयोजन और निर्देशन के माध्यम से नाटक का वातावरण प्रभावशाली बना रहा। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को कहानी से जोड़े रखा और कई दृश्य दर्शकों को भावुक करने वाले रहे। प्रस्तुति के अंत में दर्शकों ने कलाकारों और पूरी टीम का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा नाटक की सराहना की।

## भारत भवन में आठ कलाकारों ने जलरंगों से बिखेरे विरासत और प्रकृति के मनमोहक रंग

# वाटर कलर के कैनवास पर सजी इतिहास प्रकृति और संस्कृति की ‘अनूठी दुनिया’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग जब पानी में घुलते हैं तो वे केवल चित्र नहीं रचते, बल्कि यादों, विरासत और प्रकृति की संवेदनाओं को भी कैनवास पर जीवंत कर देते हैं। भारत भवन की रूपाभ श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार से शुरू हुई ‘जल रंग कलाकृतियां’ प्रदर्शनी इसी सृजनात्मक संसार से दर्शकों का परिचय कराती है।

आर्ट ओडिसी भोपाल ग्रुप द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में शहर के आठ कलाकारों की वाटर कलर माध्यम में बनी लगभग 40 चित्रकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनमें कहीं प्रेमपुरा घाट की शांत सुंदरता है, तो कहीं जगदीशपुर और जामा मस्जिद की बेमिसाल स्थापत्य कला। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई तक खुली रहेगी।


प्रदर्शनी में कलाकृतियों के साथ सेल्फी लेती युवतियां।

### मेरे प्रत्येक आर्ट वर्क में प्रकृति का एक अलग रूप और अलग भाव



कलाकार आशीष नाईक ने कहा कि प्रकृति हमेशा से मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। यही वजह है कि मेरे प्रत्येक आर्ट वर्क में प्रकृति का एक अलग रूप और अलग भाव देखने को मिलता है। मेरे चित्रों में कहीं प्रकाश और छाया (लाइट एंड शैडो) का मनमोहक संवाद है, तो कहीं रिमझिम बारिश के मौसम में धुली-निखरी हरियाली का सौंदर्य। मैंने प्रकृति के इन्हीं बदलते रंगों और अनुभूतियों को अपनी चित्रकृतियों के माध्यम से रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है।

### प्रेमपुरा घाट पर बनाई लाइव पेंटिंग है खास



ओल्ड आर्किटेक्चर पर काम करने वाले कलाकार पंकज कुमार सेन ने मिक्स्ड मीडिया में भारत की ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया। उनकी एक कृति में जैसलमेर के शांत लेक व्यू की खूबसूरती है, जबकि दूसरी पेंटिंग में चित्तौड़गढ़ किले की ऐतिहासिक गरिमा को चित्रित किया गया है। इसके अलावा भोपाल के प्रेमपुरा घाट पर बनाई गई लाइव पेंटिंग और छिंदवाड़ा के मनोहारी प्राकृतिक दृश्य भी पंकज की कला का हिस्सा हैं।

### भूटान के मठों वास्तुकला और कान्हा का प्राकृतिक सौंदर्य है खास

भारतीय रेलवे में एजीएम के पद से सेवानिवृत्त महेश सावरीकर के लिए चित्रकला केवल एक शौक नहीं, बल्कि



जीवनभर की साधना रही है। वे कहते हैं बचपन से ही पेंटिंग के प्रति मेरा गहरा लगाव रहा है। नौकरी की व्यस्तताओं के बावजूद मैं हमेशा अपनी कला के लिए समय निकालता था। प्रदर्शनी में उनकी छह चित्रकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनमें भूटान के मठों (मॉनेस्ट्री) पर आधारित तीन वाटर कलर पेंटिंग्स के साथ दक्षिण भारत के एक प्राचीन शिव मंदिर की वास्तुकला और मंडला स्थित कान्हा नेशनल पार्क की प्राकृतिक सुंदरता को भी अपने कैनवास पर सजीव रूप दिया है।

### ओल्ड आर्किटेक्चर थीम पर बने चित्रों को किया प्रदर्शित



वाटर कलर के लैंडस्केप चित्रों के लिए पहचाने जाने वाले कलाकार विजय गहरवार का मानना है कि पुरानी धरोहरें केवल इमारतें नहीं, बल्कि इतिहास और संस्कृति की जीवंत विरासत हैं। ओल्ड आर्किटेक्चर थीम पर काम करने वाले महेश ने प्रदर्शनी में ओल्ड इज गोल्ड की अवधारणा को साकार किया। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे प्रिय कृति 1857 में स्थापित खालसा यूनिवर्सिटी पर आधारित है, जिसे मैंने पंजाब यात्रा में बनाया।

## मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के सैश समारोह में इंदौर की श्रेया बेड़िया ने बटोरीं सुर्खियां




### प्रस्तुति में कोरियोग्राफी के माध्यम से इन्फिनिटी का प्रतीक किया निर्मित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 अपने निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। देशभर से चयनित 52 फाइनलिस्ट के बीच कड़ा मुकाबला जारी है। प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत सैश समारोह के साथ हुई, जहां सभी फाइनलिस्ट ने राष्ट्रीय मंच पर अपना पहला परिचय (इंट्रो वॉक) दिया। इसमें वाइल्ड कार्ड के जरिए एंट्री करने वाली मप्र की बेटी इंदौर निवासी श्रेया बेड़िया सब पर भारी नजर आ रही हैं। श्रेया की पहली कैटवॉक विशेष चर्चा का विषय बनी।

### 23 अगस्त को होगा मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का ग्रैंड फिनाले

अपनी प्रस्तुति के दौरान उन्होंने कोरियोग्राफी के माध्यम से इन्फिनिटी का प्रतीक निर्मित किया, जो अनंत संभावनाओं, असीम मानव क्षमता और निरंतर आगे बढ़ने के संकल्प का प्रतीक माना जाता है। उनकी इस रचनात्मक प्रस्तुति ने उन्हें प्रतियोगिता की मजबूत दावेदारों में शामिल कर दिया है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले 23 अगस्त को जयपुर में आयोजित होगा, जहां देश को अपनी नई मिस यूनिवर्स इंडिया मिलेगी। विजेता भारत का प्रतिनिधित्व विश्व की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स में करेगी।

## अक्सर लोग किसी शांत इंसान को देखकर यह मान लेते हैं कि वह ऐसा ही है....

‘ये फितूर तेरा’ की लीड कास्ट देबचंद्रिमा सिंघा रॉय से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुझे लगता है कि अक्सर लोग किसी शांत इंसान को देखकर यह मान लेते हैं कि वह ऐसा ही है, लेकिन उसके मन में कितने सवाल, कितनी भावनाएं और कितनी बातें चल रही होती हैं, यह कोई नहीं जानता।

सौम्या की हर झिझक, हर रुकावट और हर खामोशी के पीछे एक वजह है। यही बात उसे मेरे लिए बेहद सच्चा और वास्तविक बनाती है.... यह कहना है देबचंद्रिमा सिंघा रॉय का जो स्टार प्लस के नए शो ‘ये फितूर तेरा’ में सौम्या का किरदार निभा रही हैं। हरिभूमि से बातचीत में देबचंद्रिमा ने सीरियल से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

### सौम्या की कहानी आज की लड़कियों से काफी रिलेटेबल है

देबचंद्रिमा सिंघा रॉय ने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत-सी लड़कियां और युवा दर्शक खुद को सौम्या में कहीं न कहीं जरूर देखेंगे। हम सभी की जिंदगी में कभी न कभी ऐसा दौर आता है, जब हम अपने डर या दूसरों की राय की वजह से खुद को खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते। यही वजह है कि सौम्या की कहानी आज की लड़कियों से काफी रिलेटेबल है।



## प्रशासन अकादमी में ‘लास्य त्रिवेणी’ में आज तीन शास्त्रीय नृत्य शैलियों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रशासन अकादमी द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 23 जुलाई को शाम 7 बजे विशेष नृत्य प्रस्तुति ‘लास्य त्रिवेणी’ आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में दक्षिण भारत की तीन प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी तथा मोहिनीअट्टम की समूह प्रस्तुतियां होंगी। जिसमें प्रसिद्ध नृत्यांगना कलामण्डलम कविता शाजी की शिष्याएं इन नृत्य रूपों का प्रदर्शन करेंगी। तीनों शास्त्रीय नृत्य शैलियों की एक साथ प्रस्तुति दर्शकों के लिए एक अनूठा सांस्कृतिक अनुभव होगी।

### गुरु स्मरण नादोत्सव का आयोजन कल

**भोपाल।** ताल अकादमी ऑफ तबला एवं ताल साधना सामाजिक सांस्कृतिक समिति द्वारा भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित गुरु स्मरण नादोत्सव-2026 का आयोजन 24 जुलाई को शाम 5 बजे रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि भोपाल में पहली बार गुरु मनोज पाटीदार के 100 शिष्य एक ही मंच पर सामूहिक तबला वादन की प्रस्तुति देंगे। इस भव्य प्रस्तुति में पांच वर्ष के नन्हें विद्यार्थियों से लेकर युवा एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ आयु वर्ग के साधक एक साथ मंच साझा करेंगे। सबसे कम आयु के प्रतिभागी शिवांग सोलंकी एवं अद्वैत एन. वशिष्ठ हैं, जो मात्र पांच वर्ष की आयु में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की एक अन्य विशेषता यह है कि इसमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु तथा अमेरिका से विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।




## सुपरऑक्स कम्युनिटी रन का तीसरा संस्करण, 65 प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीम सुपरऑक्स बाय सुपरएथलीट ने जूना जिम के सहयोग से सुपरऑक्स कम्युनिटी रन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया, जिसमें 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए धावकों को आगामी रनिंग प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रन से पहले वार्म-अप तथा बाद में योग और कूल-डाउन सत्र आयोजित किए गए। आयरनमैन कोच प्रवीण सपकाल ने सही न्यूट्रिशन, फ्यूलिंग और हाइड्रेशन के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी सोनाली पाठक और सबसे कम उम्र की प्रतिभागी यशना शाह को सम्मानित किया गया।

### सिद्धार्थ के गायन, निवेदिता के कथक समूह की नृत्य से सजेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**भोपाल।** मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल सहित प्रदेश के 14 केंद्रों पर एक साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में प्रदर्शन, व्याख्यान और संगीत-नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव मनाया जाएगा। संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय ज्ञान परंपरा और गुरु-शिष्य संबंधों का प्रतीक पर्व है। भोपाल में मुख्य कार्यक्रम 29 जुलाई को शाम 7 बजे मप्र जनजातीय संग्रहालय में होगा, जिसमें कर्नाटक के प्रख्यात गायक सिद्धार्थ बेलमण्णु शास्त्रीय गायन तथा निवेदिता पंडा (इंदौर) कथक समूह नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके अलावा उज्जैन, ग्वालियर, इंदौर, मैहर, धार, खंडवा, मंदसौर, नरसिंहगढ़ सहित प्रदेश के अन्य शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में भी देश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा शास्त्रीय संगीत, नृत्य, वादन तथा कला प्रदर्शन एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

### वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में ‘बाघ सप्ताह’ का आयोजन, बाघों के संबंध में किया जागरूकता

# बाघ की पेंटिंग बनाकर विद्यार्थियों ने बताईं अपनी भावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर बाघों के संबंध में जन मानस एवं विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में ‘बाघ सप्ताह’ का आयोजन बुधवार से किया जा रहा है।

28 जुलाई तक आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के महाविद्यालय और विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत बुधवार को कक्षा 9 से 12 तक विद्यार्थियों के लिये ‘मध्यप्रदेश में बाघ’ थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 138 विद्यार्थियों ने भाग लिया।


पुरस्कृत पेंटिंग्स के साथ छात्राएं।



### ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

23 जुलाई को बाघ रेस्क्यू से सम्बंधित थीम पर रेस्क्यू वर्कशाप एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए बाघ से सम्बंधित थीम पर ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### एक शाम रफी के नाम 31 को, नानू गुर्जर भी आएंगे

**भोपाल।** नवांकुर ग्रुप द्वारा कार्यक्रम एक शाम रफी के नाम का आयोजन मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि 31 जुलाई को रवीद्र भवन में शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें मशहूर और युवा गायक नानू गुर्जर जो जीटीवी सारेगामप के रनरअप रहे हैं, भी अपनी प्रस्तुति देंगे। नानू के साथ गायक इमरान अख्तर कोलकाता से और आशीष मिश्रा मुंबई से आएंगे।

**नीट विवाद पर संसद में बढ़ी तकरार, सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से चले 'शब्दबाण'**

# भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर की बड़ी टिप्पणी, गिरिराज बोले उनके दिल भी कपड़ों की तरह काले हैं, सरकार चर्चा को तैयार और वे भाग रहे

## विपक्ष संसद की कार्यवाही कर रहा बाधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले पर विपक्ष के लगातार हंगामे और काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा ने बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि उनके दिल भी उनके कपड़ों की तरह काले हैं। सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार होने के बावजूद विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। गिरिराज ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर बहस से बच रहा है और छात्रों की समस्याओं का



राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष और कांग्रेस संसद को चलने नहीं देना चाहते। सरकार ने चर्चा का प्रस्ताव दिया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उनके दिल भी उतने ही काले हैं जितने उनके कपड़े।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विपक्ष पर हमला

### छात्रों को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा, संसद में करें चर्चा

संसद के मानसून सत्र के दौरान युवाओं और छात्रों के मुद्दे पर जारी सियासी घमासान के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है।



सिंह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के छात्रों और युवाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हथियार के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने इसे छात्रों को भटकाने का एक विफल प्रयास करार दिया। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का समझदार युवा इन सभी कोशिशों को अच्छी तरह समझता है और वह विकास तथा राष्ट्र निर्माण का रास्ता ही चुनेगा।

सिंह ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष संसद के बजाय सड़कों पर समाधान ढूंढने का अनुचित प्रयास कर रहा है। विपक्ष वास्तव में गंभीर है, तो सदन के भीतर मुद्दों पर चर्चा करे।

#### युवाओं के कल्याण और न्याय के लिए प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार युवाओं के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ, खासकर छात्रों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता जनता के बीच बनावटी गुस्सा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में फिर दोहराया कि सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन बहस का प्रारूप और



समय सभी दलों के साथ चर्चा के बाद तय होगा। विवाद को लेकर संसद के मानसून सत्र में तनाव जारी है। सरकार चर्चा का प्रस्ताव दे रही है, जबकि विपक्ष इस्तीफे के बिना चर्चा से इनकार कर रहा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संसद को राजनीतिक टकराव के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा का मंच बनना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर सत्ता की भूख और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि पेपर लीक किसी भी हाल में समर्थनीय नहीं है और सरकार ने इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने प्रधान के इस्तीफे को समाधान नहीं बताया।

**राजनीतिक हलकों में बढ़ी चर्चा**

## संसद में पीएम मोदी से मिले शरद और सुप्रिया

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से



संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। शरद ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह छात्रों और नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।

**दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों से अब सख्ती से निपटेगी सरकार**

## एयरलिफ्ट की गई सीआरपीएफ और आरएएफ की 24 कंपनियां

दिल्ली में विभिन्न राजनीतिक दलों के विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ और आरएएफ की अतिरिक्त 24 कंपनियों को तैनात किया गया है। ये कंपनियां दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालेंगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब विरोध प्रदर्शन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। कानून व्यवस्था के चलते नई दिल्ली में बुधवार को 16 मेट्रो स्टेशन भी अस्थायी तौर से बंद कर दिए गए हैं।

# क्या बेटियों के कपड़े फाड़ेंगे आप? उनकी आवाज सुनें

## स्पीकर बिरला पर फट पड़े अखिलेश यादव

जंतर मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस ने जो लाठीचार्ज किया उसके बाद से सियासत शुरू हो गई है। संसद में इस पर बहस के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा स्पीकर ओम बिरला र फट पड़े। यादव ने कहा कि अगर पेपर लीक और छात्रों की आवाज और उनके मुद्दों पर सरकार ने संसद में बहस की होती तो ये नौबत नहीं आती। जिसके बाद अखिलेश ने पुलिस लाठीचार्ज का हवाला देते हुए कहा कि क्या अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर आप लाठी चलाएंगे, उनके सिर फोड़ेंने और क्या बेटियों के कपड़े फांड़ेंगे?

**अखिलेश और केसी वेणुगोपाल में झड़प**





### भाजपा ने क्या कांग्रेस से समझौता कर लिया?

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की आग पटना समेत देश को दूसरे हिस्से में पहुंच चुकी है तो इधर जंतर मंतर पर छात्र डटे हुए हैं। छात्रों के नाम पर विपक्ष जमकर सियासत कर रहा है। हालांकि धर्मेंद्र प्रधान पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की लाइन अलग-अलग है। कांग्रेस जहां शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़ी है तो वहीं अखिलेश यादव के रुख नर्म है। अखिलेश सदन में नीट पर चर्चा चाहते हैं। अखिलेश अपनी बात कहना चाह रहे थे लेकिन स्पीकर ने कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल को बोलने के लिए कहा। फिर रिजिजू बोलने लगे। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला के सामने आपत्ति जताते हुए अखिलेश ने कहा कि आपने भाजपा-कांग्रेस को बोलने का मौका दिया, क्या आपने इनसे समझौता कर लिया।

## कल्याण पूरे मानसून सत्र के लिए लोकसभा से निलंबित



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कल्याण बेनर्जी को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्हें असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया। मानसून सत्र का लगातार तीसरा दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई।

**रेल मंत्री वैष्णव बोले**

## 99.6% ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क विद्युतीकृत, भारत में दुनिया में सबसे बड़ा नेटवर्क बना



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। इस मामले में भारत केवल स्विट्जरलैंड (100 प्रतिशत) से थोड़ा पीछे है, हालांकि स्विट्जरलैंड का रेलवे नेटवर्क भारत की तुलना में काफी छोटा है। रेल मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के मामले में भारत- चीन (82 प्रतिशत), स्पेन (67 प्रतिशत), जापान (64 प्रतिशत), फ्रांस (60 प्रतिशत) और यूनाइटेड किंगडम (39 प्रतिशत) जैसे देशों से आगे निकल चुका है।

**ई- 20 पेट्रोल पर केंद्र की सफाई**

## पुराने वाहनों में माइलेज थोड़ा घट सकता है, इंजन को नुकसान नहीं

ई20 पेट्रोल को लेकर चले तमाम तरह के अफवाहों पर विराम लगाते हुए केंद्र सरकार ने स्थिति साफ किया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के इस्तेमाल से ई10 पेट्रोल के लिए डिजाइन किए गए कुछ पुराने वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) में मामूली कमी आ सकती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने यह बात कही।

**खबर संक्षेप**

### अनुष्का के साथ कोहली ने प्रेमानंद के दर्शन किए

**वृंदावन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद



प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था।

### तेलंगाना में सर्जरी के बाद 5 महिलाएं बीमार

**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा के अस्पताल में 10 दिन में महिलाओं की सी-



सेक्शन सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद 5 महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। इन महिलाओं को निजामाबाद के सरकारी जनरल अस्पताल और हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराना पड़ा। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में सी-सेक्शन सर्जरी कराने वाली कई महिलाओं को किडनी संबंधी परेशानी आई थी।

### महाराष्ट्र में आज बंद का किया ऐलान

**मुंबई।** दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और उत्पीड़न के विरोध में वंचित बहुजन आघाडी द्वारा



गुरुवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान बसों, लोकल ट्रेनों और मेट्रो जैसी आवश्यक सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है, लेकिन शिक्षण संस्थानों और निजी प्रतिष्ठानों पर असर पड़ सकता है। राज्य में बसों और लोकल ट्रेन सामान्य रूप से चलेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धार्थ दवे के प्रयासों की सराहना की

# पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के मामले में दिखी सकारात्मक प्रगति, कोर्ट 'संतुष्ट'

## न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में काम अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में स्थिति ने सकारात्मक रुख लिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को इस मामले में न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीठ ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इस मामले में काम बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हमें सिद्धार्थ दवे के प्रयासों का श्रेय देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इस मामले में सकारात्मक बदलाव आया है। सुप्रीम कोर्ट पुलिस थानों में काम कर रहे सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।



**पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया**

पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया। पहला, पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना के लिए वित्तीय सहायता की अवधि बढ़ाने का और दूसरा, पहले से लगाए गए कैमरों के रखरखाव का। केंद्र सरकार की ओर से पेश कानून अधिकारी ने कहा कि वह इन दोनों पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों से निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कानून अधिकारी को निर्देश प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को तय की।

**छात्रों पर हुए लाठीचार्ज से भड़का बार एसोसिएशन**

### स्टूडेंट्स पर हुए लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के दौरान स्टूडेंट्स पर हुए कथित लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन ने लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बहुत ज्यादा और बेहिसाब बल का इस्तेमाल किया गया है। यह एक परेशान करने वाला है और लोकतांत्रिक समाज में बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। एसोसिएशन ने बिना किसी भेदभाव के तुरंत जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।एसोसिएशन के अनुसार बेगुनाह स्टूडेंट्स पर हुए बेरहमी से लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करता है, जिससे कई स्टूडेंट्स को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में एससीबीए के मेंबर्स समेत लीगल फ्रेटरनिटी के मेंबर्स भी घायल हुए।

**एएसजी की 'पब्लिसिटी' वाली दलील पर हाईकोर्ट ने कहा**

### जनहित याचिकाओं में हर पीड़ित का व्यक्तिगत आना जरूरी नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद मार्च के दौरान पुलिस द्वारा कथित अत्यधिक बल प्रयोग के



खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।एक पिटीशनर की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट एन. हरिहरन ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट के बाद जंतर-मंतर पर जमा हुई भीड़ बस अपने अधिकारों का दावा कर रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्टूडेंट्स पर कैसे हमला किया गया, और बताया कि उनके खिलाफ बहुत ज़्यादा बल का इस्तेमाल किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकारें और हाईकोर्ट मिलकर बनाएंगे फॉर्मूला

# अब 'न्यायिक अधिकारी' 61 की उम्र में होंगे रिटायर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 वर्ष करने पर विचार करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के उच्च न्यायालयों से परामर्श कर इस संबंध में निर्णय लें। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन भी शामिल थे, देशभर में जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



### अंतिम फैसले के अधीन रहेगा आदेश

कोर्ट ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह अंतरिम है और मामले के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। इस अंतरिम व्यवस्था का यह अर्थ नहीं होगा कि उसने जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु पूरे देश में समान रूप से 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने के कानूनी प्रश्न पर अंतिम राय बना ली है। पीठ ने कहा, अंतिम सुनवाई में इस संवैधानिक व कानूनी प्रश्न पर विस्तार से विचार किया जाएगा।

### राज्य सरकारें और हाईकोर्ट मिलकर लें फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि सभी राज्य सरकारें और केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने उच्च न्यायालयों से विचार-विमर्श कर यह तय करें कि न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 61 वर्ष की जाए या नहीं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई राज्य या केंद्रशासित प्रदेश इस प्रस्ताव से सहमत होता है, तो वहां के न्यायिक अधिकारी 1 अप्रैल, 2026 से 61 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रह सकेंगे।

**बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर सरकार सख्त**

# आईटी नियमों में सख्ती होगी एजेंसियों को मिले और हक

## केंद्र सरकार ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्रीके प्रसार को गंभीरता से लेते हुए ऑनलाइन सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को गैर-कानूनी और हानिकारक सामग्री के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करनी होगी तथा कंटेंट हटाने की समयसीमा और जांच व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी। सरकार ने बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े विज्ञापनों और कंटेंट के प्रसार की खबरों पर संबंधित सोशल मीडिया से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बाल अधिकार आयोग ने भी नोटिस जारी किया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को और अधिकार देंगे।

**हिमाचल के चंबा में 2 दिन से लगातार हो रही बारिश**

# कई जगहों पर लैंडस्लाइड,100 से ज्यादा सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में लगातार 2 दिन से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आग भी आरेंज अलर्ट जारी किया है। डिप्टी कमिश्नर मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि बारिश की वजह से 100 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गई हैं। मशीनरी तैनात कर दी गई है और रास्ता साफ़ करने का काम चल रहा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से बहाली के काम में रुकावट आ रही है।

**फिलहाल 2-3 दिन तक राहत की उम्मीद नहीं**



**देश के 18 राज्यों में आईएमडी की चेतावनी**

### आज बरपेगा आसमानी कहर! गुजरात-महाराष्ट्र में रेड अलर्ट

देशभर में मानसून एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ चुका है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को देश के 18 राज्यों में बारिश का जोर देखने को मिलेगा। खासकर पश्चिम और मध्य भारत में बारिश बेहद तीव्र रहने वाली है। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में बेहद भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, राजस्थान, कोंकण-गोवा, पूर्वोत्तर और उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश होगी।

### यूपी में बदलेगा मौसम, उत्तराखंड में भूस्खलन का बढ़ा खतरा



उत्तर प्रदेश में 23 जुलाई को मौसम का मिजाज बदला रहेगा। पूर्वी यूपी में बादलों की आवाजाही के बीच कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 26 जुलाई के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का दौर और तेज हो सकता है। उत्तराखंड में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। पर्वतीय जिलों में भूस्खलन, चट्टान गिरने और सड़कें बंद होने का खतरा बना हुआ है।

### बड़गाम में शॉपिंग कांप्लेक्स बहा एक की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मंगलवार को भी दिनभर रुक-रुक वर्षा जारी रही। इस दौरान कई जगह सड़कों को नुकसान हुआ। बड़गाम जिले के वीरवाह शहर में सुखनाग नदी में उफान से पानी मुख्य बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र में घुस गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नगर पालिका का शापिंग कांप्लेक्स बह गया।

# सीजेपी के प्रदर्शन पर द गार्डियन बोला- सरकार के खिलाफ युवाओं में दिखा गुस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन की गूंज विदेशी मीडिया तक पहुंची है। न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्डियन, बीबीसी समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इसे प्रमुखता से कवर किया है। सोमवार को सीजेपी ने जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पथराव भी हुआ। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए।

### ये है रिपोर्ट

- पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प
- आंसू गैस के गोले छोड़े गए, पथराव हुआ
- दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए
- भर्ती परीक्षाओं में अव्यवस्था का मुद्दा उठा

### खून बहा, लेकिन वे डटे रहे: एनवायटी




अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि खून बहा, लाठियां चलीं, आंसू गैस के गोले दागे गए, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। अगले ही दिन हजारों छात्र फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और सरकार से जवाब मांगने लगे। छात्र शिक्षा व्यवस्था और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार अब भी उनकी मांगों पर चुप है।

### छात्र पीछे हटने वाले नहीं: द गार्डियन

ब्रिटेन के अखबार गार्डियन ने लिखा कि पुलिस की कार्रवाई भी छात्र आंदोलन को रोक नहीं सकी। झड़प के अगले दिन हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और साफ कर दिया कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। आंदोलन अब सिर्फ शिक्षा सुधार की मांग तक सीमित नहीं रहा।



### गांधी अरेस्ट, मोदी विरोधी हिरासत में: एफटी




ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी लीड रिपोर्ट में लिखा कि छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में पीएम नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च कर रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों को बाद में रिहा कर दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को छात्र आंदोलन पर हुई लाठीचार्ज और आंसू गैस की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### फिर वापस आए प्रदर्शनकारी: अल जजीरा

कतर के न्यूज चैनल अल जजीरा ने लिखा कि सोमवार को पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रदर्शनकारी फिर वापस आ गए हैं। यह आंदोलन अब सिर्फ शिक्षा सुधार का मुद्दा नहीं रह गया है। छात्र आंदोलन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अब तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए। इससे सरकार की जवाबदेही और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर नई बहस छेड़ दी है।





### मोदी सरकार को घेरने का मिला मौका: डॉन

*पाकिस्तान के अखबार डॉन ने लिखा कि छात्र आंदोलन ने विपक्ष को मोदी सरकार पर हमला बोलने का नया मौका दे दिया है। पुलिस कार्रवाई के बाद लगभग सभी प्रमुख विपक्षी दल प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए। बड़ी संख्या में युवाओं के सड़कों पर उतरने और पुलिस कार्रवाई की तस्वीरें सामने आने के बाद आंदोलन को राजनीतिक समर्थन मिलने लगा। इससे विपक्ष को युवा वोटरों तक पहुंच बनाने का मौका मिल सकता है।*

***सरकार से मांगा जवाब: बीबीसी:*** *ब्रिटेन के टीवी बीबीसी ने लिखा कि पुलिस कार्रवाई के अगले दिन भी हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन जारी रखा। पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर बना मंच और अस्थायी टेंट भी हटा दिए। राहुल गांधी ने छात्रों की मांगों का समर्थन किया, सरकार से जवाब मांगा और कांग्रेस सांसदों के साथ पीएम आवास तक मार्च निकाला।*

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान को भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के नूरिस्तान प्रांत में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत ने राहत सामग्री भेजी। इसमें खाने-पीने का सामान और परिवारों के रहने के लिए टेंट शामिल हैं। यह सामग्री अफगानिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी को सौंपी गई। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी है।



### पश्चिमी नेपाल में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में बुधवार तड़के 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह 4:40 बजे आए इस भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बाजहांग जिले के कोटदेवाल के आसपास था। यह स्थान काठमांडू से करीब 900 किमी दूर पश्चिम में स्थित है। यह भूकंप पड़ोसी बाजुरा और दार्चुला जिलों में भी महसूस किया गया।



### कीटनाशक पर बैन हटने पर मंत्री का इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों एसेटामिप्रिड व फ्लुपाइराडीफ्यूरोन के इस्तेमाल की अस्थायी मंजूरी दी गई है। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया।



### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर दंपती की मौत, 5 घायल

**ऊधमपुर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को रामबन जिले के रामसू क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में एक टेंपो पर पहाड़ी से विशाल बोल्डर गिर जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। टेंपो (जेके06बी-9842) श्रीनगर से डोडा जिले की ओर जा रहा था। अचानक पहाड़ी से एक विशाल बोल्डर लुढ़ककर सीधे टेंपो पर आ गिरा।



### जेलेंस्की ने यूक्रेन के सेना प्रमुख को हटाया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देश के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्सांद्र सिरिस्की को पद से हटा दिया। सिरिस्की को पद से हटाने की मांग को लेकर राजधानी कीव समेत देश के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन के बाद ये घटनाक्रम सामने आया है। यह जेलेंस्की द्वारा जनता के दबाव में किया गया दूसरा बड़ा बदलाव है। मिखाइलो द्रापाती को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है।



---

### भारत-आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# वैश्विक चुनौतियों से अकेले नहीं निपटा जा सकता, मिलकर आगे बढ़ना जरूरी

साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया

जयशंकर ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने आसियान और भारत से भविष्य की चुनौतियों का मिलकर सामना करने के साथ ही साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। जयशंकर ने आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि मौजूदा अस्थिर और तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कोई भी एक देश या समूह अकेले चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता।

उन्होंने भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने फिलीपींस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए देश समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान की अध्यक्षता का विषय 'मिलकर भविष्य की राह तय करना' (नैविगेटिंग आर फ्यूचर टुगैदर) आज की वैश्विक भावना को दर्शाता है।




आसियान मंत्री स्तरीय बैठक में भाग ले रहे मंत्रियों का समूह फोटो

#### सहयोग के प्रमुख क्षेत्र

- व्यापार और निवेश
- लोगों की आवाजाही और टैलेंट
- प्रौद्योगिकी, डिजिटल और हवाई संपर्क
- ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी
- कनेक्टिविटी

#### दुनिया लगातार अस्थिर होती जा रही

जयशंकर ने कहा कि दुनिया लगातार अधिक अस्थिर होती जा रही है और ऐसे में यह विचार करना जरूरी है कि आपसी सहयोग किस तरह सभी देशों के हितों को आगे बढ़ा सकता है। मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण है।

#### आसियान के साथ साझेदारी मजबूत करेगा क्वाड

### मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत पर बनी सहमति

आसियान की बैठक से इतर भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों ने एक अहम बैठक की। इसके बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि चारों देश इस विश्वास में एकजुट हैं कि हिंद-प्रशांत के समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला है। आसियान के साथ सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।



### रूसी विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बातचीत में भारतीय नाविकों की सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।



### चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की

जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों के धीरे-धीरे सामान्य करने के लिए सीमा पर शांति गहरे द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक मूलभूत शर्त बनी हुई है।



### रूबियो से की मुलाकात

जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात के दौरान की। उन्होंने बताया कि चर्चा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्राथमिकताओं पर केंद्रित रही।



---

### अनंतनाग के लाल चौक में आतंकी हमला

# पुलिस दल पर फायरिंग, गोली लगने से हेड कांस्टेबल शहीद

एजेंसी ▶▶ अनंतनाग

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के व्यस्त लाल चौक (कोकेरनाग रोड) पर ड्यूटी के दौरान घात लगाकर बैठे अज्ञात बंदूकधारियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस कायराना और दुस्साहसिक हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने वीरगति प्राप्त कर ली। दिनदहाड़े हुए इस आतंकी हमले से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और एक बार फिर घाटी में भारी तनाव का माहौल पैदा हो गया है।



आशिक हुसैन कुरैशी

### टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी

घटना के तुरंत बाद लश्कर-ए-ताइबा की प्रॉक्सी शाखा माने जाने वाले प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने अमरनाथ यात्रा की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए इस हमले को अंजाम देने का दावा किया है। भविष्य में भी इस तरह की वारदातों को जारी रखने की धमकी दी है।

### सुरक्षा बल मुस्तैद तलाशी अभियान जारी

हमले के तुरंत बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। सुरक्षा बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और फरार आतंकियों की धरपकड़ के लिए आधुनिक तकनीक और खुफिया तंत्र की मदद ली जा रही है।

### डीजीपी नलिन प्रभात ने उच्चस्तरीय समीक्षा की

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात और स्पेशल डीजीपी एस.जे.एम. गिलानी ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और अनंतनाग के लाल चौक पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की। डीजीपी ने बलिदानी कुरैशी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह घिनौना कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवादियों और उनके मददगारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सुरक्षा बल जमीन पर पूरी मुस्तैदी से काम कर रहे हैं और हमलावरों को जल्द ही कानून के कटघरे में लाया जाएगा। साइबर पुलिस जम्मू-कश्मीर ने अपील की है कि अनंतनाग हमले से जुड़ी कोई भी संवेदनशील तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे चल रही जांच प्रभावित हो सकती है और सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### राजौरी में ऊंचाई से गिरने पर सैनिक की मौत

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास ऊंचाई से दुर्घटनावश गिरने के कारण सेना के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 27 वर्षीय राइफलमैन सुखप्रीत सिंह सुंदरबनी सेक्टर में अग्रिम महादेव चौकी पर ड्यूटी कर रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

---

### कांगो में इबोला बरपा रहा कहर

# अब तक 999 लोगों की मौत, 2473 मामले दर्ज

एजेंसी ▶▶ बुनिया (कांगो)

पूर्वी कांगो में इबोला वायरस के प्रकोप से कम से कम 999 लोगों की मौत हो गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इबोला की नई लहर में रविवार तक 2,473 मामले सामने आए हैं और 999 लोगों की मौत हुई है। जबकि कम से कम 737 मरीज फिलहाल आइसोलेशन केंद्रों और अस्पतालों में भर्ती हैं। कांगो में 15 मई को घोषित प्रकोप पहले के ज्यादातर इबोला प्रकोपों से अलग है, क्योंकि इसके लिए जिम्मेदार वायरस के बुंडिबुग्यो स्वरूप के लिए कोई टीका या इलाज मौजूद नहीं है। वहीं, वेनेजुएला ने मंगलवार को तीन लोगों की मौत हंता वायरस संक्रमण से होने की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी राज्य बारिनास में दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत के मामले में भी हंता वायरस संक्रमण का संदेह है।




### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

# जेनेरिक दवाओं के आयात पर अगस्त 2028 से 200% टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका आयातित जेनेरिक दवाओं पर अगस्त 2028 से भारी शुल्क लगाएगा। इस कदम का उद्देश्य जेनेरिक दवाओं के उत्पादन को अमेरिका में प्रोत्साहित करना है।

इस फैसले का असर भारत पर पड़ सकता है, जो अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है। वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 9.7 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं का निर्यात किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि एक अगस्त, 2026 से अमेरिका में लाई जाने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो वर्ष तक शुल्क शून्य प्रतिशत रहेगा। इसके बाद एक वर्ष के लिए इसे 100 प्रतिशत और उसके बाद 200 प्रतिशत कर दिया जाएगा।



### 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' में जुटी 26 देशों की नौसेना




**कोच्चि।** हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना ने कोच्चि में 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' की शुरुआत की। 20 से 23 जुलाई तक चलने वाला यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कंबाइंड मैरीटाइम फोर्स के तहत भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाला पहला बड़ा बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण अभियान है। समुद्र में बदलते सुरक्षा समीकरणों के बीच भारत ने अपनी समुद्री ताकत को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस अभियान में भारत अकेला नहीं, बल्कि दुनिया के 26 देशों की नौसेनाओं के साथ मिलकर समुद्री सुरक्षा का नया खाका तैयार कर रहा है। इसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के नौसैनिक अधिकारियों को समुद्री कानून, समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने की तकनीक, खुफिया जानकारी साझा करने, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने, समुद्री ठिकानों की सुरक्षा और ड्रोन जैसे नए खतरों से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

---

### समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में बढ़ी भारत की ताकत

# स्वदेशी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' नौसेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी ▶▶ कारवार

भारतीय नौसेना ने कर्नाटक के कारवार आईएनएस कादंबा नौसेना बेस पर माहे श्रेणी के दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' को बेड़े में शामिल किया। इस समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि थे।

पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वत्सयान उपस्थित थे। आईएनएस मालवन का नाम भारतीय नौसेना के पुराने माइंसवीपर आईएनएस मालवन के नाम पर रखा गया है। वह जहाज 19 साल तक सेवा देने के बाद 2003 में रिटायर हुआ था।

मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथला जल युद्धपोत | भारतीय नौसेना ने इस वर्ष 7 युद्धपोतों को कमीशन कर लिया है



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के साथ नौसेना के अधिकारी

#### 80 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण और तकनीक से बना

आईएनएस मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत है। यह 8 पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से दूसरा युद्धपोत है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है। भारतीय नौसेना ने इस वर्ष 7 युद्धपोतों को कमीशन कर लिया है।

#### उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से लैस

यह उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से सुसज्जित है। इसमें आगे की ओर लगा आरबीयू 6000 रॉकेट लॉन्चर, युद्धपोत के बाएं और दाएं दोनों तरफ तीन 324 मिमी हल्के टॉरपीडो ट्यूब लगे हैं, जो उन्नत हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी बारूदी सुरंग बिछाने वाली तकनीक से लैस हैं। इसमें टॉरपीडो डेकोय लॉन्चिंग सिस्टम भी लगे हैं। इसकी सतह युद्ध क्षमता में एक 30 मिमी नौसैनिक तोप और दो 12 दशमलव 7 मिमी की स्थिर रिमोट नियंत्रित तोपें शामिल हैं। माहे श्रेणी के पोत तीन 6 मेगावाट समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित हैं। यह वाटर जेट से जुड़े हैं, जिससे ये पंप जेट प्रणोदन का उपयोग करने वाले भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत बन गए हैं। इनकी अधिकतम गति 25 समुद्री मील है और 14 समुद्री मील की गति पर इनकी परिचालन सीमा 1800 समुद्री मील है। यह युद्धपोत बिना रुके या बिना रीफ्यूलिंग के लगातार 14 दिनों तक पानी में सक्रिय रह सकता है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया स्वागत

# 25500 समुद्री मील की यात्रा पूरी कर लौटा 'महिला' सैन्यकर्मियों का दल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल 11 सितंबर 2025 को मुंबई से रवाना हुआ तीनों सशस्त्र सेनाओं के पहले त्रि-सेवा महिला विश्व परिक्रमा नौकायन दल की भारत वापस हो गई है। कुल 314 दिनों की इस यात्रा में इस दल ने चार महासागरों की लगभग 25 हजार 500 समुद्री मील से अधिक की रोचक और जटिल यात्रा सफलता के साथ पूरी की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महिलाओं के इस दल का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय ने इस अभियान को 'समुद्र प्रदक्षिणा' का नाम दिया था। जिसे भारतीय नौसेना के नौकायन पोत 'आईएएसवी त्रिवेणी' के जरिए पूरा किया गया है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान की सफलता देश की नारी शक्ति का अद्भुत प्रमाण प्रस्तुत करती है। इसके अलावा यह राष्ट्र के दृढ़ संकल्प, सेना-वायुसेना और नौसेना के बीच समन्वय तथा संयुक्तता की प्रभावशीलता का प्रतीक भी है। जिसे हम चुनौतियों पर विजय हासिल कर इतिहास रचने वाले नए भारत के उत्सव के रूप में भी देख सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### एक्सिस का स्मार्ट राइज रिटायरमेंट प्लान लांच

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने नया रिटायरमेंट उत्पाद 'एक्सिस मैक्स लाइफ स्मार्ट रिटायरमेंट इनकम विद सस्टेंड अर्निंग्स प्लान लांच किया है। यह प्लान गारंटीड एन्युटी को निफ्टी 50 इंडेक्स से जुड़े बेंचमार्क-लिंक्ड कंपोनेंट के साथ जोड़ता है, जिससे ग्राहकों को रिटायरमेंट के बाद नियमित आय के साथ बाजार से जुड़े संभावित रिटर्न का लाभ भी मिल सके। वैरिएबल एन्युटी उत्पाद का लांच कंपनी के रिटायरमेंट पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महिंद्रा का मुनाफा 899 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई।** महिंद्रा फाइनेंस ने 30 जून 2026 को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का स्टैंडअलोन प्रॉफिट आफ्टर टैक्स सालाना आधार पर 70 फीसदी बढ़कर 899 करोड़ रहा, जबकि कुल आय 12फीसदी बढ़कर 4,974 करोड़ हो गई। कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 13 फीसदी बढ़कर 1,37,449 करोड़ पहुंच गईं। तिमाही के दौरान रिकॉर्ड 15,564 करोड़ रुपए का वितरण किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 22फीसदी अधिक है।

### डीलिंग डॉट कॉम का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**मुंबई।** ग्लोबल इन्वेस्टिंग प्लेटफॉर्म डीलिंग डॉट कॉम ने एक ही प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग के लिए 24,000 से अधिक टोकनाइज्ड स्टॉक्स उपलब्ध कराकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। कंपनी का दावा है कि इस उपलब्धि के साथ वह कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त टोकनाइज्ड निवेश के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। यह सम्मान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### किक्स लुब्रिकेंट की नई ब्रांड पहचान पेश

**मुंबई।** जीएस कैलटेक्स इंडिया ने अपने प्रमुख लुब्रिकेंट ब्रांड किक्स की नई वैश्विक ब्रांड पहचान भारत में लांच की है। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी ने नया किक्स लोगो और वैश्विक ब्रांड संदेश भविष्य को लुब्रिकेट करना प्रस्तुत किया। कंपनी के अनुसार, यह पहल ब्रांड की 20 वर्षों की वैश्विक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है और नवाचार, उच्च प्रदर्शन तथा भविष्य की मोबिलिटी एवं औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप उन्नत लुब्रिकेशन समाधान विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## रोजगार बचाने मुख्य मार्गों पर मिक्स लैंड यूज लागू करने की मांग

# मास्टर प्लान में देरी का हवाला देकर व्यापारियों ने मांगी राहत, मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

**10 नंबर मार्केट सहित प्रमुख क्षेत्रों के व्यापारियों की गुहार, नोटिस कार्रवाई पर लगाई जाए रोक**

> व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने के नोटिस जारी किए जा रहे

> व्यावसायिक गतिविधियां बंद होने से लोगों सामने रोजगार का संकट होगा

> कई व्यापारियों ने ऋण, मॉर्टगेज लोन सीसी लिमिट से व्यवसाय स्थापित किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दस नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर ऑफ कॉमर्स भोपाल के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम द्वारा जारी व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने संबंधी नोटिस पर कार्रवाई रोकने और मुख्य मार्गों पर मिक्स लैंड यूज लागू करने की मांग की है।

व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि 10 नंबर मार्केट, अरेरा कॉलोनी, 11-12 नंबर मार्केट, 1100 क्वार्टर्स, सहयोग विहार, रोहित नगर और बावड़िया कला के मुख्य मार्गों पर नगर निगम भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा जारी नोटिसों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाए। व्यापारियों का कहना है कि भोपाल का मास्टर प्लान वर्ष 2005 में अंतिम बार प्रकाशित हुआ था, जिसके बाद 21 वर्षों से नया मास्टर प्लान लागू नहीं हो सका है। नए मास्टर प्लान के अभाव में व्यापारियों को पर्याप्त व्यावसायिक भूखंड उपलब्ध नहीं हो पाए, जिसके कारण कई लोग वर्षों से आवासीय भवनों में ही व्यापार संचालित कर रहे हैं।

**व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मिला**



मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत कराते गोविंद गोयल

10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि भोपाल की आबादी और क्षेत्रफल में लगातार वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में कई नई कॉलोनियां विकसित हुई हैं, जहां नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के व्यापारी नियमित रूप से नगर निगम को कमर्शियल टैक्स, मध्यप्रदेश बिजली वितरण कंपनी को व्यावसायिक दरों पर बिजली शुल्क और नगर निगम से प्राप्त व्यावसायिक लाइसेंस का शुल्क जमा कर रहे हैं। इसके बावजूद आवासीय भूखंडों पर संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने के नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडलवाल से मिले



हेमंत खंडेलवाल को ज्ञापन देते व्यापारी

व्यापारियों ने कहा कि यदि इन गतिविधियों पर रोक लगाई जाती है तो हजारों व्यापारियों, कर्मचारियों और उनसे जुड़े लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो सकता है। साथ ही शासन के राजस्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। व्यापारियों का कहना है कि इन क्षेत्रों में लोगों को मेडिकल, अस्पताल, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। व्यावसायिक गतिविधियां बंद होने से आम नागरिकों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूर जाना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि कई व्यापारियों ने बैंक ऋण, मॉर्टगेज लोन और सीसी लिमिट जैसी वित्तीय सुविधाएं लेकर अपना व्यवसाय स्थापित किया है। ऐसे में अचानक कार्रवाई होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। प्रतिनिधिमंडल में 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी के साथ डॉ. कृष्ण कटेवा, सुनील साहू, मुकेश जैन, डॉ. राजीव दलेला, डॉ. निधि सिंह, विवेक अग्रवाल, जितेंद्र उपाध्याय, प्रबुध देव, विकास चतुर्वेदी, अमृत गहलोत, विजय वर्मा, रूपेश भाटिया सहित भोपाल के कई प्रतिष्ठित व्यापारी शामिल रहे।

**कमजोर मानसून और घटती बुवाई से महंगाई की मार, अरहर के दाम 9 हजार के पार जाने की आशंका**

# हनुमानगंज-जुमेराती थोक बाजार में तुअर दाल 80 से 116 रुपए किलो के भाव पहुंची

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमजोर मानसून और अरहर की पिछड़ती बुवाई का असर अब दलहन बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। तुअर (अरहर) और इसकी दाल के दामों में लगातार तेजी बनी हुई है। भोपाल के प्रमुख थोक जिंस बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में तुअर दाल वैरायटी के अनुसार 80 से 116 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है।

व्यापारियों के अनुसार आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए अरहर दाल की मांग बढ़ने की संभावना है, जिससे आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है।

> आने वाले समय में कीमतों पर बढ़ेगा महंगाई का दबाव

> अरहर दाल के भाव में भी 300 से 350 रुपए प्रति क्विंटल बढ़े

**एक महीने में अरहर के भाव 5 फीसदी बढ़े**



साबुत अरहर

स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक कमजोर मानसून और कम बुवाई के कारण पिछले एक महीने में अरहर के दाम करीब 5 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। वहीं अरहर दाल के भाव में भी 300 से 350 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी दर्ज की गई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बारिश की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और आयात महंगा बना रहा तो आने वाले हफ्तों में अरहर के भाव 9 हजार रुपये प्रति क्विंटल के पार जा सकते हैं।

### चना और उड़द दाल में भी तेजी

दाल-चावल व्यापारी महेश रामरख्यानी के अनुसार कमजोर मानसून और घटती बुवाई का असर दलहन बाजार की सभी प्रमुख दालों पर पड़ रहा है।



उन्होंने बताया कि चना दाल में करीब 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई है। उड़द दाल में करीब 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्थानीय बाजार में घरेलू तुअर दाल 10,400 से 11,600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रही है, जबकि ढाबों और होटलों में इस्तेमाल होने वाली तुअर दाल करीब 8,000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर है। वहीं चना दाल 7,300 से 7,500 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल 11,500 से 12,500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बोली जा रही है।

### अरहर का रकबा 18 फीसदी घटा

बाजार जानकारों के अनुसार देश में इस बार अरहर की खेती का रकबा करीब 18 फीसदी घटकर 24.80 लाख हेक्टेयर रह गया है। कम बुवाई के कारण आने वाले महीनों में अरहर की आपूर्ति पर दबाव बना रह सकता है, जिससे कीमतों को मजबूती मिल सकती है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे आयात ने भी घरेलू बाजार को प्रभावित किया है।

### मानसून और आयात तय करेंगे कीमतों की दिशा

फिलहाल अरहर के भाव सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव कर सकते हैं, लेकिन घरेलू आपूर्ति में सुधार आने तक बड़ी गिरावट की संभावना कम है।आने वाले दिनों में मानसून की स्थिति, बुवाई की रफ्तार और आयात लागत ही अरहर की कीमतों की दिशा तय करेंगी। यदि बारिश सामान्य नहीं हुई और आयात महंगा रहा तो दलहन बाजार में तेजी का दौर आगे भी जारी रह सकता है।

**इकाइयों के लिए 25 % तक सहायता का प्रावधान होगा**

## चिप पैकेजिंग का ग्लोबल हब बनेगा भारत, सरकार ने तैयार की नई रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में चीन के विकल्प के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत देश को चिप पैकेजिंग और टेस्टिंग का वैश्विक केंद्र बनाने पर जोर दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य वैश्विक कंपनियों को भारत में चिप निर्माण और पैकेजिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए आकर्षित करना है।

नई योजना के तहत अत्याधुनिक चिप पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना पर कंपनियों को पूंजीगत व्यय का 35 प्रतिशत तक वित्तीय सहयोग दिया जाएगा, जबकि पारंपरिक पैकेजिंग इकाइयों के लिए 25 प्रतिशत तक सहायता का प्रावधान होगा। सरकार का मानना है कि चिप निर्माण के साथ-साथ उनकी असेंबली, टेस्टिंग और पैकेजिंग भी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में निवेश में रुचि

सरकारी रणनीति के तहत इंटेल, लॉकहीड मार्टिन और एप्लाइड मैटेरियल्स जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में निवेश में रुचि दिखाई है। नई इकाइयों के स्थापित होने से इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। साथ ही ऑटोमोबाइल, स्मार्टफोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रक्षा उपकरणों में उपयोग होने वाली चिप्स के लिए आयात पर निर्भरता भी घटेगी। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग और पैकेजिंग) तथा ओएसएटी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) इकाइयों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सेमिकॉन 2.0 कार्यक्रम के तहत कम्प्यूटिंग, मेमोरी, पावर, नेटवर्किंग और सेंसर जैसे प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई है। देश की पहली सेमीकंडक्टर फैब यूनिट के वर्ष 2028 तक शुरू होने की संभावना है।

## कोटक महिंद्रा की रिपोर्ट : भारत का लाइव इवेंट्स बाजार 13,000 करोड़ पहुंचा

**सीमित टिकटों की मांग भी तेजी से बढ़ी**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कोटक महिंद्रा बैंक के अनुसार, आज के संपन्न ग्राहक केवल प्रीमियम सुविधाओं तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वे ऐसे खास अनुभवों को अधिक महत्व दे रहे हैं जिन्हें हर कोई आसानी से हासिल नहीं कर सकता। कॉन्सर्ट, खास डाइनिंग अनुभव और सांस्कृतिक आयोजनों की मांग उपलब्ध सीटों और अवसरों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। एक समय प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की पहचान एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, गोल्फ क्लब सदस्यता, कंसीयर्ज सेवाओं और रिवॉर्ड पॉइंट्स जैसी सुविधाओं से होती थी। लेकिन अब ग्राहकों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक में हेड, अफ्लुएंट एंड सैलरिड प्रपोजिशन ज्योति समाजपति ने कहा कि रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत का लाइव इवेंट्स बाजार करीब 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। वैश्विक कलाकारों और प्रीमियम आयोजनों की बढ़ती संख्या के साथ सीमित टिकटों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक ने करीब तीन वर्ष पहले ही अंतरराष्ट्रीय कलाकारों और प्रीमियम लाइव आयोजनों के साथ साझेदारी शुरू कर दी थी। बैंक के अनुसार, इन अनुभवों की खासियत यह है कि इन्हें बाद के लिए टाला नहीं जा सकता।

**लाभ अब सभी करदाताओं और संपत्तियों पर उपलब्ध नहीं**

## सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए नया कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स 384 किया नोटिफाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए नया कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (सीआईआई) जारी कर दिया है। सरकार ने इसे बढ़ाकर 384 निर्धारित किया है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह 376 था। नया इंडेक्स 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स का उपयोग लंबे समय बाद बेची जाने वाली संपत्तियों की खरीद लागत को महंगाई के अनुसार समायोजित करने के लिए किया जाता है। इससे कागजों पर पूंजीगत लाभ कम हो जाता है और करदाता को कम टैक्स देना पड़ सकता है। हालांकि फाइनेंस एक्ट 2024 में किए गए बदलावों के बाद इंडेक्सेशन का लाभ अब सभी करदाताओं और सभी प्रकार की संपत्तियों पर उपलब्ध नहीं रहेगा।

वरिष्ठ करसलाहकार राजेश जैन के अनुसार, नए सीआईआई का लाभ मुख्य रूप से उन भारतीय निवासियों और हिंदू अविभाजित परिवारो को मिलेगा, जिन्होंने 23 जुलाई 2024 से पहले जमीन या मकान खरीदा था और अब उसे बेच रहे हैं। उनके अनुसार करदाताओं के पास दो विकल्प होंगे-बिना इंडेक्सेशन के 12.5 प्रतिशत की दर से टैक्स देना।

### इन निवेशों पर नहीं मिलेगा लाभ

कर विशेषज्ञों के मुताबिक फाइनेंस एक्ट 2024 के बाद अब सोना, डेट म्यूचुअल फंड और अनलिस्टेड शेयरों की बिक्री पर इंडेक्सेशन का लाभ समाप्त कर दिया गया है। इन परिसंपत्तियों से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर बिना इंडेक्सेशन के सीधे 12.5 प्रतिशत टैक्स लागू होगा। इसके अलावा, एनआरआई और कॉर्पोरेट करदाताओं को भी पुरानी अचल संपत्ति की बिक्री पर इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा।

## बिजनेस न्यूज

### आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. विजय अग्रवाल को विज्ञान सम्मान



**भोपाल।** विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. विजय अग्रवाल को विज्ञान सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विज्ञान परिषद प्रयाग की जोधपुर इकाई की ओर से प्रो. डीडी ओझा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के महानिदेशक प्रो. अनिल कोठारी को भी सम्मानित किया गया। आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर, कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर, डॉ. बी.एन. सिंह, रजिस्ट्रार सुनील पाटिल तथा रत्नेश जैन सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने प्रो. अग्रवाल को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 135 शहरों तक पहुंचा सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो डिजाइन थिंकिंग अभियान

**नई दिल्ली।** सेमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' के पांचवें संस्करण के तहत देश के 135 शहरों में 184 डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित कर हजारों युवाओं को नवाचार और तकनीक आधारित समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया है। इन कार्यशालाओं में जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तथा गुजरात से लेकर त्रिपुरा तक के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिज़ाइन थिंकिंग' की अवधारणा से परिचित कराया गया, ताकि वे अपने समुदायों की वास्तविक समस्याओं को समझकर तकनीक आधारित प्रभावी समाधान विकसित कर सकें। सेमसंग के अनुसार यह पहल 14 से 22 वर्ष के युवाओं के लिए देश का सबसे बड़ा ग्रासरूट इनोवेशन प्लेटफॉर्म बन चुकी है।

### गोदरेज एग्रोवेट ने किया 300 करोड़ रुपए का निवेश

**मुंबई।** भारत के प्रमुख फार्म-टू-प्रोटीन प्लेटफॉर्म्स में से एक गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने तेलंगाना के खम्मम में भारत के पहले इंटीग्रेटेड ऑयल पाम कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया है। कंपनी ने इस परियोजना में कुल 300 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है। यह कॉम्प्लेक्स ऑयल पाम की पूरी वैल्यू चेन को एक ही स्थान पर विकसित करने वाला देश का पहला ऐसा केंद्र है। इस कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन तेलंगाना सरकार के उप मुख्यमंत्री और वित्त एवं योजना, ऊर्जा मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने किया। कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार के राजस्व एवं आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री पोंगुल्टी श्रीनिवास रेड्डी, कृषि, विपणन, सहकारिता एवं हथकरघा और कपड़ा मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, आईटीई एवं सी, उद्योग एवं वाणिज्य तथा विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू और खम्मम के सांसद रामसहायम रघुराम रेड्डी भी उपस्थित रहे।

### स्माइल ट्रेन ने रचा इतिहास, 8 लाख से अधिक मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी पूरी

**भोपाल।** क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालू) उपचार के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख गैर-लाभकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने भारत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्था ने वर्ष 2000 से अब तक देशभर में 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी कराने में मदद की है। मध्य प्रदेश में भी स्माइल ट्रेन इंडिया के 8 सक्रिय साझेदार अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से अब तक 41,500 से अधिक बच्चों को मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी का लाभ मिल चुका है। हर साल 20 जुलाई को दुनिया भर में विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस मनाया जाता है। स्माइल ट्रेन एशिया क्षेत्र की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल डायरेक्टर ममता कैरोल ने कहा कि क्लेफ्ट उपचार को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में संस्था ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन जागरूकता की कमी अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### सेंसेक्स 500 अंक से अधिक लुढ़का, निफ्टी

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार गिरावट जारी रही। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में खुले। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें 92 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। इस वैश्विक घटनाक्रम का असर घरेलू बाजार पर साफ दिखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 362.47 अंक गिरकर 77,107.64 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 90.96 अंक की गिरावट के साथ 24,096.75 पर आ गया। इंडिगो और सन फार्मा के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।

**बीआईएस ने सागर में आयोजित की एमएसएमई मीट**

## भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यशाला: उद्योग संगठनों और हितधारकों को मिले गुणवत्ता और प्रमाणन के गुर

> आवश्यक दस्तावेजों और चरणबद्ध आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस ), भोपाल शाखा कार्यालय ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र , सागर के सहयोग से कलेक्ट्रेट के कॉन्फ्रेंस हॉल में एमएसएमई मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में फर्नीचर, केमिकल, उर्वरक, प्लास्टिक और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़े करीब 100 एमएसएमई प्रतिनिधियों, उद्यमियों, निर्माताओं, उद्योग संगठनों और हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को भारतीय मानकों, गुणवत्ता प्रमाणन और बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने के लाभों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर उद्योग प्रतिनिधियों को बताया गया कि मानकीकरण से उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होती है, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ता है और बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत होती है।

तकनीकी सत्र में बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय के वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक मोहम्मद तौसीफ ने बीआईएस की गतिविधियों और पहलों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बीआईएस उत्पाद प्रमाणन योजना, लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी दी।



एमएसएमई मीट

**मानकीकरण और गुणवत्ता पर हुआ मंथन**

उन्होंने एमएसएमई इकाइयों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और रियायतों के बारे में भी बताया। इनमें मार्किंग फीस में छूट, सरल प्रमाणन प्रक्रिया और बीआईएस द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली मार्गदर्शन एवं सहयोग सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने उद्योगों से भारतीय मानकों को अपनाकर उत्पाद गुणवत्ता बढ़ाने और बाजार के अवसरों का विस्तार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई प्रतिनिधियों ने बीआईएस अधिकारियों से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश , प्रमाणन प्रक्रिया की समयसीमा, परीक्षण आवश्यकताओं, भारतीय मानकों के क्रियान्वयन और अनुपालन से जुड़े सवाल पूछे। तौसीफ ने सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए उद्योगों को गुणवत्ता आधारित उत्पादन के लिए प्रेरित किया।

### बीआईएस ने एमएसएमई इकाइयों को किया जागरुक

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मोहम्मद तौसीफ ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सागर की महाप्रबंधक श्रीमती मंदाकिनी केवलीया को कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग और समर्थन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया। बीआईएस ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में गुणवत्ता संस्कृति को बढ़ावा देना, भारतीय मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और बीआईएस प्रमाणन तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। इससे उद्योगों की सतत वृद्धि के साथ उपभोक्ता हितों की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।







हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अक्सर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

## हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट






### कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

### लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

### नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

### हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

### टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका



उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'

### सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

सीजनल केयर

निकिता चौहान

## आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज

अंशु सिंह

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए



**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।

**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *





# कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

**मुंबई।** एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

लाइफ Style

# काजल

## रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'



हॉलीवुड मसाला



## दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।



## भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है।



## अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया, 'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।



## द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है।

टीवी मसाला



## सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं।

### अलिफ लैला का 'जिन्न' रेसलिंग करते हुए बना एक्टर

**नई दिल्ली।** साल 1993 में रामानंद सागर के एक और शो ने छोटे पर्दे पर खूब धूम मचाई थी। शो का नाम था 'अलिफ लैला'। इस शो में 'जिन्न' के किरदार को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। 'अरेबियन नाइट्स' की प्रसिद्ध कहानियों पर आधारित 'अलिफ लैला' में सीमा कंवल, शाहनवाज प्रधान, पिंकी पारिख, गिरजा शंकर और दामिनी कंवल शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। रामानंद सागर के निर्देशन में बने 'अलिफ लैला' के वैसे तो सभी किरदारों को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन जिसे सबसे ज्यादा याद रखा गया, वह था 'जिन्न'। इस आइकॉनिक किरदार को पहलवान से अभिनेता बने दयाल सिंह कश्यप ने निभाया था। दयाल सिंह कश्यप मूल रूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वे एक पेशेवर रेसलर थे। जिस दौरान वे रेसलिंग कर रहे थे, उसी समय किसी ने उन्हें बताया कि रामानंद सागर अपने नए शो 'अलिफ लैला' के लिए ऑडिशन ले रहे हैं। यह सुनते ही दयाल तुरंत ऑडिशन देने पहुंच गए। वहां निर्देशक रामानंद सागर ने उनकी आवाज और भारी-भरकम बॉडी देखते ही उनको सिलेक्ट कर लिया।



## किस्मत वाली हूं, आज तक मेरे साथ गलत बर्ताव नहीं हुआ : सुनिधि

**मुंबई।** सुनिधि चौहान बॉलीवुड की सबसे चर्चित गायिकाओं में से एक हैं। गायिकी के अलावा वह कई सिंगिंग रियलिटी शोज को भी जज कर चुकी हैं। उनके फैंस जानना चाहते हैं कि उन्होंने शोज को जज करना क्यों छोड़ दिया है? इस पर गायिका ने बात की है। सुनिधि चौहान ने शेखर टुनाइट शो में रियलिटी शोज को छोड़ने को लेकर कहा 'मैं बहुत लंबे समय तक इसका हिस्सा रही। लेकिन, फिर मैंने इसे छोड़ दिया, क्योंकि मुझे लगा कि यह मेरी जगह नहीं है।' उन्होंने कहा यह बहुत दुखद बात है। पहले, ऑटो-ट्यून या मेलोडाइन का इस्तेमाल गानों में किसी खास इफेक्ट के लिए किया जाता था। लेकिन, आप ऐसा रियलिटी शो में नहीं कर सकते, जहां आपको पूरी तरह से असली और ईमानदार होना चाहिए। मुझे लग गया कि यह कहीं और जा रहा है, जिसका हिस्सा मैं नहीं बन सकती।' बातचीत इस ओर भी बढ़ी कि लाइव परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर्स को कभी-कभी किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शेखर ने केके और सोनू निगम जैसे आर्टिस्ट्स से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया और सुनिधि से पूछा कि क्या उन्हें कभी स्टेज पर अपमानजनक या असहज व्यवहार का सामना करना पड़ा है। इस पर सुनिधि ने कहा 'मैं बहुत किस्मत वाली हूं क्योंकि आज तक मेरे साथ ऐसा बर्ताव नहीं हुआ है। लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है।.. सिर्फ प्यार ही नहीं, बल्कि सम्मान भी दिया है।'



## ओह माय डॉग में दिखेगा इंसान और डॉग का अनोखा रिश्ता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर उन्होंने बताया कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसान और डॉग के बीच के प्यार और भरोसे की कहानी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जब डायरेक्टर अमित राय उनके पास इस फिल्म की कहानी लेकर आए तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी।

***कहानी सुनते ही फिल्म के लिए कर दी हां :*** एक्टर ने कहा, 'मैंने इससे पहले अमित राय के साथ फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में काम किया था। जब अमित ने 'ओह माय डॉग' की कहानी सुनाई तो मुझे ये बेहद खास लगी। मैंने अमित से कहा कि मैं फिल्म करूंगा, चाहे मेरा किरदार कुछ भी हो. इंसान और डॉगी के बीच का रिश्ता बहुत अनोखा होता है। एक पालतू जानवर अपने मालिक से बिना किसी शर्त के प्यार करता है। वे सिर्फ साथ नहीं देता, बल्कि परिवार का हिस्सा बन जाता है। ये इसी खूबसूरत भावना को दिखाने वाली फिल्म है।'



### डॉग का प्यार होता है बिना किसी शर्त के

डायरेक्टर अमित राय ने भी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की कहानी को लेकर अपनी सोच शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरा उद्देश्य ऐसी कहानी बनाना था, जिससे हर परिवार जुड़ सके. बच्चे और डॉग्स के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे साफ और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। इस फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को हंसाना भी चाहता हूं और इमोशनल भी करना चाहता हूं. मुझे उम्मीद है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के मन में जानवरों के प्रति ज्यादा प्यार और संवेदनशीलता पैदा होगी।'

### एक बच्चे और डॉग की खास दोस्ती की कहानी

ओह माय डॉग' की कहानी एक छोटे बच्चे और एक डॉग के बीच बनने वाली खास दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता जिंदगी को बदल सकता है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी के अलावा माही राय, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा और विजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आएंगे. फिल्म में ऑस्कर और ब्रूनो नाम के डॉग्स भी अहम किरदार निभा रहे हैं। खास बात ये है कि फिल्म में 250 से ज्यादा डॉग्स को शामिल किया गया है। फिल्म का निर्माण अमित राय, राजेश भारद्वाज और सना वारसी ने किया है। इसे बाबूलाल बाइस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## आज भी कास्ट माना जाता है 68 साल पुराना यह गाना

# लता का वो देहाती गाना, जो वैजयंती माला के लिए बना था वरदान

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय गायिका रहीं लता मंगेशकर को भला कौन नहीं जानता। अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को दिलों को सुकून पहुंचाने वाली लता दीदी के गाने आज भी अमर है। इस आधार पर आज हम आपको उनके एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें देहाती भाषा का इस्तेमाल किया गया था। 68 साल पुराना वह गाना वेटरन एक्ट्रेस वैजयंती माला के लिए वरदान बना था और आज भी उसे कल्ट माना जाता है।*



### मधुमती का गाना

40 के दशक के बाद ही लता मंगेशकर ने गायिकी की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे वह सिनेमा जगत की सबसे चर्चित गायिका बन गईं। पुराने जमाने की लगभग हर दूसरी मूवी के गानों में फीमेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर लता दी की आवाज सुनने को मिल जाती थी। ऐसा ही नजारा कुछ साल 1958 में आई अभिनेता दिलीप कुमार और वैजयंती माला स्टारर फिल्म मधुमती में देखने को मिला था। ये फिल्म अपने समय की लोकप्रिय मूवीज में से एक रही और इसको सबसे अधिक लोकप्रियता लता मंगेशकर की आवाज में मौजूद देहाती किस्म के गाने चढ़ गयो पापी बिछुआ... द्वारा मिली थी।

### बदल दी थी वैजयंती माला की किस्मत

फिल्म मधुमती और उसका चढ़ गयो पापी बिछुआ गाना सही मायनों में अभिनेत्री वैजयंती माला के लिए काफी लकी रहा। कहा जाता है कि इस गाने में अपने डांस के दम पर उन्होंने हर किसी को प्रभावित किया। इसके साथ ही इस मूवी और गीत ने इंडस्ट्री में उन्हें एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस के तौर पर स्थापित किया।

### पारंपरिक संगीत की धुनों का किया गया प्रयोग

इस सॉन्ग का मूल स्वभाव और संगीत पूरी तरह से ग्रामीण पृष्ठभूमि से नाता रखता है। साथ ही इसमें पारंपरिक संगीत की धुनों का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं असमिया लोक संगीत तालमेल इसमें साफ नजर आता है। इस तरह से लता मंगेशकर का देहाती गाना चढ़ गयो पापी बिछुआ... काफी चर्चा में रहा। आज भी रिलीज के 68 साल बाद भी इसे संगीत की दुनिया में काफी चर्चित माना जाता है। इस गीत के संगीतकार सलिल चौधरी थे और मशहूर गीतकार शैलेंद्र ने आम बोलचाल की भाषा को मद्देनजर रखते हुए इसके लिरिक्स को लिखा था।

# टॉप-5 की जंग में भारत, मुक्केबाजी-एथलेटिक्स से पदकों की आस

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

*भारत के लिए पिछले दो दशक से राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है लेकिन मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। पिछले तीन दशक में यह सबसे छोटे राष्ट्रमंडल खेल हैं, जिनमें लागत में कटौती के कारण चार स्थानों पर सिर्फ दस खेलों की स्पर्धाएं होंगी और 74 देशों के करीब 3 हजार खिलाड़ी जोर आजमाइश करेंगे। ओवो हाइड्रो पर गुरुवार को उद्घाटन समारोह के जरिए इन खेलों की औपचारिक शुरुआत होगी। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धाएं भी साथ में होंगी।*

### 2002 के बाद भारत रहा शीर्ष पांच में

भारत मैनचेस्टर में 2002 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है। इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आए थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है।

**आज से कॉमनवेल्थ गेम्स, 74 देशों के 3 हजार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**



### भारोत्तोलन में नजरें मीराबाई चानू पर

भारोत्तोलन में नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारोत्तोलन में भारत के 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे क्योंकि राष्ट्रीय शिविर में कई खिलाड़ी डोप टेस्ट में नाकाम हुए हैं, जिससे भारत की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक जीतना चाहेंगी। वहीं 57 किलो में विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया बर्मिंघम में जीते कांसे को स्वर्ण में बदलने को उत्सुक होंगी।

### एथलेटिक्स में भारत के 32 खिलाड़ी करेंगे जोरआजमाइश

भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा। इसकी अगुवाई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे। वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पुरुषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं, जिन्होंने पिछले महीने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है।

### एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं : कुजूर



अनिमेष कुजूर को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि भारत के सबसे तेज धावक का तमगा अब गुरिंदरवीर सिंह के पास चला गया है, बल्कि 200 मीटर दौड़ का यह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी चाहता है कि आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन ही सब कुछ बयां करे। इस साल की शुरुआत में ओडिशा में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद कुजूर से अक्सर यह पूछा जाता रहा है कि क्या वह यह खिताब वापस हासिल करेंगे। जब कुजूर से भारत के सबसे तेज धावक का तमगा वापस पाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'बस एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, बस एशियाई खेलों तक इंतजार कीजिए। फिर हम दोबारा बात करेंगे। '

## खबर संक्षेप

### यॉर्कशर के लिए खेलेंगे कुलदीप यादव



**लीड्स।** भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए मौजूदा सत्र में 8 मैच खेलने का करार किया। यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्पिनर कुलदीप यादव के साथ विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### अपने गांव में मुक्केबाजी अकादमी खोलेंगे विजेंदर



**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज मुक्केबाज विजेंदर सिंह अब हरियाणा में अपने पैतृक गांव में एक ट्रेनिंग अकादमी बनाकर कोचिंग की दुनिया में कदम रखना चाहते हैं और उन्होंने इस परियोजना के लिए खेल मंत्रालय से मदद मांगी है ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले पूर्व मुक्केबाज ने कहा कि उनका प्रस्ताव मंत्रालय के पास है मंत्रालय 'राष्ट्रीय खेल विकास कोष' के जरिए मदद देने का फैसला करने से पहले प्रस्ताव की बारीकी से जांच कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हां, मैं अपनी मुक्केबाजी अकादमी खोलने की योजना बना रहा हूं।

### वनडे कप्तानी हटे शाहिदी खेलेंगे आयरलैंड सीरीज



**काबुल।** अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने अफगानिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है लेकिन वह बतौर खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। 31 वर्ष के शाहिदी 2022 की शुरुआत में वनडे टीम के कप्तान बने थे और 2023 वनडे विश्व कप तथा 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के कप्तान रहे। वह अफगानिस्तान की टेस्ट टीम के भी कप्तान हैं। आज मैं पूरे सम्मान और सहमति से निजी कारणों की वजह से अपनी टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे रहा हूं।

**अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का सुनहरा मौका**

3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे से

# दबाव में 'कप्तान' अय्यर, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली जीत की तलाश

एजेंसी ▶▶| हरारे

श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में गुरुवार को उतरेगी।

कप्तान के रूप में पहले सात टी20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है, जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं।

### एक बार फिर नजरें सूर्यवंशी पर

भारत ने इस दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है, जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है। ऐसा नहीं है कि गंभीर जीतना नहीं चाहेंगे लेकिन अंतिम एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी आदत गंभीर की तुलना में कम है। एक बार फिर नजरें 'वंडर ब्वॉय' सूर्यवंशी पर होंगी, जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है।

### गेंदबाजों का चुनाव भारत की चुनौती

भारत के सामने असली चुनौती हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से एक को चुनने की है। तीनों में से कोई भी शुद्ध हरफनमौला नहीं है। ऐसे में तीनों को भी उतारा जा सकता है। शिवम को सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने बतौर बल्लेबाज परेशानी आई है। लेकिन उन्हें दो टी20 विश्व कप जीतने का अनुभव है। वहीं शेडगे की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरुप नहीं है तो हर्ष अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं।



*मैच का समय : शाम 4.30 बजे*

### टीमें इस प्रकार

*भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान ), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह।*

*जिम्बाब्वे : सिकंदर यादव (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका शिवांगा, बेन कुरेन, ब्राड इवांस, वेसले माधेवेरे, टी. मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स , रिचर्ड एनगारवा, न्यूमैन एन, मिल्टन शुम्बा, टी. सिगा।*

### उतार-चढ़ाव के बाद भी मेरा आत्मविश्वास बरकरार: वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले उनका आत्मविश्वास पूरी तरह कायम है। 15 वर्षीय सूर्यवंशी को भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 दौरे में शामिल किया गया। सूर्यवंशी ने कहा, 'हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। लेकिन मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखना है और टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देना है। ' उन्होंने स्वीकार किया कि कम उम्र में ऐसी निराशाओं से उबरना आसान नहीं होता, लेकिन उन्हें अपने आसपास के लोगों और कोचिंग स्टाफ से पूरा सहयोग मिला, जिससे वह दोबारा अपना ध्यान खेल पर केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है कि मुझे जिस भी तरह की मदद या मार्गदर्शन चाहिए, कोच मुझे उपलब्ध करा रहे हैं। जितना अभ्यास मुझे चाहिए, वह भी मिल रहा है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास से भरा हूं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# टॉप-5 में भारत के 3 बल्लेबाज गिल नंबर-1 के बेहद नजदीक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद जारी नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल हैं।

गिल दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के बेहद करीब हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की 1-2 की हार के दौरान तीन मैच में 188 रन बनाए और वह शीर्ष पर चल रहे मिचेल (802 अंक) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। कोहली (767) और रोहित (758) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### आठवें पायदान पर रूट

इंग्लैंड के जो रूट चार स्थान की छलांग के साथ आठवें पायदान पर हैं। टीम के उनके साथी बेन डकेट भी 11 स्थान की लंबी छलांग के साथ संयुक्त 19वें पायदान पर हैं। जैकब बेथेल भी पांच स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर एकदिवसीय रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर हैं।

### कुलदीप टॉप टेन से बाहर

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के अबरार अहमद के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

DUKE COLLEGE OF MANAGEMENT
(Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to Barakatullah University, Bhopal)
www.dcmbpl.com | dcmbhopal20@gmail.com | 9131685755, 9893666820
Duke College of Management invites applications from eligible candidates for Faculty Recruitment for Management (MBA) course under Barakatullah University's Statute 28 (College Code - 28) for the following positions:
Professor-1 | Associate Professor-1 | Assistant Professor-5
Qualification, Experience, and Salary as per norms. The number of vacancies is subject to change. The College reserves the right to make necessary modifications without prior notice. Interested candidates may apply with their CV, testimonials and a colour passport-size photograph addressed to: The Director, Duke College of Management, Sankhedi, Salaiya via Danish Kunj, Kolar Road, Bhopal (M.P.) - 462042 within 7 days by Email only.
Director

## सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप

**तनिष्का और प्राची ने एलिमिनेशन ड्रॉ में बनाई जगह**

# विश्व मंच पर तनिष्का व प्राची ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| हांगकांग





भारतीय तलवारबाज तनिष्का खत्री और प्राची लोहान इतिहास रचते हुए सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप में 64 खिलाड़ियों के मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला एपी खिलाड़ी बनीं।

9 दिवसीय चैंपियशिप के पहले दिन प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्का और प्राची ने राउंड रोबिन पूल और शुरुआती एलिमिनेशन दौर की बाधा को पार करते हुए मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ मे जगह बनाई, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए अहम उपलब्धि है। ये दोनों अब 25 जुलाई को 64 खिलाड़ियों के एलिमिनेशन ड्रॉ में चुनौती पेश करेंगी, जहां उनका लक्ष्य शीर्ष 32 खिलाड़ियों में जगह बनाना होगा। पुरुष व्यक्तिगत फॉयल स्पर्धा में सचिन 107वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहे। आदित्य ने 137वां, सेनासम हेमाश सिंह ने 143वां और तेजस मनोज पाटिल ने 149वां स्थान हासिल किया। कोई भारतीय तलवारबाज मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।



### आखिरी वनडे जीता वेस्टइंडीज, सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

**ब्रिजटाउन।** शिमरोन हेटमायेर के नाबाद 69 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांचवें और आखिरी वनडे में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। यूजीलैंड ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीत ली है। पहले मैच में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच 5 विकेट से और तीसरा 6 विकेट से जीता। चौथा मैच भी न्यूजीलैंड ने जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 268 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की।







## युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप: भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया

# युवा हॉकी टीम की ओमान और पाक पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा।

केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया, जिसमें कप्तान ने चार गोल किए और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरुख अली ने दो-दो , प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक-एक गोल दागा।



### भारत ने पाकिस्तान को 7-4 से हराया

*पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7-4 से जीत दर्ज की, जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किए। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किए। पाकिस्तान के लिए असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किए।*

### गर्ल्स टीम ने उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया



भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिए चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किए जबकि भारत के लिए नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो-दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930